हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
आरा, औरंगाबाद एवं रांची से प्रकाशित हिंदी दैनिक
आरा ● वर्ष -08 ● अंक - 294 ● सोमवार 08 अप्रैल 2024 ● रजि नं. - BIHHIN/2017/72765 ● पृष्ठ - 12 ● मूल्य : 2 रुपये

# इंडी गठबंधन मतलब भ्रष्टाचारियों का ठिकाना : नरेन्द्र मोदी

गरीब दर्शन। पटना/नवादा

लोकसभा चुनाव के माहौल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को बिहार के नवादा पहुंचे। यहां जनता को संबोधित करते प्रधानमंत्री मोदी ने इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन मतलब भ्रष्टाचारियों का ठिकाना। इंडी गठबंधन यानी देशविरोधी नफरती ताकतों का ठिकाना। इंडी गठबंधन के पास न कोई विजन है, न विश्वविसनीयता। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को नवादा के कुंती नगर में भाजपा उम्मीदवार विवेक ठाकुर के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बिहार में इंडी गठबंधन एक उम्मीदवार खड़ा करता है, तो दूसरा नेता कहता है कि वो असली नेता है। यहां तो घमासान मचा है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के लोग दक्षिण भारत अलग करने की बात कहते हैं। कांग्रेस के घोषणा पत्र में मुस्लिम लीग के विचार हैं। ये घोषणा पत्र नहीं तुष्टिकरण का पत्र है। भ्रष्टाचारियों को छुड़ाने के लिए इंडी गठबंधन बना है। हम कहते हैं भ्रष्टाचार हटाओ, वो कहते हैं भ्रष्टाचारियों को बचाओ। कांग्रेस-राजद एक भी वोट पाने के हकदार नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि



राम मंदिर सरकारी तिजोरी से नहीं बना, बल्कि लोगों के चंदे से बना है। किसी ने 5, किसी ने 10 रुपये दिए। विपक्ष ने कहा कि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में नहीं जाएंगे। क्या ये शोभा देता है। और जब उनकी पार्टी के कुछ लोग राम मंदिर आ गए, तो पार्टी से 6 साल के लिए निकाल दिया। ये पाप करने वालों को भूलना मत। मोदी ने कहा कि बिहार के लोगों को लंबे समय तक जंगलराज में जीवन गुजारना पड़ा। बिहार में एक वह भी समय था कि हर मां अपनी बेटियों के घर से बाहर निकलने पर डरती थीं। लोग शाम के बाद घर से बाहर नहीं निकलते थे। नीतीश कुमार और सुशील मोदी के प्रयासों से बिहार उन परिस्थितियों से बाहर निकला है। अब हर बहन के पास मोदी की गारंटी भी है। अब मोदी की गारंटी है कि गांव की तीन करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाएंगे। उन्होंने कहा कि मोदी देश से गरीबी खत्म करने के मिशन में जुटा है। मैं भी आपकी तरह ही गरीबी को जी कर यहां आया हूं। मैं कभी भूल नहीं सकता कि 2014 के पहले देश की क्या स्थिति थी, करोड़ों देशवासियों के पास न घर था, न शौचालय था और न पीने के लिए स्वच्छ पानी। अस्पताल में इलाज के लिए गरीबों को दर-दर भटकना पड़ता था। गरीबी का बेटा मोदी गरीब का सेवक है। मैं जब तक गरीबी दूर नहीं कर लूंगा तब तक चैन से नहीं बैठूंगा। बीते दस वर्षों में जो काम हुआ वह आजादी के छह दशकों में भी नहीं हुआ था। जब नीयत सही होती है और हौसले बुलंद होते हैं तो नतीजे भी मिलते ही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि साथियों मैंने लाल किले से कहा था कि यही समय है और सही समय है। हमलोग मिलकर काम करें तो भारत विकसित हो सकता है। अपनी गरीबी दूर कर सकता है। हमें इस मौके को गंवाना नहीं है। इसलिए 2024 का लोकसभा चुनाव काफी अहम हो गया है। बीते 10 साल में बिहार के लोगों ने देशहित में लिए गए अनेक बड़े निर्णय देखे हैं। आज बिहार में आधुनिक एक्सप्रेस वे बन रहे हैं। रेलवे का आधुनिकीकरण हो रहा है। वंदे भारत जैसी ट्रेनें बढ़ रही हैं। आज पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। यह सब आपके वोट के कारण हो रहा है। मोदी ने कहा कि मैं नवादा के लोगों को नमन करता हूं। मैं सभी महान विभूतियों को नमन करता हूं। नवादा ने हमेशा भाजपा को, एनडीए को अपना भरपूर प्यार और आशीर्वाद दिया है। मैं देख रहा हूं कि आपका प्यार बता रहा है कि नवादा के साथ-साथ पूरे बिहार में एनडीए का परचम लहराने जा रहा है। पिछले 10 साल में जो काम हुए हैं, आज उसकी झलक दिख रही है। आज पूरा देश कह रहा है कि फिर एक बार एनडीए सरकार।

## मोदी 140 करोड़ देशवासियों के काम करने के लिए है, मौज करने के लिए नहीं : प्रधानमंत्री मोदी

**पटना/नवादा**। लोकसभा चुनाव के माहौल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को बिहार के नवादा पहुंचे। यहां जनता को संबोधित करते प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मोदी मौज करने के लिए नहीं पैदा हुआ है। मोदी मेहनत करने के लिए ही जन्मा है, और वह भी 140 करोड़ देश वासियों के लिए। अब तक बहुत हुआ और बहुत किया है। देश और बिहार को नई ऊंचाई पर ले जाना है। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को नवादा के कुंती नगर में भाजपा उम्मीदवार विवेक ठाकुर के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान मोदी ने आईएनडीआईए गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बिहार में आईएनडीआईए गठबंधन एक उम्मीदवार खड़ा करता है, तो दूसरा नेता कहता है कि वो असली नेता है। यहां तो घमासान मचा है। आईएनडीआईए गठबंधन मतलब भ्रष्टाचारियों का ठिकाना। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के लोग दक्षिण भारत अलग करने की बात कहते हैं। कांग्रेस के घोषणा पत्र में मुस्लिम लीग के विचार हैं। ये घोषणा पत्र नहीं तुष्टिकरण का पत्र है। भ्रष्टाचारियों को छुड़ाने के लिए इंडी गठबंधन बना है। हम कहते हैं भ्रष्टाचार हटाओ, वो कहते हैं भ्रष्टाचारियों को बचाओ। कांग्रेस-राजद एक भी वोट पाने के हकदार नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राम मंदिर सरकारी तिजोरी से नहीं बना, बल्कि लोगों के चंदे से बना है। किसी ने 5, किसी ने 10 रुपये दिए। विपक्ष ने कहा कि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में नहीं जाएंगे। क्या ये शोभा देता है। और जब उनकी पार्टी के कुछ लोग राम मंदिर आ गए, तो पार्टी से 6 साल के लिए निकाल दिया। ये पाप करने वालों को भूलना मत। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बिहार के लोगों को लंबे समय तक जंगलराज में जीवन गुजारना पड़ा। बिहार में एक वह भी समय था कि हर मां अपनी बेटियों के घर से बाहर निकलने पर डरती थीं। लोग शाम के बाद घर से बाहर नहीं निकलते थे। नीतीश कुमार और सुशील मोदी के प्रयासों से बिहार उन परिस्थितियों से बाहर निकला है। अब हर बहन के पास मोदी की गारंटी भी है। अब मोदी की गारंटी है कि गांव की तीन करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाएंगे। उन्होंने कहा कि मोदी देश से गरीबी खत्म करने के मिशन में जुटा है। मैं भी आपकी तरह ही गरीबी को जी कर यहां आया हूं। मैं कभी भूल नहीं सकता कि 2014 के पहले देश की क्या स्थिति थी, करोड़ों देशवासियों के पास न घर था, न शौचालय था और न पीने के लिए स्वच्छ पानी। अस्पताल में इलाज के लिए गरीबों को दर-दर भटकना पड़ता था। गरीबी का बेटा मोदी गरीब का सेवक है। मैं जब तक गरीबी दूर नहीं कर लूंगा तब तक चैन से नहीं बैठूंगा। बीते दस वर्षों में जो काम हुआ वह आजादी के छह दशकों में भी नहीं हुआ था। जब नीयत सही होती है और हौसले बुलंद होते हैं तो नतीजे भी मिलते ही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि साथियों मैंने लाल किले से कहा था कि यही समय है और सही समय है।

### पूरे बिहार में एनडीए का परचम लहराने जा रहा है

मोदी ने कहा कि मैं नवादा के लोगों को नमन करता हूं। मैं सभी महान विभूतियों को नमन करता हूं। नवादा ने हमेशा भाजपा को, एनडीए को अपना भरपूर प्यार और आशीर्वाद दिया है। मैं देख रहा हूं कि आपका प्यार बता रहा है कि नवादा के साथ-साथ पूरे बिहार में एनडीए का परचम लहराने जा रहा है। पिछले 10 साल में जो काम हुए हैं, आज उसकी झलक दिख रही है। आज पूरा देश कह रहा है कि फिर एक बार एनडीए सरकार।

## संक्षिप्त समाचार

### गरीब दर्शन अखबार के स्थापना दिवस के मौके पर कार्यक्रम की धूम

**गरीब दर्शन/मोतिहारी** । जिले के हिंदी दैनिक गरीब दर्शन अखबार के प्रधान कार्यालय चाँदमारी चौक स्थित सोसाइटी कॉम्प्लेक्स परिसर में अखबार के चौथे वर्ष में प्रवेश को लेकर रविवार को कई कार्यक्रमों का धूम रहा। अखबार के संपादक विकास कुमार राय ने करतल ध्वनि के मध्य केक काटकर समारोह का आगाज किया। मौके पर संपादक श्री राय ने कहा कि हिंदी दैनिक गरीब दर्शन बीते तीन साल में जो मुकाम हासिल किया है इसके लिए मैं सभी पाठकों को धन्यवाद देते हुए उनके प्रति दिल से आभार प्रकट करता हूं। प्रबंध संपादक दिग्विजय भारद्वाज ने मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकारिता एक चुनौती भरा कार्य है। लेकिन इससे भी बड़ी चुनौती भरा कार्य लंबे समय तक अपनी विश्वसनीय कायम रखना है। वहीं मुख्य संपादक रितु रंजन कुमार ने कहा कि अखबार अपनी लेखनी के माध्यम से विश्वसनीयता बरकरार रखे हुए हैं। इसके लिए पूरा सिस्टम बधाई का पात्र है। अखबार के प्रधान संपादक सुभाष पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि मुझे उम्मीद है कि आगे भी "गरीब दर्शन" एक प्रहरी के रूप में समाज को दिशा देने का काम करता रहेगा। समाचार पत्र समाज का आईना होता है समाज में जो घटनाएं घटित होती हैं अखबार उसे अपनी लेखनी के माध्यम से पाठकों तक पहुंचाता है। सामाजिक सरोकार से जुड़ी खबरों को प्रकाशित कर लोगों में ऊर्जा का संचार करता है। अखबार पत्र ही नहीं बल्कि सच का उड़ान भी है। मौके पर डॉ निर्मल कुमार झा, शैलेंद्र कुमार शर्मा पताही मुखिया संघ के अध्यक्ष सुरेश प्रसाद सिंह, पूर्व मुखिया उपेंद्र पांडेय, रजनीश कुमार, दीनानाथ पाठक, मनोज दास, विनोद उपाध्याय , रत्नेश कुमार, अमितेश सिंह रवि, राजू कुमार सहित कई लोग शामिल थे।

### सात साल से फरार हिस्ट्रीशीटर को मुजफ्फरपुर पुलिस ने नेपाल से किया गिरफ्तार

- ईनामी हिस्ट्रीशीटर चुन्नु ठाकुर उर्फ राकेश कुमार पर हत्या, लूट, आर्म्स एक्ट के तकरीबन 23 मामले दर्ज
- लोडेड पिस्टल, जिंदा कारतूस, कई बैंकों के पासबुक, जमीन के कागजात सहित नगदी व अन्य सामग्री बरामद

**गरीब दर्शन/मुजफ्फरपुर** । उत्तर बिहार के हिस्ट्रीशीटर चुन्नू ठाकुर उर्फ राकेश कुमार को नेपाल के काठमांडू से मुजफ्फरपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। वह पुलिस को सात साल से चकमा दे रहा था. आखिरकार चुन्नू ठाकुर को बिहार एसटीएफ की टीम ने दबोचा है। उसे काठमांडू से बिहार लाया जा रहा है। जानकार बताते हैं कि चुन्नू ठाकुर को वर्ष 2001 में शहर के काजी मोहम्मदपुर थाने के गन्नीपुर इलाके से दरभंगा के तत्कालीन डीएसपी दिलनवाज अहमद ने गिरफ्तार किया था। जेल से छूटने के बाद उसे दोबारा पकड़ने के लिए पुलिस जाल बिछाती रही, लेकिन पिछले सात साल में वह कभी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा। उसकी गिरफ्तारी नहीं होने के पीछे पुलिस के ही चुनिंदा ओहदेदार अधिकारियों से उसके संबंध रहने की बात कही जाती है। रविवार को काजी मोहम्मदपुर थाना के गन्नीपुर स्थित चुन्नू ठाकुर के आवास पर एएसपी टाउन भानु प्रताप सिंह समेत अन्य अधिकारी पहुंचकर तलाशी भी लिए। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अपराधी के पास से लोडेड पिस्तौल जिंदा कारतूस, नगदी, एटीएम, कई बैंकों के पासबुक, जमीन के दस्तावेज, आभूषण सहित कई चीजों की बरामदगी हुई है। उस पर तकरीबन 32 मामले दर्ज है यथा कई हत्या, लूट, आर्म्स एक्ट सहित कई संगीन मामले शामिल है।

## चुनाव आयोग को महज 20 दिनों में सुविधा पोर्टल पर मिले आयोजन संबंधी 73 हजार आवेदन

**नई दिल्ली**। चुनावों की घोषणा और आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) लागू होने के बाद से केवल 20 दिनों की अवधि में सुविधा प्लेटफ़ॉर्म पर राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की ओर से अनुमति संबंधी 73,379 अनुरोध प्राप्त हुए। इनमें से 44,626 अनुरोध (यानी 60 प्रतिशत) स्वीकार कर लिए गए। लगभग 11,200 अनुरोधों (15 प्रतिशत) को अस्वीकार कर दिया गया। इनमें से 10,819 आवेदन अमान्य या डुप्लिकेट होने के कारण रद्द कर दिए गए। चुनाव आयोग के अनुसार अधिकतम अनुरोध तमिलनाडु (23,239) से प्राप्त हुए। उसके बाद पश्चिम बंगाल (11,976) और मध्य प्रदेश (10,636) का स्थान रहा। न्यूनतम अनुरोध चंडीगढ़ (17), लक्षद्वीप (18) और मणिपुर (20) से प्राप्त हुए। उल्लेखनीय है कि सुविधा पोर्टल ईसीआई द्वारा विकसित एक तकनीकी समाधान है, जिसका उद्देश्य स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी रूप से चुनाव कराने संबंधी लोकतांत्रिक सिद्धांतों को कायम रखने के लिए समान अवसर सुनिश्चित कराना है। सुविधा पोर्टल ने प्रभावशाली ट्रैक रिकॉर्ड का प्रदर्शन करते हुए चुनाव की अवधि के दौरान राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की ओर से प्राप्त अनुमति और सुविधाओं के अनुरोधों एवं उन पर कार्रवाई करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया।

## महागठबंधन प्रत्याशी की घोषणा होते ही चुनावी माहौल में आएगा उफान

- एनडीए प्रत्याशी जनसंपर्क अभियान चलाकर हो रहे संतुष्ट
- निर्दलीय उम्मीदवार भी अब लगा रहे जोर

गरीब दर्शन / सीतामढ़ी

आसन्न लोकसभा चुनाव की तिथि करीब आने के साथ ही जिले की राजनीति में दलगत व जातिगत वोटों की गणना की जाने लगी हैं। गठबंधन की राजनीति के दौर में टिकट के कई दावेदारों का सपना धरा का धरा रह गया। जबकि ऊंच राजनीतिक पहुँच के बूते टिकट लेकर कुछ प्रत्याशी क्षेत्र में चुनावी अभियान को गति देने में जी जान से लगे हैं। जहाँ तक सीतामढ़ी लोकसभा क्षेत्र की बात है तो 1952 से लेकर 2009 तक इस संसदीय क्षेत्र के प्रतिनिधित्व का सर्वाधिक मौका यादव बिरादरी को मिला, भले ही दलगत झण्डा अलग - अलग रहा। वही 2014 के चुनाव में राजनीतिक बदलाव का बयार ने इस क्षेत्र की जातिगत समीकरण का दिशा बदल दिया। गठबंधन की राजनीति के तहत एनडीए प्रत्याशी के रूप में राष्ट्रीय लोक समता पार्टी की टिकट पर कुशवाहा बिरादरी से राम कुमार शर्मा को पहली बार सीतामढ़ी लोकसभा क्षेत्र से सांसद बनने का मौका मिला था। वहीं 2019 के चुनाव में दल





- बदल की ऐसी अकल्पनीय राजनीति हुई कि वैश्य बिरादरी के पूर्व विधायक सुनील कुमार पिन्टू भाजपा से पाला बदलकर जदयू में आ गए। जदयू से टिकट पा चुके चर्चित चिकित्सक डॉ वरुण कुमार से नेतृत्व ने टिकट वापस लेकर श्री पिन्टू को चुनावी समर में उतार दिया। राम कुमार शर्मा की तरह इन्हें भी राजनीतिक बदलाव के तूफान ने संसद भवन जाने का मार्ग प्रशस्त कर दिया। अब 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव की दुदुम्भी बज चुकी हैं। कई माह पूर्व से तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से लगातार चार बार से विधान पार्षद रहे बिहार विधान परिषद के सभापति देवेशचंद्र ठाकुर जदयू की टिकट पर बतौर एनडीए प्रत्याशी चुनावी समर में आने की आहट देते रहे। अंततः ब्राह्मण बिरादरी के श्री ठाकुर टिकट पाने में कामयाव भी हुए। लगातार जनसंपर्क अभियान की बदौलत मतदाताओं से संपर्क भी कर रहे हैं। परंतु मई 2024 में होने वाले चुनाव को लेकर महागठबंधन की ओर से अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह तक प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं कि गई हैं। जिले के राजनीतिक चौपालों पर जाति - पार्टी के वोट विशेषज्ञों में चर्चा जोर पकड़ने लगी हैं। एक ओर जहाँ कुछ लोग एनडीए प्रत्याशी की स्थिति अच्छा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर से महागठबंधन प्रत्याशी के नाम की घोषणा से पूर्व कुछ भी बोलने से परहेज किया जा रहा हैं। जबकि क्षेत्र के आम बुद्धिजीवी मतदाताओं का कहना हैं कि किसी पार्टी का नेता अथवा जाति का कोई कद्दावर किसी प्रत्याशी का समर्थक या विरोधी व्यक्तिगत रूप से हो सकता हैं। आम मतदाता इनकी बातों को अबकी बार कितना तरजीह देगा, यह चुनाव परिणाम से ही साफ हो सकेगा। वैसे चुनाव के समय मे ऐसा पहली बार कुछ नहीं हो रहा हैं। इतना तो तय है कि महागठबंधन प्रत्याशी के नाम की घोषणा के साथ ही जिले की राजनीति में नया उफान आएगा। इधर बतौर निर्दलीय चुनावी समर में भाग्य आजमाने वाले संभावित प्रत्याशियों ने भी अपनी तैयारी शुरू कर दी हैं। चल रही चुनावी चर्चा पर भरोसा किया जाए तो पूर्व जिला परिषद सदस्य सरिता यादव ने बतौर निर्दलीय प्रत्याशी नामांकन दाखिल करने का मन बना चुकी हैं। वैसे अभी समय है। बहुत कुछ बदलाव की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता हैं।

## देश में गर्मी दिखा रही असर, यूपी के कई शहरों में पारा 40 पार

- पहाड़ी इलाकों में बारिश और बर्फबारी की संभावना



एजेंसी। नई दिल्ली

अप्रैल माह चल रहा है और यूपी के कई शहरों का तापमान 40 डिग्री के पार है। मौसम विभाग के अनुसार अगर ऐसे ही तापमान बढ़ता रहा तो मई-जून में यूपी का तापमान 47 डिग्री सेल्सियस के भी ऊपर जा सकता है। आज यूपी के कुछ शहरों में बादल छाए रहेंगे। अधिकतम तापमान में दो डिग्री तक गिरावट आ सकती है।उत्तर भारत में पड़ रही भयंकर गर्मी के बीच मौसम विभाग ने बारिश होने की संभावना जताई है। मौसम के विभाग के अनुसार पूर्वोत्तर भारत में अगले पांच दिनों तक बारिश और तूफान की स्थिति बनी रहेगी। अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, मिजोरम और त्रिपुरा में बिजली कड़कने के साथ ही बारिश का भी अलर्ट जारी किया है। देश की राजधानी दिल्ली की बात करें तो यहां भी गर्मी लोगों को बैचेन कर रही है। शुक्रवार को दिल्ली में न्यूनतम तापमान औसत से एक डिग्री ज्यादा था। यहां आज पूरे दिन मौसम साफ बना रहा रहेगा। वहीं अधिकतम तापमान 36 डिग्री रहने की संभावना है। वही हवा 25-30 किलोमीटर प्रति घंटे के रफ्तार से चलेगी।

**उत्तराखंड में बर्फबारी की चेतावनी** : पहाड़ी इलाकों की बात करें तो पहाड़ों में एक बार फिर मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। उत्तराखंड के पहाड़ी इलाके देहरादून, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ में कहीं-कहीं गरज के साथ बिजली चमकने की चेतावनी दी की है। वहीं ऊंचाई वाले स्थानों पर बर्फबारी की संभावना है।

**छत्तीसगढ़ में बारिश के आसार** : त्तीसगढ़ में गर्मी अपना असर दिखा रही है लोगों को बाहर निकलने के लिए सोचना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ के कई शहरों का तापमान 40 डिग्री के ऊपर पहुंच चुका है। हालांकि मौसम विभाग 6 और 7 अप्रैल को बारिश की संभावना जताई है।

## सीएम हिमंत बिस्वा सरमा का दावा- पाकिस्तान के लिए फायदेमंद है कांग्रेस का घोषणा पत्र

एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर भाजपा चौतरफा हमला कर रही है। पीएम नरेंद्र मोदी बीते रोज एक चुनावी सभा में कहा था कि कांग्रेस का घोषणा पत्र मुस्लिम लीग की सोच को दर्शाने वाला है। अब असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने तीखा हमला बोला है। सरमा ने कहा कि कांग्रेस का चुनावी घोषणापत्र भारत नहीं पाकिस्तान में चुनाव के लिए ज्यादा फायदेमंद होगा। सरमा के आरोपों पर कांग्रेस के जवाब में कहा कि सरमा जैसे दलबदलू व्यक्ति सबसे पुरानी पार्टी के धर्मनिरपेक्ष और समावेशी लोकाचार को नहीं समझ पाएंगे। कांग्रेस ने जोर देकर कहा कि उनके घोषणापत्र का उद्देश्य समाज



के सभी वर्गों के हितों की रक्षा करना है। मुख्यमंत्री सरमा के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस की असम इकाई के प्रवक्ता बेदब्रत बोरा ने कहा कि शर्मा जैसे दलबदलू सबसे पुरानी पार्टी के धर्मनिरपेक्ष और समावेशी लोकाचार को नहीं समझ पाएंगे। बोरा ने कहा, सरमा कई वर्षों तक कांग्रेस में रहे, लेकिन वह पार्टी के मुख्य लोकाचार को नहीं समझ सके। इसलिए वह भाजपा में चले गए। पिछले कुछ समय से भाजपा में रहने के बाद भी, वह अब भी भगवा दल के प्रति अपनी वफादारी साबित करने के लिए कांग्रेस को बदनाम करने की कोशिश करते हैं। बीते दिनों कांग्रेस पार्टी ने तमाम वादों के साथ चुनावी घोषणा पत्र जारी किया। 48 पन्नों के घोषणापत्र में कांग्रेस ने 5 न्याय, 25 गारंटी और 300 से ज्यादा वादे किए। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में बीजेपी की वॉशिंग मशीन से भी तुलना की है। ऐसा दावा किया कि भ्रष्टाचार में घिरा जो भी बीजेपी में जाता है, बीजेपी की वॉशिंग मशीन में उस पर सभी आरोप हट जाते हैं। कांग्रेस के घोषणापत्र पर अब असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने तीखा हमला बोला है। सरमा ने कहा कि कांग्रेस का चुनावी घोषणापत्र भारत नहीं पाकिस्तान में चुनाव के लिए ज्यादा फायदेमंद होगा।

## टीएमसी के कार्यकर्ताओं ने मुझे मारा, बंगाल में बीजेपी सांसद लॉकेट चटर्जी पर हमला

**कोलकाता**। पश्चिम बंगाल के हुगली से बीजेपी उम्मीदवार लॉकेट चटर्जी ने टीएमसी कार्यकर्ताओं के ऊपर हमले का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि टीएमसी के गुंडों ने मुझे मारा और मेरी गाड़ी पर हमला किया। उसके अंदर बैठने की कोशिश की। जब मैंने इस घटना की जानकारी पुलिस को दी तो पुलिस मौके पर नहीं आई। यहां उम्मीदवारों की सुरक्षा में भारी कमी है। टीएमसी मतदाताओं को डरा-धमका रही है। लॉकेट चटर्जी ने कहा कि बंगाल में टीएमसी के गुंडों का दुस्साहस लगातार बढ़ता जा रहा है। ये दुस्साहस हुगली में तृणमूल की माफिया पकड़ को उजागर करता है। पूरी घटना का जिक्र करते हुए लॉकेट चटर्जी ने कहा कि हर दिन की तरह मैं शनिवार देर रात चुनाव कैंपेन समाप्त करके आदिशक्ति गांव के रास्ते बंसुरिया की तरफ जा रही थी। वहां कालीतला नाम के एक जगह से मुझे निमंत्रण मिला था। लोगों से मिलने और पूजा करने के बाद जब मैं वहां से निकल रही थी तो मुझे देखकर कुछ लोग काले झंडे लेकर 'गो बैक के नारे लगाने लगे। ये देखकर सिक्योरिटी ने उन्हें हटाने की कोशिश की। मैंने वीडियो बनाना शुरू कर दिया। इस दौरान एक व्यक्ति ने मुझे दो बार मारा और कार के अंदर बैठने की कोशिश की।

## पीएम के बयान पर तेजस्वी का पलटवार, क्या भाजपा का विरोध भगवान का विरोध हो गया

एजेंसी। नवादा

बिहार के नवादा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी रैली में इंडी एलायंस और आरजेडी पर सनातन धर्म के अपमान का आरोप लगाकर उन्हें सनातन विरोधी बताया। अब पूर्व डिप्टी सीएम और पूर्व सीएम लालू यादव के बेटे तेजस्वी यादव ने प्रतिक्रिया देकर कहा कि पीएम के पास और कुछ नहीं है, उनके पास क्या सबूत है इस बात का, हम और आप हिंदू नहीं हैं क्या? तेजस्वी ने कहा, मेरे घर में मंदिर है, हमलोग पूजा नहीं करते हैं क्या ? ये दिखानी वाली बात हैं क्या, हम क्या विरोधी हैं। जितने भाजपा के नेता हैं, वे अपने आपको भगवान समझ रहे हैं



क्या? उनका विरोध कर रहे हैं,तब ये भगवान का विरोध कैसे हुआ। भाजपा के लोग अपनी तुलना भगवान से न करें। भगवान सब देख रहे हैं और सभी को वहीं जाना है। बता दें कि नवादा से बीजेपी विवेक ठाकुर उम्मीदवार हैं और उन्हीं के प्रचार के लिए पीएम मोदी शनिवार को नवादा पहुंचे थे। उन्होंने लोगों को संबोधित करते कहा, पिछले दिनों अयोध्या में बनी राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा हुई, जिसमें विपक्ष के कई दलों ने हिस्सा नहीं लिया। उन्होंने कहा, मोदी ने गारंटी दी थी कि अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बनेगा, आज राम मंदिर का शिखर आसमान छू रहा है। जो पांच सौ वर्षों में नहीं हो पाया, जिस राम मंदिर के निर्माण को रोकने की कांग्रेस और आरजेडी वर्षों तक कोशिश की, वहां बनकर तैयार हो गया। देशवासियों के पैसों से मंदिर बना है, देशवासियों ने बनाया है। पीएम मोदी ने कहा, इंडी गठबंधन के लोगों की क्या दुश्मनी है, प्रभु राम, अयोध्या और हमारी विरासत से कि इन्होंने राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का विरोध किया। इतना ही नहीं, इनके मन में इतना जहर भरा है कि उनकी पार्टी के कुछ लोग प्राण प्रतिष्ठा में आ गए, तब उन्हें 6 साल के लिए पार्टी से निकाल दिया।

## फिलिस्तीनियों को उत्तरी गाजा लौटने की इजाजत दे इजरायलः अमेरिका

एजेंसी। वाशिंगटन



राफा में इजरायली सैन्य अभियान की चिंताओं के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन कुछ विस्थापित गाजा नागरिकों को एन्क्लेव के उत्तरी हिस्से में जाने की अनुमति देने के लिए इजरायल पर दबाव बना रहा है। एक रिपोर्ट में कहा गया कि इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ हुई बातचीत में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस मुद्दे पर काम करने की मांग की। रिपोर्ट के मुताबिक बाइडन ने नेतन्याहू से एन्क्लेव में तुरंत युद्धविराम करने के साथ-साथ बातचीत करने वाली टीमों को इस मामले पर एक समझौते तक पहुंचने की अनुमति देने का भी आह्वान किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने गाजा में नागरिकों के खतरे को खत्म करने और सहायता कर्मियों की सुरक्षा के लिए इजरायली द्वारा तुरंत कदम उठाने की जरुरत पर भी बल दिया। रिपोर्ट में कहा है कि बाइडन ने साफ किया कि भविष्य में गाजा पर वाशिंगटन की नीति इन मुद्दों पर इजरायली कार्रवाइयों से निर्धारित होगी। इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने 22 मार्च को कहा था कि वह अभी भी राफा में सैन्य अभियान के लिए दृढ़ हैं क्योंकि हमास को हराने का कोई और तरीका नहीं है।

# मतदान के मामले में फिसड्डी रहा बिहार! बीते तीन चुनावों में कम वोटिंग में दूसरा नंबर



**पटना, एजेंसी।** बिहार को राजनीतिक मामले में बेहद संवेदनशील और जागरूक माना जाता है। कई बार बिहार को राजनीति में राष्ट्रीय स्तर पर ट्रेंड सेंटर भी कहा जाता है। इसके बावजूद यहां मतदान प्रतिशत देश के अन्य राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की तुलना में बेहद कम है। पिछले तीन लोकसभा चुनावों से कम मतदान वाले वाले राज्यों में बिहार दूसरे स्थान पर है। बिहार में वर्ष 2009, 2014, 2019 के लोकसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत (वोटर टर्न आउट) अन्य राज्यों की अपेक्षा कमतर रहा। इन चुनावों में देश में सब कम वोटर टर्न आउट वाले राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में एकमात्र जम्मू एवं कश्मीर से बेहतर स्थिति में बिहार है। 2019 के लोकसभा चुनाव में बिहार में मतदान प्रतिशत राष्ट्रीय औसत 67 से 10 कम यानि 57.3 रहा।

बिहार में हाल के जातीय सर्वेक्षण के अनुसार 46 लाख लोग बिहार से बाहर जाकर काम कर रहे हैं। पलायन बिहार की एक बड़ी समस्या है, जिसके कारण मतदान प्रतिशत पर सीधा असर होता है। वहीं, चुनाव आयोग द्वारा कराए गए विशेष अध्ययन के अनुसार मतदाताओं में विभिन्न कारणों से वोट डालने को लेकर उत्साह में कमी भी पायी गयी है। आयोग ने कम मतदान प्रतिशत वाले राज्यों को बूथ प्रबंधन के तहत नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने और मतदाताओं को उनके अधिकार के प्रति प्रेरित करने की हिदायत दी है। बिहार में पिछले तीन चुनावों के दौरान वोटर टर्न आउट में वृद्धि दर्ज की गयी है। 2009 में बिहार के लोकसभा चुनाव में 44.5 प्रतिशत मतदान हुआ था। वहीं, 2014 के लोकसभा चुनाव में यह बढ़कर 56.3 प्रतिशत हो गया था। जबकि, 2019 के लोकसभा चुनाव में इसमें एक प्रतिशत की मामूली वृद्धि हुई और वोट प्रतिशत बढ़कर 57.3 प्रतिशत हो गया एएन सिन्हा सामाजिक अध्ययन संस्थान, पटना के पूर्व निदेशक प्रो. डीएम दिवाकर ने बताया कि बिहार में मतदान प्रतिशत कम होने के तीन प्रमुख कारणों में तकनीकी, सामाजिक सुविधा व सरकार के प्रयासों में कमी है। एएन सिन्हा इंस्टीच्यूट द्वारा पिछले वर्षों में कराए गए विशेष अध्ययन पर हुई कार्रवाई से दस प्रतिशत मतदान में वृद्धि हुई थी। सिर्फ महिला एवं बुजुर्गों के लिए बूथ पर सुविधा बढ़ाने से मतदान में वृद्धि हुई। सामान्य मतदाताओं पर प्रलोभनों का नकारात्मक असर होना, संसदीय राजनीति का ढलान पर होना, सरकारी तंत्र की विश्वसनीयता में कमी, नौजवानों में राजनीतिक चेतना का विकसित नहीं होना, दैनिक मजदूरी पर आश्रित मतदाताओं के एक बड़े तबके में दो जून की रोटी जुटाने की मजबूरी भी प्रमुख कारणों में शामिल हैं। राज्य में एक बड़ा वर्ग युवा मतदाताओं का है, जो वोटर आईडी बनाने व मतदान के प्रति गंभीर नही हैं और वे अपने कैरियर व पढाई में जुटे रहते हैं। इस संदर्भ में युवाओं ने बातचीत के दौरान अपनी वास्तविक स्थिति साझा की। पटना के यारपुर निवासी इंटर उत्तीर्ण छात्र रविशंकर ने कहा कि मुझे पहली बार वोट देने का मौका मिलेगा। हमारे कई साथी ऐसे है, जिन्होंने मतदाता पहचान पत्र तो बनवा लिया है लेकिन वोट देने नहीं जाएंगे। इसमें उनकी कोई रुचि नहीं है, वे पढाई में लगे हुए हैं।

वहीं, गर्दनीबाग निवासी बीए-पार्ट-1 की छात्रा अलका कुमारी ने कहा कि लड़कियों को कोई घर से मतदान के दिन बूथ पर जाने नहीं देता है। हमारे गांव में मतदान केंद्र घर से दूर होते हैं, इससे भी युवतियां उत्साहपूर्वक शामिल नहीं होती।

## संक्षिप्त समाचार

### आरपीएफ के हत्थे चढ़ा मोबाइल चोर

**भागलपुर, एजेंसी।** आरपीएफ की टीम ने शनिवार के भागलपुर स्टेशन से एक मोबाइल चोर को दबोचा है। वह रेलवे यात्रियों के फोन उड़ाने वाले गिरोह का सदस्य है। उसकी पहचान झारखंड के साहेबगंज जिले के राजमहल थाना क्षेत्र के फुलवरिया निवासी मिथुन शेख के रूप में हुई है। उसके पास से एक चोरी का मोबाइल बरामद किया गया है। आरपीएफ इंस्पेक्टर रणधीर कुमार ने बताया कि उनके और इंस्पेक्टर शिवशंकर सिंह की निगरानी में एक टीम काम कर रही थी। जिसमें एसआई पूर्णेन्दु कुमार, शरद कुमार सुमन, एएसआई प्रणव चटर्जी, संतु कुमार सिंह, एएस दीपक कुमार रॉय, एचसी उत्तम सरकार समेत अन्य लोग शामिल थे। टीम ने प्लेटफॉर्म नंबर 2/3 पर चेकिंग के दौरान एक युवक को भागते देखा। उसे जब खदेड़कर पकड़ा गया तो उसने बताया कि वह मोबाइल चोरी का काम करता है। उसे जीआरपी के हवाले कर दिया गया है।

### लोकसभा चुनाव को लेकर निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली




**भागलपुर/सन्हौला, एजेंसी।** बीडीओ सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी शेखर सुमन के नेतृत्व में स्वीप कार्यक्रम के तहत शनिवार को स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान मुर्गियाचक गांव से प्रखंड मुख्यालय होते हुए पूरे सन्हौला बाजार में जागरूकता रैली निकाली गई। बीडीओ ने बताया कि प्रखंड में लोगों के बीच मतदान प्रतिशत को लक्ष्य 85त्न मतदान कार्यक्रम के तरह सभी विभाग जैसे आईसीडीएस, शिक्षा विभाग तथा लोहिया स्वच्छ बिहार के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। मतदाताओं को मतदान के बारे में जानकारी दी गई तथा उनसे मतदान करने का आग्रह किया गया। अभियान में सन्हौला सीओ रजनीश चन्द्र राय के साथ प्रखंड में कार्यरत सभी विभाग के अधिकारी शामिल थे।

### कोर्ट से ही पवन का पीछा कर रहे थे बदमाश, घर पहुंचने पर मारी गोली

**भागलपुर, एजेंसी।** बबरगंज थाना क्षेत्र के कुतुबगंज मोहल्ले में 5 अप्रैल को दिनदहाड़े हुए जमीन कारोबारी पवन यादव की हत्या सटीक रेकी के बाद हुई है। मामले में पुलिस को कई अहम सुराग हाथ लगे हैं। पुलिस को जानकारी मिली है कि कोर्ट से ही पवन की बदमाशों ने रेकी की है। इसी कारण जब वह घर पहुंचा तो उसे आसानी से कनपटी में गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। दरअसल, वह अमरेंद्र यादव हत्याकांड की तारीख के लिए कोर्ट गया था। इस मामले में वह भी अभियुक्त था। कोर्ट में उसे उसे कुछ पुलिस पदाधिकारियों ने भी देखा था। पुलिस को तकनीकी जांच में कई अहम सुराग हाथ लगे हैं। इस आधार पर पुलिस ने कई संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ में जरूरी जानकारी मिली है। विधि व्यवस्था की स्थिति ना हो, इस वजह से पवन के शव का शुक्रवार की देर रात ही पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इस मामले में बबरगंज पुलिस ने पीड़ित के बयान पर केस दर्ज कर लिया है। पवन अपने फूफा लक्ष्मीकांत यादव के घर पर रहकर जमीन का कारोबार करता था। उसने घर में सीसीटीवी कैमरे लगवा रखा था, ताकि ऐसी ही परिस्थिति में कैमरे मदद कर सके। पुलिस के मुताबिक बाहर लगे दोनों कैमरे खराब हैं। इस कारण उससे कुछ विशेष हाथ नहीं लगा है। हालांकि गली में कुछ और कैमरे हैं, जिसमें बदमाशों की गतिविधि तलाशने के लिए पुलिस की टीम लगी हुई है। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन किसी ने गोली की आवाज नहीं सुनने की बात कही है। एसएसपी आनंद कुमार ने कहा कि मामले की जांच में टीम लगी हुई है। जरूरी इनपुट के आधार पर हत्याकांड में शामिल बदमाशों को पकड़ने के लिए टीम काम कर रही है।

### दो ट्रकों की भीषण टक्कर में चालक की मौत

**सरैया (मुजफ्फरपुर), एजेंसी।** थाना क्षेत्र के बासूचक सेखौना स्थित एसएच 74 पर पेट्रोल पंप के समीप शुक्रवार की देर रात दो ट्रकों के बीच भीषण टक्कर में एक ट्रक चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि उपचालक जख्मी हो गया। चालक की पहचान पटना जिले के मनेर थाना क्षेत्र के दोस्तनगर शेरपुर के साहेब राय के पुत्र अरुण राय (26) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि पटना से एक ट्रक छड़ लोड कर मोतिहारी की तरफ जा रहा था, जबकि दूसरा ट्रक साहेबगंज से पटना की ओर जा रहा था। सेखौना पेट्रोल पंप के पास ट्रक चालक को झपकी आ गयी। उसके बाद अनियंत्रित ट्रक सामने से आ रहे छड़ लदे ट्रक से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि छड़ लदे ट्रक का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। स्टीयरिंग और छड़ के बीच में चालक फंस गया, जबकि उपचालक बाहर फेंका गया। सूचना पर पहुंची सरैया पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से शव को बाहर निकाला। वहीं, उपचालक को सीएचसी में भर्ती कराया। पुलिस ने चालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## शराब पार्टी करते 3 बार बाला सहित 21 लोग गिरफ्तार

**कहलगांव (भागलपुर), एजेंसी।** कहलगांव थाना से सटे होटल नीलय के मैरेज हॉल में शराब पार्टी करते समय पुलिस ने शुक्रवार की मध्य रात्रि में छापा मारकर तीन युवतियों सहित 21 लोगों को गिरफ्तार किया। यहां शराब और शवाब के साथ बर्थडे पार्टी चल रही थी। मौके से शराब की खाली बोतलें, शराब युक्त बोतल, बीयर, मोबाइल, डीजे सिस्टम जब्त किया गया। इसमें शहर के कई आपराधिक प्रवृत्ति के भी लोग शामिल हैं। कहलगांव थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु आईपीएस अभिनव ने प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि थाना से सटे नीलय होटल में गुप्त सूचना पर टीम गठित कर शुक्रवार की मध्य रात्रि छापेमारी की गई। उन्होंने बताया कि पूरब टोला के राजकुमार शाह का बर्थडे पार्टी मनाया जा रहा था। जिसमें शराब और शवाब परोसा जा रहा था। सभी शराब के नशे में डांस कर रहे थे। तीन बार बालाओं और 18 लड़कों को दबोचा गया। पकड़े गए लोगों में तीन बार बालाओं और दो अन्य लड़कों को छोड़कर सभी की जांच में शराब पीने की पुष्टि हुई। भागलपुर से अतिरिक्त बल मंगाकर सभी की मेडिकल एवं कोरोना जांच के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि पकड़े गए लोगों में आधा दर्जन लोगों का आपराधिक इतिहास रहा है।

### पकड़े गए लोग

मुन्ना शेख 19 वर्ष, प्रीतम कुमार शर्मा 30, मो. गुलफराज 34, गौरव शर्मा 28, पंकज साह 32 सभी ग्राम-काजीपुरा, मो. शमशाद 40, गौतम कुमार 33, सोनु कुमार 32, चंदन कुमार, राजकुमार सोनी 45 सभी ग्राम-पूरबटोला, संजय कुमार मंडल 26, गौतम कुमार 30 दोनों शिवकुमारी पहाड़, मोनु कुमार 20, विनोद कुमार शर्मा 32, अमन कुमार 33, तीनों ग्राम-पैठानपुरा, अनिल कुमार 38 महेशामुण्डा, टुनटुन कुमार यादव उर्फ टुड्डु 37 चौधरीटोला, रैयन उर्फ मुस्तफा 20, रुकसाना खातून 22, नूरी खातून 26, सोमा दास 19, ग्राम बोहरमपुर थाना-जियागंज जिला मुर्शिदाबाद (पश्चिम बंगाल) शामिल हैं।

पुलिस जांच कर रही है। छापेमारी टीम में पुअनि अतुलेश कुमार सिंह, पुअनि दुबे देव गुरु, परि. पुअनि राधेश्याम गुप्ता, पीटीसी महानंद सिंह एवं सशस्त्र महिला एवं पुरुष बल शामिल थे। प्रशिक्षु आईपीएस थानाध्यक्ष ने बताया कि होटल के मैनेजर सह मालिक नीलय साह के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। निलेश शाह फरार है।

## वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम ने की घोषणा, बिहार के शरद सागर को मिलेगा यंग ग्लोबल लीडर्स का सम्मान



**सिवान, एजेंसी।** बिहार के सामाजिक उद्यमी एवं भारतीय युवा आइकॉन शरद विवेक सागर को वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम द्वारा '2024 यंग ग्लोबल लीडर' के तौर पर चुना गया है. यह सम्मान हासिल करने वाले सागर बिहार के पहले और भारत के सबसे युवा व्यक्ति हैं. यह सम्मान देश के राष्ट्राध्यक्षों, नोबेल पुरस्कार विजेताओं और उद्योगपतियों को दिया जाता रहा है. जनवरी 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दावोस में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में ऐतिहासिक भाषण दिया था. सागर को सम्मान देने की घोषणा गुरुवार को वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के अधिकारियों ने की. सिवान के जीरादेई में जन्मे सागर ने महज 16 साल की उम्र में डेक्सटेरिटी ग्लोबल 2008 नामक संस्था का गठन किया और इस संस्था से ट्रेनिंग हासिल करने वाले छात्रों को दुनिया की टॉप यूनिवर्सिटी से 175 करोड़ रुपये की स्कॉलरशिप मिल चुकी है. इस संस्था का मुख्यालय पटना में हैं. सागर वर्ष 2016 में देश और दुनिया की मीडिया में छाये हुए थे, जब अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने यंग लीडर्स को व्हाइट हाउस में आमंत्रित किया था. वे भारत की ओर से शामिल होने वाले एकमात्र युवा थे. बाद में नोबेल पीस सेंटर ने सागर को नोबेल पुरस्कार समारोह में भी आमंत्रित किया. देश के सबसे चर्चित शो कौन बनेगा करोड़पति में विशेषज्ञ के तौर पर सबसे अधिक मांग सागर की होती है. सागर की उपलब्धियों की सूची काफी लंबी है. महज 24 साल की उम्र में वे फोर्ब्स की ग्लोबल 30 सूची में जगह बनाने में कामयाब रहे. बिहार से ऐसा करने वाले वे एक मात्र युवा है. यह नहीं हावर्ड ग्रेजुएट स्कूल ऑफ एजुकेशन के प्रेसिडेंट बनने वाले सागर पहले भारतीय बने. इस मौके पर खुशी जाहिर करते हुए सागर ने ट्वीट किया कि यह ऐतिहासिक क्षण है. इस सम्मान के लिए चुना जाना मेरे लिए गौरव की बात है.

## तीसरी बार एक ही कंपनी को लूटने का था प्लान: तीन फरार अपराधी गिरफ्तार

### सतर्क मैनेजर ने घटना के पहले थाने में दी थी जानकारी



**मुंगेर, एजेंसी।** मुंगेर पुलिस ने भारत फाइनेंस इनकुलुजन लिमिटेड कंपनी के तीन लाख 38 हजार रुपए लूट मामले में फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इन सभी को जमालपुर-दौलतपुर से गिरफ्तार किया गया। इनके पास से पुलिस ने 39 हजार 800 रूपए बरामद भी किया। गिरफ्तार अपराधियों में मकेश्वर यादव,धीरज कुमार और नीरज कुमार शामिल है। यह सभी खगड़िया जिला के मुफसिल थाना क्षेत्र के निवासी है। सदर एसडीपीओ राजेश कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि 4 अप्रैल 2024 को भारत फाइनेंस इनकुलुजन लिमिटेड कंपनी के ब्रांच मैनेजर रॉबिन सिंह के साथ लूट का प्रयास किया गया था। वह लखीसराय के सूर्यगढ़ा से 9 लाख रूपए लेकर जमालपुर अपने ब्रांच जा रहे थे। इस दौरान कुछ लोग बाइक से उनका पीछा करने लगे। शक होने पर फरदा पहुंचते ही उन्होंने सफियासराय थानाध्यक्ष को सूचना दी। वहीं जब वह गाड़ी लेकर सफियासराय लाल खां पहुंचे तो दो बाइक पर बैठे चार अपराधियों ने वाहन रोक कर लूटने का प्रयास किया।

### दो बार लूट चुके थे कंपनी को तीसरी बार में खुद फंस गए

वह लोग लूटने की कोशिश कर ही रहे थे कि थानध्यक्ष बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस को देखते ही तीन अपराधी फरार हो गए लेकिन एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद जब उससे पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम अमलेश कुमार और खगड़िया के चमनटोला का रहने वाला बताया। जब उसके साथियों के बारे में पूछा गया तो तीन अन्य साथी की भी जानकारी उसने दी। इसके बाद अनुसंधान कर लूट कांड में शामिल बाकी तीन अपराधियों को भी शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके अलावा एसडीपीओ ने आगे बताया कि यह लोग दो बार इसी कंपनी को लूट चुके है। यह तीसरी बार लूट की घटना को अंजाम देने वाले थे। 10 फरवरी को नयारामनगर थाना क्षेत्र में भारत कंपनी के ही लोगों से 1 लाख 48 हजार की लूट कर चुके है। मार्च में खड़गपुर थाना क्षेत्र से कंपनी के 1 लाख 90 हजार रूपए की लूट की घटना में भी यही लोग शामिल थे। 4 अप्रैल को फिर से इसी कंपनी को लूटने वाले थे लेकिन पकड़े गए।

### एक आरोपी पहले करता था कंपनी में काम

वहीं इन सब में मुख्य आरोपी मकेश्वर यादव और धीरज कुमार है। इसमें धीरज कुमार भारत फाइनेंस इनकुलुजन लिमिटेड कंपनी का कर्मी रह चुका है। इसने कुछ महीने पहले नौकरी छोड़ दी थी।कंपनी कब कहां से पैसे लेने के लिए जाती है, इस बात की जानकारी यही देता था।

## ईवीएम सुरक्षा में चूक को लेकर डीएसपी समेत चार सस्पेंड: डीएम-एसपी पर भी हो चुकी है कार्रवाई



**आरा(भोजपुर), एजेंसी।**

ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा में लापरवाही को लेकर तीन अफसरों समेत चार पर विभागीय कार्रवाई की गई है। गृह विभाग ने रक्षित डीएसपी राकेश रंजन को निलंबित कर दिया है। इसके अलावा डीआईजी नवीन चंद्र झा के निर्देश पर नवादा थाना की इंस्पेक्टर राकेश कुमार सिंह एवं पुलिस केंद्र के दिव्या शाखा प्रभारी सार्जेंट पुष्पांजलि को भी सस्पेंड कर दिया गया है। घटना के दिन ड्यूटी से फरार सिपाही को भी निलंबित कर दिया गया है। बता दें कि 2 अप्रैल को इस मामले में भारत निर्वाचन आयोग के आदेश पर तत्कालीन डीएम राजकुमार एवं एसपी प्रमोद कुमार पर कार्रवाई करते हुए हटा दिया गया था। इसके अलावा डीएसपी व थानाध्यक्ष को भी निलंबित करने का निर्देश दिया गया था। इसके बाद डीआईजी सुरक्षा में चूक के बिंदु पर जांच कर रहे थे। जांच के दौरान एवं सुरक्षा में मानक में उदासीनता को लेकर प्रथम दृष्टया लाइन डीएसपी राकेश रंजन,दिव्या शाखा प्रभारी सार्जेंट पुष्पांजलि एवं नवादा थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह को दोषी पाया गया है। इसके साथ ही ड्यूटी से सिपाही के गायब रहने को गंभीरता से लिया गया है। जिसके बाद निलंबन की कार्रवाई की गई है। इसके साथ डीएसपी पर विभागीय कार्रवाई भी चलेगी।

### 30 को जवान की हुई थी मौत

गौरतलब है कि 30 अप्रैल की शाम वेयर हाउस में इंसास राइफल से जवान हेमंत कुमार की मौत हुई थी वह पटना जिला अंतर्गत घोसवरी थाना के शहरी गांव निवासी शिवकुमार पासवान के पुत्र थे।

## ईद, चैती छठ को लेकर प्रमंडल आयुक्त ने दिए निर्देश : घाटों पर गोताखोर रहेंगे तैनात




### रामनवमी जुलूस को लेकर भीड़ प्रबंधन एवं फेक न्यूज पर रहेगी नजर

**नालंदा, एजेंसी।** पटना प्रमंडल आयुक्त कुमार रवि एवं आईजी गरीमा मलिक के द्वारा आगामी पर्व/ त्यौहार यथा ईद ,चैती छठ एवं रामनवमी के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु पूर्व तैयारी से आवश्यक दिशा निर्देश पदाधिकारीयों को दिए गए हैं।

### रामनवमी पर्व को लेकर रहे चौकस

रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न करने के उद्देश्य से संबंधित पदाधिकारी को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि संवेदनशील संबंधित स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें। रामनवमी पर्व के मद्देनजर भीड़ प्रबंधन एवं विधि व्यवस्था सुदृढ़ रखे, उपद्रवी तत्वों पर निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करें, रामनवमी जुलूस हेतु लाइसेंस सुरक्षा की दृष्टिकोण से शर्तों के अनुसार निर्गत करें। संवेदनशील बसावटों में फ्लैग, पेट्रोलिंग लगातार करते रहे, डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे, सोशल मीडिया/ फेक न्यूज पर कड़ी निगरानी रखें, ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ रखें ।

**मतदान एवं मतगणना को लेकर तैयारी रखे पुख्ता :** निरोधात्मक करवाई यथा 107 ,110, सीसीए की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। आयुक्त ने कहा की 29 नालंदा लोक सभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान एवं मतगणना के निमित्त कर्मियों के इलेक्शन सॉफ्टवेयर में डाटा इंट्री करने, पुलिस कर्मियों के फोर्स डेप्लॉयमेंट सॉफ्टवेयर में डाटा इंट्री करने, ईवीएम, वीवीपैट की सुरक्षा व्यवस्था, डिस्पैच सेंटर पर स्ट्रांग रूम की तैयारी, आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने,लॉ एंड ऑर्डर, क्रिटिकल एवं वूलनेरेबिलिटी मैपिंग,सी भिजिल, इएस एमएस, हेलीपैड, हवाई अड्डा, ड्रोन, पुलिस की उपलब्धता,

### मस्जिद एवं छठ घाटों पर रहे सफाई व्यवस्था

निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि ईद के अवसर पर मस्जिद एवं नमाज स्थल पर साफ–सफाई, भीड़ प्रबंधन एवं विधि व्यवस्था सुदृढ़ रखा जाए।चैती छठ के अवसर पर छठ घाटों पर साफ सफाई, लाइटिंग, एनडीआरफ, गोताखोर की व्यवस्था , मैकिंग , अग्निशमन दस्ता ,दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति, नियंत्रण कक्ष आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ।

मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधा की उपलब्धता, पूर्व के चुनाव में कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्र में स्वीप गतिविधि अंतर्गत मतदाता को जागरूक करने से संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आयुक्त द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 से संबंधित आमजन के सुविधा हेतु इलेक्शन साथी एंड्रॉयड एप्लीकेशन एण्ड चाटबोट का भी शुभारंभ किया गया।

### बस की ठोकर से भैंस की मौत, यात्रियों में मची अफरा–तफरी

**मुजफ्फरपुर/बोचहां, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर-दरभंगा फोरलेन पर भट्ठा चौक के समीप शनिवार की देर रात दरभंगा से पटना जा रही बस की ठोकर से भैंस की मौत हो गई। इस दौरान यात्रियों में चीख पुकार मच गई। बताया जाता है कि कुछ यात्रियों को हल्की चोट भी लगी है। चालक और उपचालक बस छोड़कर फरार हो गये। भैंस मालिक सिकंदर साहनी एवं उसकी पत्नी बनारसी देवी ने बताया कि भैंस को बथान पर बांधने जा रहे थे। इसी क्रम में बस ने ठोकर मार दी। हादसे में दंपती भी बाल-बाल बच गये। उन्होंने बताया कि एक महीना पहले ही गरहां मेला से 60,000 में भैंस खरीद कर लाया था। उधर, काफी देर तक पटना जाने के लिए पैसेंजर भटकते रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### विद्यालय में वार्षिक दीक्षांत समारोह का हुआ आयोजन

**जंदाहा।** जंदाहा प्रखंड के बसंतपुर पंचायत स्थित उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय पानापुर बटेश्वर नाथ परिसर में विभागीय निर्देश के आलोक में वार्षिक दीक्षांत समारोह का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। समारोह की अध्यक्षता शिक्षक राम प्रवेश सिंह ने की। समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि पंचायत के मुखिया सह जदयू के प्रखंड अध्यक्ष अनुपलाल सिंह द्वारा छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए सम्मानित किया गया। बताया गया है कि विभागीय निर्देश के आलोक में विद्यालय के वर्ग एक से वर्ग 11 तक के छात्र-छात्राओं को वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रैंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए सम्मानित किया गया। वहीं अन्य छात्राओं को प्रगति पत्रक प्रदान किया गया। वार्षिक दीक्षांत समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बताया गया है कि विद्यालय के वर्ग 11 के विज्ञान संकाय के छात्र आशीष रंजन ने प्रथम रैंक प्राप्त किया है। जबकि दीपक यादव को द्वितीय एवं सोनू कुमार को तृतीय रैंक प्राप्त हुआ है। इसी प्रकार वर्ग 11 के कला संकाय में छात्रा रितु कुमारी ने प्रथम रैंक प्राप्त की है। जबकि शमा परवीन ने द्वितीय एवं काजल कुमारी ने तृतीय रैंक प्राप्त की है। समारोह का निरीक्षण शिक्षा विभाग के वैशाली जिला के एपीडीसी ने किया।

### पत्नी की हत्या के आरोपी सास, पति, देवर गिरफ्तार, वैशाली में पुलिस ने चिता से बरामद की थी बॉडी



**हाजीपुर।** वैशाली थाना के पुलिस अधिकारी ने भागवतपुर गांव में विवाहिता की हत्या मामले में फरार चल रहे सास, पति और देवर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आवश्यक करवाई के बाद सभी को जेल भेज दिया है। बता दें कि 11 जुलाई 2023 को ससुराल वाले ने विवाहिता की हत्या कर दी थी और शव को जलाया जा रहा था। तभी गुप्त सूचना पाकर पुलिस अधिकारी घटनास्थल पहुंचे तो वहां पर अर्धजला शव छोड़कर सभी फरार हो गए थे। मृतक विवाहिता के मायके वालों द्वारा दहेज मांगने मामले में हत्या करने का आरोप लगाते हुए वैशाली थाना में पति देवर और सांस के खिलाफ मामला दर्ज करवाया था। पुलिस इस मामले में कार्रवाई कर रही थी, लेकिन आरोपी ससुराल वाले फरार चल रहे थे। पकड़े गए सभी आरोपी वैशाली थाना क्षेत्र के भागवतपुर गांव निवासी नंद किशोर राय की पत्नी लीला देवी और उसके पुत्र संजीत कुमार, सुजीत कुमार को गिरफ्तार किया है जिसे पुलिस ने जेल भेज दिया है।

### क्राइम की साजिश रच रहे 2 कुख्यात अपराधी गिरफ्तार, 2 पिस्टल, 12 जिंदा कारतूस बरामद, पुलिस ने खदेड़कर पकड़ा



**पटना।** पटना सिटी के खाजेकला थाना क्षेत्र में पुलिस ने दो कुख्यात अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। दो पिस्टल, 12 जिंदा कारतूस और 3 मोबाइल बरामद हुआ है। पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी-2 डॉ. गौरव कुमार ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि जिरीया तमोली गली में कुछ अपराधी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए इकट्ठा हुए थे। जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। उक्त जगह की घेराबंदी की। पुलिस को देखते हुए कुछ अपराधी मौके से भाग गए। इस दौरान पुलिस ने खदेड़कर 2 अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। जिनकी पहचान राजा कुमार(21) और साहिल कुमार(21) के तौर पर हुई है।

**दहशत फैलाने के लिए फायरिंग, आरोपी गिरफ्तार:** वहीं, एक अन्य मामले में बाहरी बेगमपुर से एक युवक को हथियार के साथ पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी-2 डॉ. गौरव कुमार ने बताया कि बाइपास थाना क्षेत्र के बाहरी बेगमपुर में दहशत फैलाने के लिए फायरिंग हुई थी। इस मामले में सब इंस्पेक्टर सोनी कुमारी ने आरोपी सन्त्री कुमार को गिरफ्तार किया है। एक देसी कट्टा और कारतूस बरामद हुआ है।

### थिनर फैक्ट्री में लगी भीषण आग:लाखों का सामान जलकर खाक, दमकल की टीम ने मशक्कत के बाद पाया काबू



**पटना।** पटना सिटी के दीदारगंज थाना क्षेत्र के सोनामा गांव में शनिवार की देर रात एक थिनर फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपट ने पूरे फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया। आग की सूचना मिलते ही फैक्ट्री में मौजूद लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया। इस बीच लोगों ने इसकी सूचना दीदारगंज थाना और दमकल को दी। सूचना मिलने के बाद अग्नि दस्ते की गाड़ियां मौके पर पहुंची और घंटो मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस बीच फैक्ट्री में रखे गए लाखों रुपए के सामान जलकर नष्ट हो गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि शनिवार की देर रात सोनामा गांव के थिनर फैक्ट्री के एक कोने से अचानक तेजी से धुआं निकलने लगा। आसपास के लोग जोर-जोर से आग लगने की बात को चिल्ला कर इधर-उधर भागने लगे। स्थानीय लोगों ने बताया कि थिनर काफी ज्वलनशील पदार्थ होता है, जिसके कारण आग तेजी से फैलने लगा। स्थानीय लोगों ने बताया कि सूचना मिलने के बाद अग्नि दस्ते की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची और कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। इस मामले को लेकर दीदारगंज थाना प्रभारी ने बताया कि मोहम्मद पुर निवासी राजेश कुमार के थिनर फैक्ट्री में आग लगने से काफी सामानों का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद थाना को फिलहाल कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है , जिससे यह अनुमान लगाना मुश्किल है कि इस आगलगी में कितने की सामान जलकर नष्ट हुई होगी। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट होने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

### पटना में दवा की आड़ में शराब का कारोबार, 16 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद



**पटना।** पटना के गोविंद मित्रा रोड स्थित केके मेडिको में दवा सप्लाई की आड़ में शराब की तस्करी की जा रही थी। मेडिकल स्टोर के गोदाम से 16 कार्टन अंग्रेजी शराब(135 लीटर) शराब बरामद हुआ है। साथ ही भारी मात्रा में नारकोटिक्स और साईक्रेटिक्स दवा भी मिला है। जानकारी के मुताबिक ड्रग्स विभाग की टीम छापेमारी करने पहुंची थी। गोदाम में दवा की जांच कर रही थी। संदेह के आधार पर दूसरे कमरे( 304) में जांच की गई। जहां कार्टून में शराब रखा था। जिसके बाद पीरबहोर थाने को सूचना दी गई।

**दवा की आड़ में शराब का कारोबार:** टाउन डीएसपी अशोक सिंह ने बताया कि 16 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद हुआ है। मौके पर शराब कारोबारी नहीं था, इस वजह से उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई है। बहुत जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। यह तो बिल्कुल स्पष्ट है कि दवा की आड़ में शराब का कारोबार किया जा रहा था।

**10 लाख की दवा बरामद:** वहीं, ड्रग इंस्पेक्टर यशवंत झा ने बताया कि राजकुमार पैलेस स्थित दवा दुकान केके मेडिको के सेकंड फ्लोर पर नारकोटिक्स और साईक्रेटिक्स दवा बरामद की गई है। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपए है। केके मेडिको से संबंधित इस गोदाम में अवैध रूप से दवा रखी गई थी। इस बिल्डिंग में 4 गोदाम है, जिसकी कोई अनुज्ञप्ति प्राप्त नहीं है।

# तेजस्वी बोले-पीएम के छलावे में ना आएं

## बगहा में कहा- मेरी मूंछ भी नहीं आई थी, तब से केस में फंसाने की चल रही साजिश

**एजेंसी, पटना।**

बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने रविवार को बगहा में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी पर निशाना साधा। कहा कि चंपारण महात्मा गांधी की भूमि रही है। यह भूमि मोहनदास करमचंद गांधी को महात्मा बनाने का काम किया है। जिसे हम कभी भी भुला नहीं सकते हैं। यहां लगातार एनडीए के MLA और MP बनते आए हैं, तब भी यहां बदहाली और गरीबी है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री पर निशाना चाहते हुए तेजस्वी ने कहा कि मोदी जी जब आप यहां आते हैं तो बड़ी-बड़ी बात करते हैं, लेकिन चले जाने के बाद यहां के लोगों को याद तक नहीं करते। प्रधानमंत्री कहते थे चौकीदार हैं, लेकिन चौकीदार के रहते हुए, नीरव मोदी, विजय माल्या, ललित मोदी, आदि कई लोग बैंकों को लूट कर भारत का पैसा लेकर देश छोड़कर भाग गए तो नरेंद्र मोदी को वह लोग चोर नजर नहीं आते है। जो भाजपा के सामने लड़ेगा उसपर अपना ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स छोड़ देते हैं। डरो नहीं तो छापा मार देंगे, हम लोग डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जब मेरा मूछ नहीं आया था, तब मुझे केस में फंसाने का काम किया गया। जब मैं विराट कोहली के साथ क्रिकेट खेलता था।

**नीतीश कुमार पर भी साधा निशाना:** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए तेजस्वी ने कहा कि हमारे चाचा तो पलट गए। चाचा जी बोलते थे मर जाएंगे मिट जाएंगे, लेकिन भाजपा में नहीं जाएंगे। मोदी जी ने कहा कि डीएनए खराब है। नीतीश कुमार जब महिला पर टिप्पणी किए थे तो मोदी जी ने कहा था- कितना गिरोगे।लौरिया में अमित शाह ने कहा था कि अब नीतीश के लिए दरवाजे बंद है। लेकिन सब भूल गए, उन्होंने कहा कि जमुई के सभा में नीतीश कुमार ने कहा कि हम तो RJD के साथ झूठे में चले गए थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अपने आप को खुद ही झूठा बोल रहा है। इसके साथ ही उन्होंने नौकरी रोजगार पलायन कारखाने आदि पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मोदी जी जब चंपारण के धरती पर आए थे तब मोतिहारी में कहा था कि अगली बार जब मैं आऊंगा तो इसी मिल के निकले चीनी से चाय पी लूंगा, लेकिन अब तक चीनी मिल नहीं खुली। तेजस्वी यादव ने अपने 17 महीने के कार्यकाल की उपलब्धि बताते हुए कहा कि मैने 5 लाख



युवाओं को रोजगार दिया। मेरी सरकार बनी तो हम 10 लाख युवाओं को रोजगार देंगे लेकिन दुर्भाग्य से हम सरकार नही बना पाए। क्योंकि हमें जबरदस्ती हरा दिया गया। यही चाचा जी ने बोला पैसा कहा से लाएगा बाप के पास से लाएगा। जब 17 महीना का महागठबंधन की सरकार बनी तो यही चाचा जी को 5 लाख युवाओं को रोजगार देने पर मजबूर कर दिया।

**24 के बहाने 25 को भी साध गए तेजस्वी:** मंच से बोलते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि लालू यादव ने ही बगहा को पुलिस जिला बनाने का काम किया है जब हमारे राज्य में सरकार बनेगी तो वाल्मीकि नगर को राजस्व जिला का दर्जा दिया जाएगा।

**छलावे में नहीं आने की अपील की:** पीएम मोदी ने आज (रविवार को) नवादा में चुनावी रैली की। उनकी जनसभा के दौरान नेता प्रतिपक्ष और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया पर लाइव आकर लोगों से प्रधानमंत्री के छलावे में नहीं आने की अपील की तेजस्वी यादव ने कहा कि देश खतरनाक और निर्णायक मोड़ पर है। ये देश बचाने और बनाने की लड़ाई है। चुनाव पीएम मोदी पर नहीं मुद्दों पर होना चाहिए। जिस तरह से मोदी जी जांच एजेंसियों की मदद से अघोषित इमरजेंसी थोंप रहे हैं, झूठे मामलों में मुख्यमंत्रियों को जेल भेजा जा रहा है, कल के दिन ये जीत गए तो किसान, कर्मचारी और व्यापारी को क्या समझेंगे। सभी से अपील करते हैं कि विवेक से निर्णय लीजिए, नहीं तो आनेवाली पीढ़ियों को काफी नुकसान होगा। तानाशाही पूरे देश में है।

**400 क्या 100 भी पार नहीं कर पाएंगे:** मोदी जी 400 पार की बात करते हैं। वे 400 क्या 100 भी पार नहीं कर पाएंगे। तलवार से नहीं वोट के चोट से जवाब देने का काम कीजिए। हमलोग लगातार गरीबी, बेरोजगारी, मुद्दे की बात करते हैं, किसान, मजदूरों की बात करते हैं, विकास की बात करते हैं, भाईचारे की बात करते हैं, लेकिन मोदी जी कभी भी सिंचाई,महंगाई, सुनवाई, कार्रवाई की बात नहीं करते हैं। नरेन्द्र मोदी और भाजपा के लोग उन मुद्दों को नहीं छूते हैं। वे लगातार हमलोगों को गालियां देने का काम करते हैं। 2014 से उन्होंने कुछ नहीं किया। आज हमलोग आपके बीच में बेरोजगारी के आंकड़े भी रखेंगे।

**10 वर्षों में महंगाई चरम पर है कि नहीं?:** तेजस्वी यादव ने कहा कि आप अपने आप से पूछिए कि पीएम मोदी के 10 सालों में महंगाई चरम पर नहीं है क्या? मोदी जी कह रहे हैं कि 80 करोड़ लोगों को अनाज बांट रहे हैं। हालांकि कांग्रेस के जमाने से अनाज बांटा जा रहा है। आज गरीबी इतनी है कि 80 करोड़ को अनाज बांटा जा रहा है।

**बेरोजगारी ने 46 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है:** बेरोजगारी ने 46 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। भयानक आंकड़े मेरे सामने हैं। इंटरनेशनल लेबर आर्गनाइजेशन और इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन डेवलपमेंट के आंकड़ों के अनुसार देश के बेरोजगारों में 83 फीसदी युवा हैं। पढ़े-लिखे युवाओं में बेरोजगारी दर साढे 65 पर्सेंट हैं। ग्रामीण इलाकों में सिर्फ साढ़े17 फीसदी युवा के पास काम है। 82 फीसदी गांव के युवा बेरोजगार हैं। आज तक मोदी जी ने इन आंकड़ों के बारे में नहीं बताया।

**चुनाव में मोदी नहीं मुद्दे की बात होनी चाहिए:** मुद्दे पर चुनाव होना चाहिए। मोदी जी 400 पार की बात करते हैं। वे नौकरी, रोजगार, छात्र, नौजवानों, गरीबी, शिक्षा,अस्पताल की बात नहीं करते हैं। ऐसे में देश की जनता कैसे 400 पार करेगी। वे 400 क्या 100 भी पार नहीं कर पाएंगे। इसलिए मोदी नहीं मुद्दे की बात होनी चाहिए। मोदी जी ने क्या-क्या कहा था। 2014 में एनडीए को 40 में से 33 सीटें मिली थीं। 2019 में 40 में से 39 सीटें मिलीं।10 सालों से ऊपर-नीचे डबल इंजन की सरकार है। मोदी जी के आने से आपकी जिंदगी में क्या बदलाव हुए सोचिए।

### 'आपके बेटे को रेप के आरोप में अरेस्ट किया है', पिता ने भेज दिए 45 हजार, कुछ देर बाद पता चला हो गई ठगी

**एजेंसी, पटना।**

पटना में डॉग स्क्वायड के सिपाही से साइबर ठगों ने 45 हजार रुपए की ठगी कर ली है। इसके लिए साइबर ठग ने खुद को दिल्ली में इंस्पेक्टर बता सिपाही के बेटे को रेप केस में अरेस्ट कर लेने की बात कही। साथ ही कहा कि पीड़िता गंभीर है और हॉस्पिटल में भर्ती है। साइबर ठग ने मामला खत्म करने के नाम पर 1 लाख रुपए मांगे। परेशान सिपाही ने 45 हजार रुपए में बात ठीक की और रुपए भेज दिए। इसके कुछ देर बाद सिपाही के बेटे ने फोन किया और पिता को बताया वो तो बिल्कुल ठीक है और अपने कमरे पर है। इसके बाद सिपाही को पता चला कि उसके साथ ठगी हो चुकी है। घटना 2 अप्रैल की है। सिपाही शिव प्रसाद ने साइबर थाना में मामला दर्ज कराया गया है। शिव प्रसाद ने अपने लिखित बयान में बताया है कि उनके मोबाइल नंबर पर 8445817524 से व्हाट्सएप कॉल आया। सामने से कहा गया कि आपका बेटा मेरी कस्टडी में है। आपके लड़के ने एक लड़की का रेप किया है। लड़की की हालत नाजुक है। ठग ने कहा- अगर आप चाहते हैं कि आपका लड़का बच जाए तो आपको 1 लाख रुपए भेजना होगा। ताकि लड़की के घर वालों का मुंह बंद किया जा सके। शिव प्रसाद ने कहा कि मेरे लड़के से बात कराइए। ठगों ने किसी दूसरे आदमी से उनकी बात कराई। वो काफी रो रहा था। पर आवाज बेटे जैसे ही थी। उसने कहा कि मुझे बचा लीजिए पापा। ये लोग बहुत मार रहे हैं। ठग ने फोन उससे ले लिया और कहा कि आपको एक अकाउंट नंबर भेज रहे हैं। इसी में रुपए डाल दीजिए। शिव प्रसाद ने कहा कि मेरे पास अभी सिर्फ 45 हजार रुपए हैं, ये मैं भेज रहा हूं। शिव प्रसाद ने रुपए ठग को भेज दिए।

### धागे से बनाई अयोध्या के श्रीराम लला की तस्वीर


**पटना।** देश में 17 अप्रैल को रामनवमी मनाई जाएगी। इस बार की रामनवमी खास होगी क्योंकि राम मंदिर के निर्माण के बाद लोगों में एक अलग उत्साह है। इसे देखते हुए पटना के कलाकार रमन चंद्रवंशी ने अयोध्या स्थित भगवान राम की प्रतिमा को धागे से तस्वीर बनाई है। 4/4 फीट में इस पेंटिंग को तैयार किया गया है। इस पेंटिंग को बनाने में रमन को 5 दिन का समय लगा। इसमें लगभग 1 किलोमीटर जितने धागे का इस्तेमाल किया गया है। इस तस्वीर को रामनवमी पर पटना के महावीर मंदिर में भेंट चढ़ाई जाएगी। 24 वर्षीय रमन ने बताया कि राम मंदिर के निर्माण के बाद लोगों के मन में काफी उत्साह था। लोग अपनी तरफ से भगवान राम के लिए कुछ ना कुछ कर रहे हैं तो मैं भी एक चित्र बनाकर इसमें अपना योगदान देना चाहता था। इसलिए मैंने भी उस प्रतिमा की छवि को बनाने की कोशिश की।

#### पीएम के बिहार दौरे पर सियासत तेज

### राजद ने कहा-तेजस्वी से घबरा गए हैं मोदी, बीजेपी बोली- महागठबंधन शून्य पर होगी आउट

**एजेंसी, पटना।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 4 अप्रैल को जमुई से चुनावी जनसभा का शंखनाद किया था। अब तीन दिन के अंदर वह दूसरी बार बिहार आ रहे हैं। आज वह बीजेपी प्रत्याशी विवेक ठाकुर के समर्थन में रैली करेंगे। उनके साथ सीएम नीतीश कुमार, एलजेपी (रा) सुप्रीमो चिराग पासवान, हम नेता और बिहार सरकार के मंत्री संतोष मांझी, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के सुप्रीमो उपेंद्र कुशवाहा भी मौजूद रहेंगे। उनके आने से पहले ही महासंग्राम छिड़ गया है। राजद ने हमला बोलते हुआ कहा कि तेजस्वी यादव के 17 महीने के काम से प्रधानमंत्री घबराहट में है। वहीं, बीजेपी ने पलटवार करते हुए कहा



कि इस बार पूरा का पूरा महागठबंधन शून्य पर आउट होगा। बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता कुंतल कृष्ण ने कहा कि प्रधानमंत्री का बिहार के प्रति प्रेम और गंभीरता ही है कि वह तीन दिनों के अंदर दूसरी बार बिहार आ रहे हैं। अभी प्रधानमंत्री का बिहार में और आगमन होगा। बिहार की 15 करोड़ जनता मोदी का परिवार है। पीएम अपने परिवार से अपनी बात कहने आते हैं। अबकी बार 400 के पार और 400 में 40 की 40 सीटें बिहार देगा। तेजस्वी यादव और राजद जैसे पिछली बार शून्य पर आउट हुई थी। इस बार पूरा का पूरा महागठबंधन शून्य पर आउट होगा। पिछली बार गलती से एक सीट मिल गई थी। पर अब बिहार ने यह संकल्प ले लिया है कि इस राष्ट्र निर्माण के महायज्ञ में मोदी का हाथ मजबूत करना और 40 सीटें एनडीए गठबंधन को देना है, मोदी को मजबूती देनी है। जेडीयू एमएलसी खालिद अनवर ने कहा कि बिहार की 40 सीट हम जीतने जा रहे हैं, इसमें कोइ शक नहीं है। बिहार के लोग जानते हैं कि पिछले 18 सालों में नीतीश कुमार ने बिहार को कैसे बनाया, सजाया और संवारा है। उन्होंने बिहार के नौजवानों को रोजगार दिया, बेटियों को पढ़ाने का काम किया।

# गर्मी और लू को लेकर सतर्क रहने का निर्देश



**पटना आयुक्त ने कहा- सभी जिले लू आपदा राहत टास्क फोर्स एक्टिव करें**

**पेय जल का करें इंतजाम**

लू से बचाव के लिए मजदूरों के कार्य अवधि को लचीला किया जा सकता है। कार्य स्थल पर पेय जल की व्यवस्था और लू लगने पर प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की जाए। लू चलने की अवधि में जहां तक संभव हो वाहनों का परिचालन कम से कम करना चाहिए।बिजली के ढीले तारों को ठीक करवाने की व्यवस्था की जाए। निर्बाध बिजली की आपूर्ति की व्यवस्था की जाए।

**एजेंसी, पटना।**

पटना के आयुक्त कुमार रवि ने भीषण गर्मी और लू को देखते हुए लोगों की सुरक्षा के लिए पटना प्रमंडल के सभी जिला पदाधिकारियों को सतर्क रहने का निदेश दिया है। कुमार रवि ने कहा कि सभी जिलाधिकारी लू आपदा राहत टास्क फोर्स को सक्रिय रखें। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के स्वास्थ्य का विशेष ख्याल रखें। पटना प्रमंडल के 6 जिले पटना, नालन्दा, भोजपुर, रोहतास, बक्सर और कैमूर के जिला पदाधिकारियों को आदेश देते हुए आयुक्त कुमार रवि ने कहा कि अधिकतम और न्यूनतम तापमान में सामान्य से अधिक वृद्धि होने की संभावना है।

**लोगों को करें जागरूक:** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के स्थानीय इकाई भीषण गर्मी और लू की चेतावनी जारी करती है। जिलों में गर्मी के मौसम में भीषण गर्मी के साथ लू चलने की आशंका है। इसके कारण जन-जीवन प्रभावित होता है और आम जनता को स्वास्थ्य और पेयजल संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विशेषकर छोटे बच्चों, स्कूली बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं और कार्य के लिए घर से बाहर निकलने वाले व्यक्तियों को काफी समस्याएँ आती हैं। साथ ही पीने के पानी का संकट आ जाता है। आयुक्त ने कहा कि इन सब को देखते हुए गर्मी के मौसम में लू से होने वाले नुकसान को रोकने के लिए प्रशासन और पब्लिक सभी को सतर्क रहने की जरूरत है। आयुक्त ने आपदा प्रबंधन के सभी पदाधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा कि आम जनता विशेषकर छोटे बच्चों, स्कूली बच्चों, गर्भवती महिलाएं और काम के लिए घर से बाहर निकलने वाले व्यक्तियों को भीषण गर्मी और लू की स्थिति में कोई समस्या नहीं होनी चाहिए।

**आपदा प्रबंधन को जानकारी देने का भी निर्देश:** आयुक्त रवि ने कहा कि गर्म हवाए और लू से बचाव के लिए हीट वेब एक्शन प्लान का अनुपालन करें। भीषण गर्मी और लू की संभावना के देखते हुए जिला-स्तरीय लू आपदा राहत टास्क फोर्स को सक्रिय रखें। आम जनता को ''क्या करें, क्या न करें'' के बारे में नियमित तौर पर जागरूक करें। जिला आपदा प्रबंधन कोषांग लू की पूर्व चेतावनी आम जनता को टीवी, रेडियो, प्रिंट मीडिया, प्रेस विज्ञप्ति और एसएमएस के माध्यम से देने का आदेश दिया है।

**पियाऊ का करें इंतजाम:** सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, रेफरल अस्पतालों, सदर अस्पतालों, अनुमंडलीय अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों में लू से प्रभावितों के इलाज के लिए विशेष व्यवस्था की जाए। शहरी क्षेत्रों में सार्वजनिक जगहों पर पियाऊ की व्यवस्था सुनिश्चित रहनी चाहिए। इन स्थानों पर गर्म हवाओं और लू से बचाव से संबंधित सूचनाओं को भी प्रदर्शित किया जाना चाहिए । सभी स्कूलों और परीक्षा केन्द्रों में पेयजल, ओआरएस की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। गर्म हवाएं और लू से बचाव के उपाय से संबंधित सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) सामग्री पम्पलेट, पोस्टर के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराएं।

### 70% प्रैक्टिकल और 30% थ्योरी की पढ़ाई

**एजेंसी, पटना।**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) ने सभी एफिलिएटेड स्कूलों में क्लास छह में वोकेशनल कोर्स की पढ़ाई अनिवार्य कर दी गयी है। वोकेशनल कोर्स की 70 प्रतिशत पढ़ाई प्रैक्टिकल होगी और 30 प्रतिशत थ्योरी होगी। बोर्ड की ओर से सत्र 2024-25 में कक्षा छह के विद्यार्थियों की डिमांड के अनुसार वोकेशनल कोर्स की पढ़ाई कराना अनिवार्य कर दिया गया है। बोर्ड की ओर से 33 वोकेशनल कोर्स की सूची स्कूलों को पहले ही दी गयी है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ब्यूटी एंड वेलनेस, डिजाइन थिंकिंग एंड इनोवेशन, फाइनेंशियल लिट्रेसी, हैंडीक्राफ्ट, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, मार्केटिंग, मास मीडिया, ट्रेवल टूरिज्म, कोडिंग, डाटा साइंस, डिजिटल सिटीजनशिप, लाइफ साइकिल व वैक्सीन, घर में दवाइयां कैसे रखते हैं। ह्यूमेनिटी एंड कोविड-19 फूड, मास्क मेकिंग, ग्राफिक किताबें, रॉकेट, ब्लॉक प्रिंटिंग, कढ़ाई आदि को इसमें शामिल किया गया है।

### लूट की योजना बनाते चार बदमाश गिरफ्तार

**हाजीपुर।** वैशाली के महुआ थाने की पुलिस अधिकारी ने गुप्त सूचना पर महुआ-मुजफ्फरपुर रोड स्थित शेरपुर प्यारे गाछी में छापेमारी कर अपराध की योजना बना रहे 4 बदमाश को गिरफ्तार किया है।

संत लौंगोवाल अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान
Sant Longowal Institute of Engineering and Technology
(शिक्षा मंत्रालय–भारत सरकार के अधीन सम विश्वविद्यालय)
(Deemed to be University under MoE, GOI)
Longowal–148106, Distt. Sangrur, Punjab
E-mail- chairmanset2024@gmail.com, Tel No. 01672 - 280072 / 253136
SET ADMISSION NOTICE
Registration for SLIET Entrance Test (SET-2024) open for Admission to
ICD, B.E. (LATERAL ENTRY), M.Sc. and M.Tech. programmes.
Last Date 15.04.2024
For details visit www.sliet.ac.in. www.slietexam.co.in Director

बिहार सरकार
बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद
आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना–14.
डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश] – 2024
[ D.E.C.E. (L.E.)-2024 ]
विज्ञापन संख्या–बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.ई.सी.ई.[LE])–2024/02 दिनांक– 07.04.2024 bceceboard.bihar.gov.in
नामांकन से सम्बन्धित आवश्यक सूचना
बिहार के विभिन्न पॉलिटेकनिक संस्थानों में अभियंत्रण डिप्लोमा स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष में प्रवेश हेतु आयोजित की जानेवाली डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश]–2024 में सम्मिलित होने के लिये 12th Science उत्तीर्ण (भौतिकी विज्ञान एवं रसायन विज्ञान अनिवार्य विषय के रूप में तथा इसके साथ गणित / जीव विज्ञान में से एक) या 12th Science उत्तीर्ण (गणित विषय के साथ) या 12th Science उत्तीर्ण (वोकेशनल / टेकनिकल विषय के साथ) या 10th + आई.टी.आई. (2 Year course with appropriate trade के साथ) उत्तीर्ण अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रपत्रों में Online आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।
**इस परीक्षा हेतु वैसे अभ्यर्थी ही पात्रता–प्राप्त हैं जो आवेदन भरने की तिथि तक सम्बन्धित शैक्षणिक योग्यता प्राप्त कर चुके हैं।**
2. Online आवेदन के लिये Registration करने की प्रारम्भिक तिथि 09.04.2024 और अंतिम तिथि 07.05.2024 निर्धारित है।
3. डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश]–2024 आयोजित करने की तिथि 09.06.2024 निर्धारित है।
4. पर्षद के Website: bceceboard.bihar.gov.in पर DECE(LE)-2024 की उपलब्ध विवरण पुस्तिका में अभ्यर्थियों के लिए योग्यता/ अर्हता सम्बन्धी विस्तृत विवरण एवं आवश्यक निर्देशों को देखा जा सकता है।
**Online आवेदन प्रक्रिया / विशेष जानकारी के लिए विज्ञापन संख्या**–बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.ई.सी.ई.[LE])–2024/01 दिनांक– 07.04.2024 **पर्षद के वेबसाईट bceceboard.bihar.gov.in पर देखें।**
परीक्षा नियंत्रक

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
ई-पेपर
www.sonvarshavani.com
sonvarshavani.com/epaper


# संक्षिप्त समाचार


## युवक की दबंगों ने की बेरहमी से पिटाईबेहोशी की हालत में सड़क पर पड़ा था, ग्रामीणों ने पहुंचाया अस्पताल

**गया।** गया जिले के नीमचक बथानी थाना क्षेत्र अंतर्गत झरना सरेन घाट के पास शुक्रवार की देर शाम को नाटेश्वर गांव के रामईश्वरी यादव नौडीहा गांव से सेटिंग का काम कर अपने घर नटेशर वापस लौट रहा था। इसी बीच पहले से घात लगाकर बैठे नटेशर और सरेन गांव के दबंग प्रवृत्ति के लोगों ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया। उसके साथ धारदार हथियार से मारपीट कर जख्मी कर दिया। घटना के बाद बस सड़क पर बेहोशी की हालत में पड़ा था, जिसके बाद गांव के ही कुछ लोग उसे मारते हुए देखा तो दौड़ा और उसको इलाज़ के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नीमचक बथानी में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सक ने गंभीर स्थिति को देखते हुए जेपीएन अस्पताल गया रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि उसकी स्थिति इतनी खराब है कि जयप्रकाश नारायण अस्पताल से मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल को रेफर कर दिया गया, जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। इस मामले में जख्मी राम ईश्वरी यादव ने नीमचक बथानी थाना में 11 नामजद और 6 अज्ञात लोगों के विरुद्ध आवेदन दिया है। घटना के संबंध में नीमचक बथानी थाना के थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि मारपीट मामले में गंभीर रूप से घायल राम ईश्वरी यादव के द्वारा 11 नामजद और 6 अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज करने के लिए लिखित शिकायत की है पुलिस में भी उनके फर्द बयान लिया है। आवेदन दिया गया है, प्राथमिकी कर ली गई है। फिलहाल घायल व्यक्ति का इलाज गया मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल में कराया जा रहा है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।



## बगैर नोटिस के ही शिक्षक को किया निलंबित, आरोपी शिक्षक ने खोला मोर्चा, विभागीय अधिकारियों पर लगाए गंभीर आरोप

**गया।** गया में बगैर स्पष्टीकरण जारी किए ही प्राथमिक विद्यालय के प्रिंसिपल को निलंबित किए जाने का मामला तूल पकड़ने लगा है। निलंबित किए गए शिक्षक ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शिक्षक ने विभागीय अधिकारियों के खिलाफ गम्भीर आरोप लगाए हैं। शिक्षक नवीन कुमार का कहना है कि वह कोंच प्रखण्ड के दौलतपुर प्राथमिक विद्यालय उत्तरी में प्राधानाचार्य पद पर कार्यरत हैं। बीती 21 अप्रैल को वह छुट्टी पर थे। उसी दिन बीईओ और डिप्टी डायरेक्टर ने स्कूल की जांच की। जांच में अनुपस्थित और स्कूल में साफ सफाई नहीं रहने का आरोप लगा कर हमें निलंबित कर दिया गया। जबकि उस दिन हम अवकाश पर थे। इस बात की जानकारी बीईओ को भी थी। बावजूद इसके जिला शिक्षा अधिकारी स्तर से निलंबन का आदेश जारी कर दिया गया। वह भी बगैर कारण बताओ नोटिस के ही जो विभागीय प्रकिया के अनुरूप नहीं है। यही नहीं उन्होंने यह भी खुलासा किया कि उन्ही स्कूलों की जांच होती है जो मासिक कमीशन विभाग को नहीं पहुंचाते हैं। इधर जिला शिक्षा अधिकारी ओमकार प्रसाद का कहना है कि इस मामले में जांच चल रही है। निलंबन की कार्रवाई बीते दिनों स्कूल की हुई जांच के दौरान मिले तथ्यों के आधार पर की गई है। शिक्षक को कोई आपत्ति है तो पहले वह अपनी बात विभागीय प्रक्रिया के तहत रख सकते हैं। तभी विभाग कोई कार्रवाई करेगी।



## जहानाबाद ने शेखपुरा को तीन विकेट से हराया




**नालंदा।** नालंदा के एकंगरसराय प्रखण्ड के महमदपुर गांव के खेल मैदान में खेले गए मगध जोन रणधीर वर्मा अंडर 19 क्रिकेट लीग 2023-24 का आठवां मैच शेखपुरा बनाम जहानाबाद के बीच खेला गया। जिसके मुख्य अतिथि के रूप में समाज सेवी महेंद्र प्रसाद ने अपनी उपस्थित दर्ज कराई और जहानाबाद के गौरव कुमार को मैन ऑफ़ दी मैच पुरस्कार दिया। नालंदा जिले के एकंगरडीह में खेले जा रहे रणधीर वर्मा अंडर 19 मैच में जहानाबाद ने शेखपुरा को 3 विकेट से हरा दिया।टॉस जीतकर शेखपुरा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 35.2 ओवर में 10 विकेट खोकर 174 रन का स्कोर खड़ा किया। शेखपुरा की ओर से सूरज 27 रन , शुभम 19 रन, गोविन्द 19 रन तथा सचिन ने 19 रन बनाये। वहीं जहानाबाद की ओर से आयुष ने 3, गौरव, आयुष और अंकित ने 2-2 विकेट अपने नाम किये। जवाब में जहानाबाद की टीम ने 32.1 ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया। जहानाबाद की ओर से गौरव 51 रन, पंकज ने 46 रन और सोनू ने 27 रन का योगदान दिया। शेखपुरा की ओर से सूरज और नीरज ने तीन तीन विकेट अपने नाम किया। मैच के दौरान अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार, जावेद इक़बाल, कोषाध्यक्ष मनोरंजन कुमार, क्लब प्रतिनिधि गोपाल सिंह, मीडिया प्रभारी संतोष पांडे, अम्पायर परवेज़ मुस्तफा, दीपक कुमार, बिक्रम सोलंकी, विजय प्रकाश पिन्नु, क्षितिज प्रियदर्शी इत्यादि मौजूद रहे।

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय राजगीर में नामांकन प्रक्रिया शुरू



**नालंदा।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी नालंदा, राजगीर में कक्षा बाल-वाटिका-3 और कक्षा -1 में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके तहत कक्षा 1 में ऑनलाइन और बाल वाटिका 3 के लिए ऑफलाइन आवेदन लिए जा रहे है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 अप्रैल है। यद्यपि केंद्रीय विद्यालय संगठन ने सत्र 2024-25 के लिए नामांकन प्रक्रिया में अहम बदलाव किए है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आलोक में अब एक कक्षा में नामांकन नियमानुसार 32 बच्चे ही ले सकेंगे। मीडिया प्रभारी संजय कुमार रंजन एवं नामांकन प्रभारी सुरेन्द्र कुमार तांती ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय संगठन भारत सरकार का एक स्वायत्त संस्था है। जिसमें स्थान्तरिनीय केंद्रीय एवम् राज्य कर्मचारियों के बच्चों को प्राथमिकता दी जाती है। उसके अतिरिक्त शिक्षा के अधिकार कोटे में छात्रों को प्रवेश दिया जाता है। विद्यालय के प्राचार्य विवेक किशोर ने कहा कि पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नालंदा,राजगीर प्रमुख शिक्षण संस्थानों में से एक है। यहां लगभग एक हजार बच्चे शिक्षा प्राप्त कर रहें है। इस विद्यालय में प्रवेश हेतु अभिभावक लंबे समय से प्रतीक्षा में थे वे कक्षा एक के लिए ऑनलाइन और बाल वाटिका 3 के लिए ऑफलाइन 15 अप्रैल तक आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा कर सकते है। अन्य किसी कक्षा में कोई रिक्ती नहीं है।

# आईआईएम के दीक्षांत समारोह में पहुंचे उपराष्ट्रपति, 266 स्टूडेंट्स को डिग्री और मेडल करेंगे वितरित

### गवर्नर राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर भी हैं मौजूद

निज संवाददाता। गया

IIM बोधगया में एमबीए 08 बैच के दीक्षांत समारोह रविवार को होगा। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ होंगे। इनके अलावा डॉ. सुदेश धनखड़, बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर और IIM बोधगया के चेयरपर्सन उदय कोटक भी दीक्षांत समारोह में उपस्थित रहेंगे। बता दे, उपराष्ट्रपति धनखड़ गया पहुंच चुके है। गया पहुँचने के बाद सबसे पहले वे महाबोधि मंदिर में गए। वे भगवान बुद्ध का यह दर्शन कर आईआईएम के 6 वें दीक्षांत समारोह में भाग आईआईएम पहुंच गए है। उनके साथ सुदेश धनखड़, गवर्नर राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, आईआईएम बोधगया के प्रशासकीय अध्यक्ष उदय कोटक हैं। यहां वे 266 स्टूडेंट्स को डिग्री व मेडल वितरित करेंगे। वही, आज उनके आगमन को लेकर यानी 10 बजे से लेकर 2 बजे तक गया डोभी मार्ग पर किसी भी प्रकार के वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया है। इस दौरान साइकिल, रिक्शा, बाइक कार और बड़े वाहनों की एंट्री पूरी तरह से बंद रहेगी। यह आदेश शेखवारा से लेकर एयरपोर्ट स्थित गेट नम्बर 5 तक प्रभावी रहेगा। डोभी की ओर से गया आने वाले वहानों को चेरकी मार्ग से सिकड़िया मोड़ आना होगा। इसी तरीके से डोभी जाने वालों को सिकड़िया मोड़ से चेरकी रोड होते हुए डोभी जाना होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ उपराष्ट्रपति और डॉ. सुदेश धनखड़ द्वारा आईआईएम बोधगया में पौधारोपण के साथ होगा। इसके बाद दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना और उपराष्ट्रपति के स्वागत में भाषण होगा। IIM बोधगया निदेशक डॉ. विनीता एस सहाय संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट पर रोशनी डालेंगी।

निदेशक के निर्देशन में शपथ ग्रहण के बाद एमबीए 08 बैच के उत्कृष्ट विद्यार्थियों को उपराष्ट्रपति द्वारा मेडल्स एवं डिग्री प्रदान की जाएगी। 266 छात्रों के अब तक के सबसे बड़े बैच, एमबीए 08 के प्लेसमेंट के लिए संस्थान ने विभिन्न क्षेत्रों और उद्योगों में फैली 120 प्रतिष्ठित कंपनियों की रिकॉर्ड-तोड़ भागीदारी देखी गई। चुनौतीपूर्ण बाजार के बावजूद बैच के लिए औसत पैकेज 14 एलपीए रहा है। छात्रों को सम्मानित करने के बाद राज्यपाल विश्वनाथ आर्लेकर समारोह को संबोधित करेंगे। इसके बाद उपराष्ट्रपति उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगे। उपराष्ट्रपति के प्रस्थान के बाद भी कार्यक्रम जारी रहेगा। एमबीए 08 के सभी मेधावी छात्रों को संस्थान द्वारा डिग्री प्रदान करते हुए सम्मानित किया जाएगा।



## भूसा में लगी आग, दो लोग झुलसे, आग की चपेट में आए पांच जानवर



निज संवाददाता। गया

गया जिले के अतरी थाना क्षेत्र अंतर्गत टेटुआ बीराड़ पर गांव में शनिवार की संध्या गांव के रहने वाले प्रकाश कुमार नामक युवक के रखे एक ट्रक भूसा में अचानक आग लग गई। आग से उठते धुंआ देख ग्रामीण दौड़े आग बुझाने में जुट गए। हालांकि ग्रामीणों से आग नहीं बूझ सकी,आग की लपटे इतनी तेज थी की आग पर काबू पाना मुश्किल हो रहा था। आग लगने की सूचना स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा आनन-फानन में डायल 112 पर दिया गया, जिसके बाद 112 की पुलिस टीम घटना स्थल पर फायर ब्रिगेड को लेकर पहुंचा। जिसके बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक पूरा भूसा जल चुका था भूसा की चपेट में चार से पांच जानवर भी जल गए, जानवरों को बचाने के दौरान गांव के ग्रामीण भी झुलस गए हैं जिनका इलाज स्थानीय अस्पताल में कराया जा रहा है।

**CO ने कहा- मुआवजा मिलेगाः** पीड़ित व्यक्ति प्रकाश को ने बताया कि भूसा में रखें 10 बोरा मसूरी और पांच बोरा खेसारी सहित लगभग 30 मन भूसा जलकर राख हो गया। वहीं पांच जानवर भी झुलस गए है। जानवर को बचाने में गांव के दो व्यक्ति भी झुलस गए हैं। इस संबंध में अतरी सीओ दिलीप कुमार ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलने पर कर्मचारी को भेजा गया है। कर्मचारी अजीत कुमार के द्वारा रिपोर्ट बनाया गया है, जो उचित मुआवजा होगा पीड़ित व्यक्ति को दिया जाएगा।

# एडवोकेट के घर 11 लाख की चोरी, गया में खिड़की की ग्रिल उखाड़कर घुसे थे चोर

### 10 लाख के जेवरात सहित 85 हजार नगद उड़ा ले गए

निज संवाददाता। गया

गया शहर के विष्णुपद थाना क्षेत्र अंतर्गत खटकाचक स्थित गोवर्धन बिहार कॉलोनी के रहने वाले कंचन कुमार सिन्हा के घर में देर रात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। गृह स्वामी घर के दूसरे कमरे में पत्नी और बच्चों के साथ सो रहे थे। तभी चोर घर में खिड़की की ग्रिल उखाड़ कर दाखिल हो गए। जहां 10 लाख रुपए के सोने-चांदी के गहने और 85 हज़ार नगद लेकर फरार हो गए। पीड़ित गया व्यवहार न्यायालय में लॉयर कंचन कुमार सिन्हा ने बताया कि कमरे से सोने चांदी के 10 लाख रुपए मूल्य के आभूषण सेमत 85 हजार नगद रुपए भी अलमीरा से अपराधी ले भागने में सफल हो गए। उन्होंने यह भी बताया उनकी पुश्तैनी जमीन की कागजात थी जो अलमीरा में पड़ी थी, उसे भी साथ ले गए। हालांकि कुछ कागजात बाहर गिरे मिले। पीड़ित कंचन सिन्हा ने बताया घटना को लेकर विष्णुपद थाना की पुलिस को लिखित शिकायत की है। जिसके बाद विष्णुपद थाना के पुलिस पदाधिकारी आए और छानबीन कर चले गए हैं। पीड़ित कंचन सिन्हा ने बताया परिवार समेत सभी लोग खाना खाकर कमरे में सोने चले गए। सुबह उठकर जब दूसरे कमरे में किसी काम से गए तो अंदर का हाल देखकर होश उड़ गए। देखा कमरे का सारा सामान बिखरा पड़ा है। अलमारी खुला है और उसके अंदर रहे लगभग 10 लाख के सोने-चांदी के आभूषण जिसमें सोने का बाली 6 जोड़ी, सोने का चैन 3 पीस, सोने का कंगन अलग-अलग दो जोड़ा, सोने का अंगूठी 4 पीस, सोने का टीका नथिया चार जोड़ा, चांदी का कमरधनी एक पीस, चांदी का पायल 4 जोड़ा, चांदी का किया 5 पीस, चांदी का सिक्का 18 पीस, सोने का सिक्का 10 ग्राम एक पीस सहित 85 हजार रुपए नकद गायब थे। एडवोकेट कंचन सिन्हा ने बताया इस तरह की बड़ी घटना के बाद गोवर्धन बिहार कॉलोनी में रहने वाले लोगों में दहशत का माहौल कायम है। उनका कहना है कि पहले तो दुस्साहसी चोर घर बंद कर जाने के बाद इस तरह की घटनाओं को अंजाम देते थे। लेकिन अब घर में रहते चोरी की वारदात को अपराधी अंजाम दे रहे हैं। मानो अपराधियों में पुलिस का भय हीं न रहा हो। ऐसा लगता है इलाके में अपराधी निडर होकर चोरियां कर रहे है। बताया इसका कारण यह भी है कि हमारे मोहल्ले में नियमित रात्रि गश्ती पुलिस नहीं करती सिर्फ सड़क के मुख्य मार्ग से होकर चली जाती है। घटना को लेकर विष्णुपद थाना के पुलिस पदाधिकारी ने बताया खटकाचक स्थित गोवर्धन विहार कॉलोनी के रहने वाले एडवोकेट कंचन कुमार सिन्हा के घर चोरी की घटना हुई है। मामले में प्राथमिक की दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



# 10 हजार के लिए हथौड़ी से मार मालिक की हत्या

### सिर पर किए कई वार, आरोपी मजदूर बोला-माता-पिता को जिंदा रखना मेरा कर्तव्य

निज संवाददाता। गया

गया में एक मजदूर ने अपने मालिक की हथौड़े से मारकर हत्या कर दी। दोनों के बीच मजदूरी के बाकी के 10 हजार रुपए को लेकर बहस हुई थी। गुस्से में आरोपी ने मालिक के सिर पर हथौड़ा मार दिया। इतना ही नहीं उसके जमीन में गिरने के बाद सिर पर कई बार वार किए। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मामला गुरारू प्रखंड बाजार का है, जहां के रहने वाले एक व्यवसायी की शनिवार को मजदूर ने हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी मजदूर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हाजत में जब पत्रकारों ने पूछा कि हत्या क्यों की, तो कहा कि माता-पिता को जिंदा रखना मेरा कर्तव्य है। इधर पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। उसे पोस्टमॉर्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज गया भेजा जा रहा है।



**बाइक से मजदूर को घर छोड़ने जा रहा थाः** गुरारू थानाध्यक्ष चाहत कुमार ने बताया कि देर रात सोनू अग्रवाल अपने मजदूर मिथिलेश रविदास को बाइक से उसके घर कोची गांव छोड़ने गया था। मिथिलेश पुराने मकान को तोड़ने का काम करता है। रास्ते में दोनों के बीच बकाया मजदूरी को लेकर बहस होने लगी। बाइक सोनू चला था। कोची घर पहुंचने से करीब 500 मीटर पहले दोनों के बीच जम कर बहस हो गई। दोनों बाइक रोक कर बहस करने लगे। इसी बीच मिथिलेश ने हथौड़ी से सोनू के सिर पर हमला कर दिया। इससे वह मौके पर ही अचेत होकर जमीन पर गिर गया। बावजूद इसके मजदूर ने सोनू के सिर पर हथौड़ी से कई हमले कर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद वह मौके से भाग गया।

**पुलिस की पैट्रोलिंग टीम ने सड़क किनारे शव देखाः** इस घटना के बाद कोची रास्ते से गुरारू पुलिस की पैट्रोलिंग टीम गुजर रही थी। सड़क किनारे लावारिस बाइक देख कर पुलिस ने छानबीन की तो पता चला कि सड़क किनारे एक शव भी पड़ा है। शव की शिनाख्त उसकी जेब से बरामद आधार कार्ड हुई। पुलिस ने मृतक के घर वालों को सूचना दी। मृतक की पत्नी ने बताया कि सोनू मजदूर मिथिलेश को घर छोड़ने गया था। इस पर पुलिस ने छानबीन की और आरोपी को गांव से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मजदूर के मुताबिक दस हजार रुपए बकाया था। इसकी जांच की जा रही है।

# तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, एक की मौत, 4 जख्मी

### देवघर से गया लौट रहे थे सभी, तेज रफ्तार की वजह से हुआ हादसा

निज संवाददाता। जमुई

जमुई के चंद्रमंडीह थाना क्षेत्र के चकाई-देवघर मुख्य मार्ग पर अपना ढाबा के पास एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकरा गई। इस हादसे में कार पर सवार पांच लोग घायल हो गए। जिसमें दो को गंभीर स्थिति में चकाई अस्पताल लाया गया। जहां जांच के बाद डॉक्टर ने एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। जबकि दो घायलों का इलाज माधोपुर स्थित एक निजी क्लिनिक में चल रहा है। वहीं घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जबकि दो अन्य घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए जमुई रेफर कर दिया। मृतक व्यक्ति की पहचान गया निवासी शिवशंकर खेतान के रूप मे की गईं। जबकि घायल की पहचान चयन खेतान ,सुमित कुमार के रूप मे की गईं। सभी एक ही परिवार के सदस्य बताए जा रहे है।बताया जाता है कि सभी देवघर से वापस गया लौट रहे थे। इसी दौरान चन्द्रमंडीह थाना क्षेत्र के अपना ढाबा के पास कार असंतुलित होकर एक पेड़ से टकरा गई। जिससे यह घटना घटी। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही चंद्रमंडी पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की सहयोग से सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया एवं कार को अपने कब्जे में लेकर मामले की छानबीन में जुट गई है।

## हथियार-कारतूस के साथ 7 अपराधी गिरफ्तार, हथियार के साथ फोटो था वायरल

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा की इस्लामपुर एवं तेलमर पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कुल सात लोगों को हथियार कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस्लामपुर पुलिस को व्हाट्सएप पर हथियार लहराते हुए एक युवक का फोटो प्राप्त हुआ था। इस आलोक में इस्लामपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के जैतीपुर गांव निवासी संतोष प्रसाद के बेटे सुधीर कुमार को अवैध देसी कट्टा एवं दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं, तेलमर पुलिस ने छह अपराध कर्मियों को हथियार कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सक्रिय अपराध कर्मियों के विरुद्ध तेलमर पुलिस के द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में नया खंधा तथा काजीचक गांव में छापेमारी कर एक रेगुलर राइफल, एक देशी पिस्तौल और भारी मात्रा में जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। पकड़ा गया अभियुक्त नया खंधा निवासी रामाश्रय यादव का बेटा राजाराम यादव, काजीचक गांव निवासी बृजनंदन यादव का बेटा उपेंद्र यादव, संतोष यादव, विकास यादव एवं मुस्तफापुर गांव निवासी श्याम किशोर सिंह का बेटा रंजीत कुमार है। छापेमारी टीम में हिलसा डीएसपी 2 गोपाल कृष्ण, तेलमर थाना अध्यक्ष शत्रुघ्न शाह, इस्लामपुर थाना अध्यक्ष संजीव कुमार रवि कुमार खुर्शीद अंसारी, हरिनंदन कुमार, मुकेश कुमार समेत इस्लामपुर एवं तेलमर थाना की सशस्त्र पुलिस बल शामिल रही।



# ईद, चैती छठ को लेकर प्रमंडल आयुक्त ने दिए निर्देश, घाटों पर गोताखोर रहेंगे तैनात

निज संवाददाता। नालंदा

पटना प्रमंडल आयुक्त कुमार रवि एवं आईजी गरीमा मलिक के द्वारा आगामी पर्व/ त्यौहार यथा ईद ,चैती छठ एवं रामनवमी के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु पूर्व तैयारी से आवश्यक दिशा निर्देश पदाधिकारीयों को दिए गए हैं।

**मस्जिद एवं छठ घाटों पर रहे सफाई व्यवस्थाः** निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि ईद के अवसर पर मस्जिद एवं नमाज स्थल पर साफ-सफाई, भीड़ प्रबंधन एवं विधि व्यवस्था सुदृढ़ रखा जाए। चैती छठ के अवसर पर छठ घाटों पर साफ सफाई, लाइटिंग, एनडीआरफ, गोताखोर की व्यवस्था , मैकिंग , अग्निशमन दस्ता ,दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति, नियंत्रण कक्ष आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ।




**रामनवमी पर्व को लेकर रहे चौकसः** रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न करने के उद्देश्य से संबंधित पदाधिकारी को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि संवेदनशील संबंधित स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें। रामनवमी पर्व के मद्देनजर भीड़ प्रबंधन एवं विधि व्यवस्था सुदृढ़ रखे, उपद्रवी तत्वों पर निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करें, रामनवमी जुलूस हेतु लाइसेंस सुरक्षा की दृष्टिकोण से शर्तों के अनुसार निर्गत करें। संवेदनशील बसावटों में फ्लैग, पेट्रोलिंग लगातार करते रहे, डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे, सोशल मीडिया/ फेक न्यूज पर कड़ी निगरानी रखें, ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ रखें ।

**मतदान एवं मतगणना को लेकर तैयारी रखे पुख्ताः** निरोधात्मक करवाई यथा 107 ,110, सीसीए की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। आयुक्त ने कहा की 29 नालंदा लोक सभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान एवं मतगणना के निमित्त कर्मियों के इलेक्शन सॉफ्टवेयर में डाटा इंट्री करने, पुलिस कर्मियों के फोर्स डेप्लॉयमेंट सॉफ्टवेयर में डाटा इंट्री करने, ईवीएम, वीवीपैट की सुरक्षा व्यवस्था, डिस्पैच सेंटर पर स्ट्रांग रूम की तैयारी, आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने,लॉ एंड ऑर्डर, क्रिटिकल एवं वूलनेरेबिलिटी मैपिंग,सी भिजिल, इएस एमएस, हेलीपैड, हवाई अड्डा, ड्रोन, पुलिस की उपलब्धता, मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधा की उपलब्धता, पूर्व के चुनाव में कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्र में स्वीप गतिविधि अंतर्गत मतदाता को जागरूक करने से संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आयुक्त द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 से संबंधित आमजन के सुविधा हेतु "इलेक्शन साथी एंड्रॉयड एप्लीकेशन एण्ड चाटबोट " का भी शुभारंभ किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### इजराइली सेना ने हमास के वरिष्ठ अधिकारी को उतारा मौत के घाट

**गाजा, एजेंसी।** इजराइली सेना ने घोषणा की है कि गाजा पट्टी पर उसके हवाई हमलों में हमास का एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी मारा गया है। आईडीएफ के प्रवक्ता अविचाई अद्राई ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि इजराइली रक्षा बलों और शिन बेट सुरक्षा सेवा ने गाजा और इजराइली क्षेत्रों पर हमले की योजना बना रहे हमास के अधिकारी को मार डाला। उन्होंने बताया कि मारा गया अकरम अब्दुल रहमान हुसैन सलामा हमास में कई उच्च पदों पर था।बयान में कहा गया है कि इजराइली सेना और इजराइली क्षेत्रों पर बड़े हमलों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने के लिए उसकी तलाश की जा रही थी।

### पाकिस्तान में 2 अलग-अलग ऑपरेशन में 10 आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में सुरक्षा बलों ने दो अलग-अलग ऑपरेशनों में कम से कम 10 आतंकवादियों को मार गिराया। मीडिया ने शनिवार को अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी।पाकिस्तानी सेना की मीडिया विंग के मुताबिक, सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा के डेरा इस्माइल खान और उत्तरी वजीरिस्तान जिलों में खुफिया जानकारी के आधार पर ऑपरेशन चलाया।समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि पहले ऑपरेशन में धुआंधार गोलीबारी के बाद आठ आतंकवादी मारे गए। उन्होंने कहा कि ये आतंकवादी गतिविधियों के साथ-साथ निर्दोष नागरिकों की हत्या में भी सक्रिय रूप से शामिल थे।आईएसपीआर के बयान में यह भी उल्लेख किया गया है कि ऑपरेशन के दौरान भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किए गए।डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, आईएसपीआर ने आगे कहा कि उत्तरी वजीरिस्तान में दूसरा ऑपरेशन भी चलाया गया।रिपोर्ट में कहा गया, इस ऑपरेशन के दौरान दो आतंकवादियों को मार गिराया गया। उनके पास से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किए गए।पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सफल ऑपरेशन के लिए सुरक्षा बलों की सराहना की है।

### बाढ़ की गंभीर स्थिति में रूस, लगभग 4 हजार लोगों को किया गया रेस्कयू; 2,500 से अधिक घर बाढ़ से प्रभावित

**मॉस्को एजेंसी।** रूस में यूराल नदी में बाढ़ आने से आसपास के गांवों में पानी प्रवेश कर जाने से बड़ी संख्या में लोग अपने घरों में फंस गए। अत्यधिक पानी के दबाव के कारण एक बांध भी टूट गया। प्रांतीय सरकार ने शनिवार को ओ?र्स्क क्षेत्र से दो हजार लोगों को सुरक्षित निकाला। यह क्षेत्र कजाकिस्तान सीमा पर स्थित है। आपातकालीन सेवा की ओर से जारी वीडियो में बचाव के वक्त लाइफ जैकेट पहने लोग नजर आ रहे हैं। शुक्रवार को यूराल पर्वत के आरेनबर्ग क्षेत्र में स्थानीय अधिकारियों ने नदी किनारे रहने वाले लोगों से बांध टूटने के बाद क्षेत्र को खाली करने का आग्रह किया था। बांध टूटने के पीछे इसका ठीक से रखरखाव न होना बताया जा रहा है। कजाकिस्तान सीमा के पास ओरेनबर्ग क्षेत्र में बांध टूटने के बाद आई बाढ़ के कारण 4,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित बचाया गया। ऑरेनबर्ग गवर्नर के कार्यालय ने शनिवार को कहा कि 1,019 बच्चों सहित 4,208 लोगों को निकाला गया था और 2,500 से अधिक घर बाढ़ से प्रभावित हुए।

### मियामी के एक बार में ताबड़तोड़ शूटिंग, 2 की मौत; सुरक्षा गार्ड को भी उतारा मौत के घाट

**वाशिंगटन एजेंसी।** अमेरिका के मियामी स्थित एक बार में गोलीबारी के दौरान दो की मौत हो गई, जबकि सात घायल हो गए। फ्लोरिडा के डोरल में सिटीप्लेस डोरल मॉल के मार्टिनी बार में शनिवार सुबह करीब साढ़े तीन बजे मामला सामने आया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि जब एक सुरक्षा गार्ड ने मामले में हस्तक्षेप किया, तो अज्ञात शख्स ने उसे गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। वहां, मौजूद दो पुलिस अधिकारियों ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें हमलावर मारा गया। डोरल पुलिस प्रमुख एडविन लोपेज ने कहा कि एक अधिकारी को पैर में गोली लगी है। फायरिंग के दौरान आसपास मौजूद छह लोगों को गोली लग गई।

# पीएम ओर्बान के खिलाफ सड़कों पर उतरे लोग, इस्तीफे की मांग; सरकार की नीतियों को लेकर विरोध प्रदर्शन



**बुडापेस्ट, एजेंसी।** हंगरी के बुडापेस्ट शहर में हजारों की संख्या में लोग सड़कों पर उतरे, भीड़ का यह जमावड़ा प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बान के प्रशासन के खिलाफ था। शनिवार को विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व सरकारी के पूर्व सहयोगी पीटर मग्यार ने किया। अप्रभावी राजनीतिक विरोध से निराश रूढ़िवादी और उदार हंगेरियाई लोगों को एक साथ लाने के उद्देश्य से पीटर मग्यार ने विशाल चौराहे पर मौजूद लोगों को संबोधित किया। अपने संबोधन में पीटर मग्यार ने कहा कि कदम दर कदम हम अपनी मातृभूमि वापस ले रहे हैं। एक नया देश, एक संप्रभु, आधुनिक और यूरोपीय हंगरी का निर्माण कर रहे हैं। इस दौरान भीड़ ने ओर्बान इस्तीफा दो और हम डरे हुए नहीं है के जमकर नारे लगाएं। इस दौरान कई लोगों ने राष्ट्रीय ध्वज हाथ में लिए हुए थे। फरवरी माह में मग्यार सरकार के करीबी बन गए और इस दौरान ओर्बान के प्रशासन के आंतरिक कामकाज के बारे में विवादास्पद टिप्पणी की। जिसके बाद से वो ओर्बान प्रशासन के खिलाफ लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। जनवरी 2023 की अपने पूर्व पत्नी वर्गा से की गई बातचीत की रिकॉर्डिंग को उन्होंने मार्च में पोस्ट की। जिसमें बताया कि कैसे ओर्बान के कैबिनेट प्रमुख एंटल रोगन के सहयोगियों ने न्याय मंत्रालय के पूर्व राज्य सचिव पाल वोल्नर से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में अभियोजन फाइलों के साथ छेड़छाड़ करने का कोशिश की। एक मीडिया रिपोर्ट में मुताबिक, वर्गा कहती है कि उन्होंने अभियोजकों को सुझाव दिया कि क्या हटाया जाना चाहिए। उनकी नौकरियां छूट जाने के कारण हंगरी की सरकार ने उन्हें एक अवसरवादी के तौर पर प्रचारित किया। हालांकि, जून में यूरोपीय विधायी चुनावों से पहले मग्यार की बढ़ती लोकप्रियता ओर्बान के लिए एक राजनीतिक चुनौती बनती जा रही है। गौरतलब है कि फरवरी माह में एक दुष्कर्म कांड भी सामने आया था, जिसमें प्रधानमंत्री के दो मुख्य राजनीतिक समर्थकों, वर्गा और पूर्व राष्ट्रपति को पद से हटा दिया गया था।

## दक्षिण चीन सागर में अमेरिका समेत चार देश करेंगे संयुक्त नौसैनिक अभ्यास, ड्रैगन को लग सकती है मिर्ची



**मनीला एजेंसी।**
अमेरिका, जापान, आस्ट्रेलिया और फिलीपींस रविवार को दक्षिण चीन सागर में शक्ति प्रदर्शित करने के लिए अपना पहला संयुक्त नौसैनिक अभ्यास करेंगे। दक्षिण चीन सागर में बीजिंग की आक्रामक कार्रवाइयों से उत्पन्न खतरे के बीच होने जा रहे संयुक्त अभ्यास में पनडुब्बी रोधी युद्ध प्रशिक्षण भी शामिल रहेगा। चीन ने अभी तक इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। अपने रक्षा प्रमुखों की ओर से शनिवार को जारी संयुक्त बयान में चारों देशों ने कहा है कि चार सहयोगी और सुरक्षा साझीदार शांतिपूर्ण और स्थिर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में कानून के शासन की रक्षा और नौवहन एवं विमानों की आवाजाही की स्वतंत्रता बनाए रखने के लिए सैन्य अभ्यास करेंगे। बयान में चीन का नाम नहीं लिया गया है, लेकिन चारों देशों ने अपने इस रुख की पुष्टि की कि 2016 का अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता का फैसला अंतिम और कानूनी रूप से बाध्यकारी है। अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता फैसले में ऐतिहासिक आधार पर चीन के व्यापक दावों को अमान्य किया गया था। चीन ने मध्यस्थता में भाग लेने से इन्कार करने के साथ ही फैसले को ठुकरा दिया था और लगातार उसकी अवहेलना करता आ रहा है। तनावपूर्ण गतिरोध के बाद 2013 में फिलीपींस चीन के साथ विवाद को अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता में लेकर पहुंचा था।

## पाकिस्तान बार काउंसिल ने सुप्रीम कोर्ट से की न्यायिक आयोग के गठन की मांग

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
पाकिस्तान बार काउंसिल ने न्यायिक मामलों में शक्तिशाली खुफिया एजेंसियों के कथित हस्तक्षेप की शिकायतों की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय के मौजूदा न्यायाधीशों वाले एक न्यायिक आयोग की मांग की है। पीबीसी ने शुक्रवार को कहा कि सच्चाई का पता लगाने के लिए निष्पक्ष जांच को लेकर न्यायिक आयोग का गठन आवश्यक है। पीबीसी ने यह मांग ऐसे वक्त की है जब सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष आबिद शाहिद जुबेरी ने भी इस मुद्दे पर स्वतः संज्ञान लेकर शुरू की गई सुनवाई में एक पक्षकार बनाए जाने के लिए शीर्ष अदालत का रुख किया है।

पीबीसी की बैठक में पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश काजी फैज ईसा और इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक के इस्तीफे की मांग के मुद्दे का भी जिक्र करते हुए उनके खिलाफ सोशल मीडिया अभियान की निंदा की। पीबीसी के उपाध्यक्ष रियाजत अली सहर ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मंजूर एक प्रस्ताव में पीबीसी ने कहा कि न्यायाधीशों को निशाना बनाना ठीक नहीं है, क्योंकि ऐसी मांग उन लोगों के हाथों को मजबूत करने के समान है जो न्यायपालिका में विभाजन चाहते थे। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के छह न्यायाधीशों द्वारा शीर्ष न्यायिक परिषद (एसजेसी) को 25 मार्च को लिखे गए पत्र के मद्देनजर न्यायिक मामलों में खुफिया एजेंसियों के कथित हस्तक्षेप के मुद्दे पर बैठक में विस्तार से चर्चा हुई।

सरकार ने आरोपों की जांच के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीश तसद्दुक जिलानी वाले एक सदस्यीय आयोग का गठन किया, लेकिन उन्होंने खुद को इससे अलग कर लिया। बाद में उच्चतम न्यायालय के सात न्यायाधीशों पीठ ने मामले का स्वतः संज्ञान लिया। प्रधान न्यायाधीश ने मामले पर सुनवाई के लिए पूर्ण-अदालत पीठ की स्थापना का संकेत दिया। अपने प्रस्ताव में, पीबीसी ने उच्चतम न्यायालय से वर्तमान स्वत संज्ञान मामले पर यथाशीघ्र निर्णय लेने का आग्रह किया। प्रस्ताव में कहा गया है कि न्यायाधीशों को देश में सर्वोच्च सम्मान प्राप्त है, वे मामलों पर निर्णय देने और फैसले पर पहुंचने से पहले आरोपों पर सावधानीपूर्वक विचार-विमर्श करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाते हैं। प्रस्ताव के अनुसार, न्यायाधीश कानूनी प्रणाली की नींव, स्वतंत्रता और निष्पक्षता का प्रतीक हैं, जो बाहरी नैतिक, आंतरिक या बाहरी प्रभावों से बेदाग न्याय प्रदान करने के लिए राजनीतिक या बाहरी दबावों से मुक्त हैं।

## रूस के दो हमलों में सात लोगों की मौत, यूक्रेन की नेशनल पुलिस बोली- यह ड्रोन अटैक था

**कीव एजेंसी।**
यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खार्किव पर दो रूसी हमलों में शनिवार तड़के और दोपहर में आठ नागरिकों की मौत हो गई, जबकि? कम से कम 10 घायल हो गए। वहां के रीजनल ऑफिसर्स ने इसकी जानकारी दी।

हमले के बारे में बताते हुए यूक्रेन की राष्ट्रीय पुलिस ने कहा कि हमला ड्रोन से किया गया था, जबकि रीजनल ऑफिसर्स का कहना है कि रूसी सेना ने मिसाइलों और बम का इस्तेमाल किया। पुलिस और स्थानीय अधिकारियों ने शहर की सड़कों और इमारतों के बगल में लगी आग की तस्वीरें भी जारी की हैं।

खार्किव के मेयर इहोर तेरेखोव ने टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप पर बताया कि शनिवार सुबह तक शेवचेनकिव्स्की जिले में रात को हुए हमले में 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 लोग घायल हो गए। बाद में मृतकों की संख्या बढ़कर सात हो गई।



उन्होंने कहा, हमले में रेसीडेंश्यल इलाकों को निशाना बनाया गया, द्वजसमें कम से कम नौ ऊंची इमारतें, तीन शयनगृह, कई प्रशासनिक भवन, एक दुकान, एक पेट्रोल स्टेशन, एक सर्विस स्टेशन और कारें क्षतिग्रस्त हो गईं। रातों रात रूस ने यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खार्किव पर एक और हमला किया, जिसमें 6 नागरिक मारे गए और कई घायल हो गए। इसमें घरों और स्कूलों को भी नुकसान पहुंचा है।

उन्होंने कहा, ऐसे भयावह और अकारण हमलों से अपने लोगों की रक्षा के लिए यूक्रेन की लड़ाई का समर्थन करने में एक पल भी नहीं गंवाना है। खार्कीव मेयर तेरेखोव ने टेलीग्राम पर कहा कि शनिवार को एक और हमला हुआ, जिसमें कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई। शहर के एक आवासीय क्षेत्र पर हमले के परिणामस्वरूप एक की मौत की जानकारी है। कुछ को चोट भी आई हैं।

## डिजिटलाइजेशन को लेकर यूएनजीए अध्यक्ष ने की भारत की तारीफ, कहा- तकनीक और निवेश देखकर हैरान हूं

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** भारत में तेजी से हो रहे डिजिटलाइजेशन का संयुक्त राष्ट्र सभा भी मुरीद हो गया है। भारत की तारीफ करते हुए संयुक्त राष्ट्र सभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने कहा इससे भारत में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही गरीबी को कम करने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि अन्य देशों को भी इससे देखना चाहिए। मेरा मानना है कि इसे वैश्विक समुदाय के साथ साझा किया जा सकता है।

भारत में डिजिटलाइजेशन का जिक्र करते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने कहा कि जब भी मैं भारत के बारे में सोचना हूं तो मुझे अतुल्य भारत याद आता है। जब मैं वहां था तब मैंने इसे देखा था। मैं उल्लेख कर सकता हूं कि भारत में डिजिटलाइजेशन का बेहतरीन इस्तेमाल किया जा रहा है। गौरतलब है कि फ्रांसिस इस साल 22-26 जनवरी तक आधिकारिक यात्रा पर भारत में थे। इस दौरान उन्होंने नई दिल्ली में विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ द्विपक्षीय बैठक की और जयपुर और मुंबई की यात्रा भी की थी। यात्रा के दौरान उन्होंने सरकारी अधिकारियों समेत लोगों से चर्चा की थी, जिसमें डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे जैसा मुद्दा केंद्र में था।

## जीवाश्म ईंधन सब्सिडी के खिलाफ ग्रेटा थनबर्ग का प्रदर्शन, पुलिस ने लिया हिरासत में

**द हेग, एजेंसी।**
जीवाश्म ईंधन सब्सिडी के विरोध में नीदरलैंड में एक प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने पर्यावरण कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग को दो बार हिरासत में लिया था। शनिवार को ग्रेटा थनबर्ग के नेतृत्व में चल रहे प्रदर्शन के दौरान प्रमुख सड़कों को अवरुद्ध किया गया था, जिसके चलते पुलिस ने उन पर कार्रवाई की थी।

### तकरीबन 400 लोगों को पुलिस ने लिया हिरासत में

पुलिस द्वारा जारी बयान के मुताबिक, शनिवार को प्रदर्शन के दौरान 400 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया था, जिनमें 12 लोगों को उकसाने के आरोप में बंदी बनाया गया है। हालांकि पर्यावरण कार्यकर्ता को ग्रेटा थनबर्ग को बाद में रिहा कर दिया गया था। नीदरलैंड के हेग शहर की ओर जाने वाले प्रमुख सड़क को बाधित करने की कोशिश करने वाले लोगों में 21 वर्षीय स्वीडिश कार्यकर्ता को पहले ही स्थानीय पुलिस ने हिरासत में ले लिया था, हालांकि थोड़े समय बाद उन्हें भी रिहा कर दिया गया।



प्रदर्शन के दौरान दो बार हिरासत में लिया गया ग्रेटा थनबर्ग को

प्रदर्शन के दौरान पहली बार हिरासत में लिए जाने कुछ समय बाद थनबर्ग को छोड़ दिया था। बाद में फिर से वह अपने सहयोगियों के साथ प्रदर्शन में शामिल हो गए। इस दौरान रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाली एक अन्य सड़क को बाधित किया गया। जिसके बाद पुलिस ने फिर से ग्रेटा थनबर्ग को हिरासत में ले लिया, उन्हे पुलिस बैन ले जाया गया।

गौरतलब है कि पर्यावरण समूह एक्सटिंक्शन रिबेलियन(एक्सआर) ने जून में जीवाश्म ईंधन सब्सिडी के संबंध में एक चर्चा से पहले डच सरकार पर दबाव बनाने की रणनीति के तहत प्रदर्शन आयोजित किया गया था। इस दौरान प्रदर्शनकारियों को पुलिस कर्मियों ने मोटरवे में प्रवेश करने से रोका, साथ ही चेतावनी दी थी कि अगर वो ऐसा करते है तो मजबूरन उन पर कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। जिसके जिम्मेदार वे खुद होंगे।

# जनरल बाजवा ने सरकार गिराने की साजिश रची, फिर भी पद से नहीं हटाया- पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक इमरान खान ने कहा कि पूर्व सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा पीटीआई सरकार को सत्ता से बेदखल करने की कोशिश में जुटे थे बावजूद इसके हमने उन्हें अपदस्थ नहीं किया। अदियाला जेल में तोशखाना मामले में सुनवाई के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए खान ने कहा कि जनरल बाजवा की हरकतें विश्वासघात की तरह थीं। बावजूद इसके हमने उनके खिलाफ समिति का गठन नहीं किया। मैंने ऐसा पाकिस्तान की



भलाई के लिए किया था। दरअसल, पाकिस्तान के कानून के अनुसार किसी विदेशी राज्य के गणमान्य व्यक्तियों से प्राप्त कोई भी उपहार स्टेट डिपॉजिटरी यानी तोशाखाना में रखना होता है। अगर राज्य का मुखिया उपहार को अपने पास रखना चाहता है तो उसके लिए उसे इसके मूल्य के बराबर राशि का भुगतान करना होगा। यह एक नीलामी की प्रक्रिया के जरिए तय किया जाता है। ये उपहार या तो तोशाखाना में जमा रहते हैं या नीलाम किए जा सकते हैं और इसके माध्यम से अर्जित धन को राष्ट्रीय खजाने में जमा किया जाता है।

कहानी इमरान के प्रधानमंत्री रहते हुए शुरू हुई थी। 2018 में सत्ता में आए इमरान खान को आधिकारिक यात्राओं के दौरान करीब 14 करोड़ रुपये के 58 उपहार मिले थे। इन महंगे उपहारों को तोशाखाना में जमा किया गया था। बाद में इमरान खान ने इन्हें तोशखाने से सस्ते दाम पर खरीद लिया और फिर महंगे दाम पर बाजार में बेच दिया। इस पूरी प्रक्रिया के लिए उन्होंने सरकारी कानून में बदलाव भी किए।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इमरान ने 2.15 करोड़ रुपये में इन गिफ्ट्स को तोशखाने से खरीदा था और इन्हें बेचकर 5.8 करोड़ रुपये का मुनाफा कमा लिया। इन गिफ्टस में एक ग्राफ घड़ी, कफलिंक का एक जोड़ा, एक महंगा पेन, एक अंगूठी और चार रोलेक्स घड़ियां भी थीं। पाकिस्तान की कुछ मीडिया रिपोर्ट की मानें तो मामला सामने आने के बाद इमरान खान ने इसपर बयान भी दिया था। उन्होंने कहा था कि ये गिफ्ट्स उन्हें निजी तौर पर मिले हैं। इसलिए उन्हें इसे अपने पास रखने का अधिकार है।

## ब्रिटेन में तूफ़ान कैथलीन के चलते दर्जनों उड़ानें रद्द

**लंदन, एजेंसी।**
तूफान कैथलीन यूनाइटेड किंगडम में कहर बरपा रहा है। इसके चलते ब्रिटेन की दर्जनों उड़ानें रद्द कर दी गई। एडिनबर्ग, बेलफास्ट, मैनचेस्टर और बर्मिंघम में हज़ारों यात्री फंस गए। मौसम कार्यालय ने इंग्लैंड के अलावा आयरलैंड, स्कॉटलैंड और वेल्स के कुछ हिस्सों के लिए चेतावनी जारी की है। बताया गया है कि ख़राब मौसम के चलते ब्रिटेन के हवाई अड्डों पर प्रस्थान करने वाली और पहुंचने वाली 130 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं। तूफान के कारण पूरे ब्रिटेन में तापमान भी बढ़ गया, जिसके रविवार तक बने रहने की आशंका है। स्कॉटलैंड में उड़ानों के अलावा रेल और नौका सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं। पर्यावरण एजेंसी ने 14 अलर्ट जारी किये हैं, जहां बाढ़ का खतरा है। द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, मौसम कार्यालय ने चेतावनी दी है कि समुद्र से उठने वाली लहरें तटों, तटीय सड़कों और मकानों तक आ सकती हैं, जिससे जान माल का नुकसान हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### अलग-अलग तीन सड़क हादसे में 3 लोगों की मौत:एक को बाइक ने मारी टक्कर तो दूसरे को ट्रैक्टर ने कुचला, तीसरे की बस ने ली जान

**नवादा।** नवादा में तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर से देखने को मिला है। जहां शनिवार को तीन अलग-अलग हादसे में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। पहला मामला जिले के अकबरपुर थाना क्षेत्र के माखर गांव के पास का है। जहां तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान बघना गांव निवासी जाकिर हुसैन के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि जाकिर हुसैन दवा लाने के लिए माखर गांव आया था, तभी सड़क पार करने के दौरान बाइक से टक्कर हो गई। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं पुलिस ने उसके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

**दूसरी घटना-** सिरदला थाना क्षेत्र के बगाना गांव के पास की है। जहां घर से 500 मीटर दूरी पर सामान लाने गए बच्चे को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार दिया। जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सड़क दुर्घटना के बाद जाम किया गया था। मृतक की पहचान नरेश चौधरी का 15 वर्षीय पुत्र अखिलेश कुमार के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि मृतक घर का एकलौता पुत्र था। जिसकी मौत से पूरा परिवार को सदमे में है। घटना की जानकारी मिलते ही सिरदला थानाध्यक्ष संजीत राम दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया साथ ही ट्रैक्टर को जब्त कर सख्त से सख्त करवाई का आश्वासन दिया।

**तीसरी घटना-** रूपौ मध्य विद्यालय के पास तेज रफ्तार बस की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान विशुन पासवान के रूप में किया गया है। बताया जा रहा है कि विशुन पासवान अपने रिश्तेदार को पहुंच कर छनौन गांव से स्कूटी से घर लौट रहे थे। तभी तेज रफ्तार बस ने उनके स्कूटी में टक्कर मार दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। रूपौ के थाना प्रभारी विनय कुमार ने कहा कि घटना की जानकारी मिली है। पोस्टमार्टम के बाद परिवार के हवाले शव को सौंप दिया गया है।

### 14अप्रैल को राजगीर में होगा जन जीवक संघ का राज्य स्तरीय सम्मेलन

**नवादा।** बिहार राज्य जन जीवक संघ का राज्य स्तरीय सम्मेलन सह प्रशिक्षण समारोह आगामी 14 अप्रैल को राजगीर में आयोजित की जाएगी। इस आशय की जानकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष सह नवादा जिलाध्यक्ष डॉ यदुनंदन प्रसाद ने दिया. उन्होंने कहा की सम्मेलन को सफल बनाने के लिये संघ की बैठक नवादा -कादिरगंज पथ स्थित ओम साई हॉस्पिटल में ग्रामीण प्रैक्टिशनर्स की उपस्थिति में मेरी अध्यक्षता में की गयी. बैठक में संघ को मजबूत करने एवं ग्रामीण चिकित्सकों की समस्याओं पर भी विचार विमर्श किया गया. आगामी 14 अप्रैल को राजगीर स्थित सरस्वती भवन में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय सम्मेलन में पटना कैंसर हॉस्पिटल के निदेशक सह प्रख्यात कैंसर सर्जन डॉ नवीन कुमार,डॉ महेश कुमार, बिहार शरीफ के ख्याति प्राप्त हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ चंद्रेश्वर प्रसाद, जनरल फिजिशियन डॉ दीनानाथ प्रसाद सहित कई विशेषज्ञ की उपस्थिति में ग्रामीण चिकित्सकों को प्रशिक्षण भी दिया जायेगा. इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर बेहतर कार्य करने वाले ग्रामीण चिकित्सकों को सम्मानित भी किया जायेगा.बैठक में उपस्थित संघ के प्रदेश महासचिव डॉ विपिन कुमार सिन्हा ने कहा की एनआईओएस के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके ग्रामीण चिकित्सकों को सरकार के द्वारा चलाये जा रहें स्वास्थ्य कार्यक्रमों में भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग भी सरकार के माध्यम से करने के लिये प्रस्ताव पारित किया जायेगा. बैठक में सम्मेलन को सफल बनाने के लिये जोर शोर से तैयारी एवं अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आग्रह भी किया. धन्यवाद ज्ञाओं डॉ रुपेश कुमार ने किया मौके पर सचिव डॉ धनेश्वर प्रसाद, डॉ अजित कुमार,डॉ के के सक्सेना, डॉ प्रयाग प्रसाद,डॉ राजेश कुमार, डॉ अम्बिका प्रसाद डॉ कमलेश प्रसाद, डॉ राजेश प्रसाद चौहान सहित दर्जनों चिकित्सक मौजूद थे.

### अंचल अमीन पर जालसाजी कर फर्जी मापी करने का लगा आरोप

#### एसडीओ को आवेदन देकर की कार्रवाई की मांग

**रजौली।** रजौली अंचल कार्यालय के अंचल अमीन राजकुमार एवं मिराज अंसारी पर जालसाजी कर फर्जी तरीके से जमीन की मापी करने का आरोप लगा है। रजौली हरदिया सेक्टर ए निवासी स्व शिवबालक सिंह के बेटे अजीत सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने एसडीओ को आवेदन देकर अंचल अमीन के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। साथ ही रजौली अंचल में फर्जी तरीके से जमीन की मापी कर बेवजह विवाद उत्पन्न करने पर भी रोक लगाने की मांग की है। एसडीओ आदित्य कुमार पियूष को दिए आवेदन में अजीत सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने बताया कि रजौली अंचल कार्यालय में पदस्थापित अंचल अमीन राजकुमार एवं मिराज अंसारी लोगों के साथ जालसाजी कर फर्जी तरीके से जमीन की मापी कर गलत रिपोर्ट देकर लोगों से रुपए ऐंठने का धंधा करते हैं।उन्होंने बताया कि वर्षों से उनके दखल कब्जा में रही जमीन जिस पर इस समय अर्द्धनिर्मित दुकान भी है उस जमीन का फोरलेन सड़क बनाने के दौरान भू अर्जन कार्यालय के द्वारा जमीन की मुआवजा राशि भी दी गई है। उक्त जमीन पर अंचल कार्यालय के अमीन राजकुमार एवं मिराज अंसारी द्वारा जानबूझकर फर्जी तरीके से दूसरे व्यक्ति मशरूर आलम के नाम से फर्जी हस्ताक्षर कर बगैर उनकी जानकारी के उनके हिस्से की जमीन को कागज पर ही मापी कर अंचल कार्यालय को दिए गए रिपोर्ट में उनकी जमीन को गायब कर दिया। जबकि मशरूर आलम के द्वारा जमीन की मापी के लिए अंचल कार्यालय को कोई आवेदन भी नहीं दिया गया है। जब उन्होंने अंचल अमीन राजकुमार व मिराज अंसारी से इस बारे में पूछा तो राजकुमार एवं मिराज अंसारी ने कहा कि आपका केवाला जाली है इसलिए जहां जाना है, वहां जाओ। अंचल अमीन के इस रवैये से काफी तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई है। आपको बता दें कि रजौली अंचल कार्यालय के अमीन राजकुमार पर रजौली अंचल क्षेत्र में काफी दिनों से जमीन की फर्जी मापी कर लोगों से रुपए ऐंठने का आरोप लगा है। बावजूद अभी तक अंचल अमीन राजकुमार पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। आवेदक मुन्ना सिंह ने यह भी बताया कि अंचल अमीन राजकुमार रजौली अंचल क्षेत्र में जब किसी भी जमीन की मापी करने जाते हैं तो वे खुद के बारे में बताते हैं कि वह अंचल अमीन नहीं बल्कि सर्जन है और सीओ जेनरल फिजिशियन है। वे जो रिपोर्ट देंगे, उसी रिपोर्ट पर सीओ भी कार्रवाई करेंगे। अंचल अमीन राजकुमार का यह वक्तव्य काफी बेतुका और गैरजिम्मेदाराना है इससे रजौली सीओ की प्रतिष्ठा भी धूमिल हो रही है। अंचल अमीन राजकुमार के इस तरह के वक्तव्य से रजौली अंचल कार्यालय क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है।

### मतदाता पर्ची का वितरण

**नारदीगंज।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर बीएलओ को मतदाता पर्ची वितरण किया गया। बीडीओ रंजीत कुमार ने कहा लोकसभा चुनाव को लेकर सभी बीएलओ को मतदाता पर्ची उपलब्ध कराया गया है। कहा है सभी मतदाताओं के घर घर मतदाता पर्ची वितरण करे,और मृत, पलायन के अलावा अनुपस्थित मतदाताओं की मतदाता पर्ची को सुरक्षित रखने का निर्देश दिया गया है।मतदाताओं से मतदाता पर्ची देने के बाद उनसे रिसीविंग भी लेना है,साथ ही मतदाता पंजी में सभी का नाम को अंकित कर अधोहस्ताक्षरी को सूचना देने का निर्देश दिया गया है। इस प्रखंड में 101 बीएलओ के माध्यम से घर घर मतदाता पर्ची का वितरण किया जा रहा है।

### हेमलेट की हुई चोरी

**नारदीगंज।** पीएम नरेंद्र मोदी के कुंती नगर नवादा में आयोजित चुनावी सभा में भाग लेने गए कार्यकर्ता का हेमलेट की चोरी रविवार को हो गया। बाइक मालिक पसई निवासी कृष्ण कुमार का हेमलेट की चोरी हो गई। उन्होंने कहा नया मोड़ के समीप एएसआई सुनील कुमार सिंह ने कार्यक्रम जाने के लिए बाइक को रोक दिए थे। उन्होंने कहा कि बाइक व हेमलेट लेकर कार्यक्रम में नहीं जाना है,उनके आदेश पर वही पर बाइक और हेमलेट के निरीक्षण में रख दिया,जब पीएम मोदी जी का भाषण सुनकर लौटे ,तो बाइक था,लेकिन हेमलेट गायब हो गया। जब उनसे पूछा तो उन्होंने इस बात पर कन्नी काट दिए। मेरा बाइक नम्बर बीआर 27 बी/6961 है।

# महुआ फूल चुनने तथा किमती पेड़ों की कटाई के लिए जंगलों में लगाई जा रही आग,वन विभाग मौन

निज संवाददाता। **रजौली**



गर्मी का मौसम आते ही महुआ के फूल को प्राप्त करने के लिए वनक्षेत्र रजौली के जंगलों में आग लगा दी जा रही है।धमनी, हरदिया, चितरकोली, सवैयाटांड़ पंचायत समेत कई गांव के लोगों का कहना है पतझड़ के बाद जंगल में काफी सूखे पत्ते पड़े रहते हैं।इससे महुआ के फूल को चुनने में परेशानी होती है।वहीं जंगलों में आग लगने के कारण पेड़-पौधों को तो नुकसान पहुंचता ही है।साथ ही मिट्टी एवं वायु प्रदूषण को भी काफी बढ़ावा मिलता है। रजौली प्रखंड में गर्मी में महुआ के मौसम शुरू होते हीं महुआ चुनने के क्रम में जंगलों में आग लगा दिए जाने की घटनाएं लगातार जारी हैं। गर्मी की तपिश बढ़ने के साथ पहाड़ों के जंगलों में आग की लपटें भी तेज हो रही है। जंगलों से कमोवेश हरेक क्षेत्र में सुबह शाम आग की लपटें देखी जा सकती है।दरअसल महुआ चुनने की कार्य शुरु होने के साथ ही जंगलों में आग लगा दी जाती है।लोगों की माने तो वन विभाग की लापरवाही से मिट रही है, जंगल की हरियाली सिमट रही है।रजौली वन क्षेत्र में आए दिन हरे भरे जंगलों में महुआ चुनने वाले तथा पेड़ों की कटाई कर तस्करी करने वाले माफियाओं के द्वारा आग लगा दिया जाता है।जंगल की लकड़ी काटे जाने तथा पेड़ों से गिरकर सूखे पत्ते को लेकर जंगल में आग तेजी से फैलती है।जिससे पर्यावरण पर खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है।

वन विभाग के द्वारा इस दिशा में किसी भी प्रकार की सार्थक पहल नहीं हो पा रही है।गांव समेत मुख्यलय में गर्मी आते ही पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न होने लगती है।पानी का लेवल दिन प्रतिदिन नीचे घटता जा रहा है।पहले रजौली अनुमंडल क्षेत्र में 30 फीट से 50 फीट के अंदर बोरिंग कर पानी निकाल दिया जाता था।लेकिन इन दिनों पर्यावरण पर मंडराते खतरे के कारण 125 फीट से 200 फीट तक बोरिंग करवाना पड़ रहा है।पेड़ पौधे के नुकसान पहुंचाने का असर गांव और शहर में आना शुरू हो गया है।जंगलों में अवैध रूप से पेड़ों की अंधाधुंध कटाई हो रही है।लोगों को जंगल और पेड़ का महत्व को समझाते हुए इसे बचाने का प्रयास अगर नहीं किया गया तो आने वाले समय में पानी का घोर समस्या उत्पन्न हो जाएगी।सच्चाई है कि जंगलों में आग लगने से पेड़-पौधे तो नष्ट होते ही हैं,इसके साथ-साथ वन्य जीवों पर भी असर पड़ता है।लेकिन वन विभाग आज भी कोई ठोस योजना इसपर नहीं बना पा रही है।इधर जल जीवन हरियाली कार्यक्रम का असर कुछ भी धरातल पर नहीं दिखाई दे रहा है।कई पंचायतों में जल जीवन हरियाली मनरेगा के द्वारा बरसातों में पेड़ तो लगा दिया जाता है।लेकिन उसका देखरेख नहीं करने के कारण पेड़ खत्म हो जाते हैं।ऐसे भी जल जीवन हरियाली के तहत पौधे पर देखरेख नहीं किया गया तो जल स्तर तेजी से गिरावट आ सकती है।

**क्या कहते हैं कृषि पदाधिकारी-** प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी ने कहा आग लगने से उर्वरक शक्ति नष्ट हो जाता है,जिससे आने वाले समय में पेड़-पौधे काफी समय तक नहीं उग पाते हैं।जंगल में आग लगने से छोटे-छोटे जीव जंतु भी मर जाते हैं,पारिस्थितिक तंत्र में महत्वपूर्ण योगदान होता है।साथ जी कहा कि मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिए गोबर खाद एवं पानी का उपयोग भरपूर मात्रा में किया जाना चाहिए।

### अवैध विदेशी शराब के साथ एक कारोबारी हुआ गिरफ्तार

निज संवाददाता। **बेगूसराय**

बछवाड़ा थाना क्षेत्र के रानी तीन पंचायत के चामूबन गांव में शनिवार की रात बछवाड़ा थाना की पुलिस ने छापेमारी कर छह कार्टन विदेशी शराब के साथ एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले को लेकर थानाध्यक्ष अमित कुमार कांत ने बताया कि बछवाड़ा थाना कांड के प्राथमिकी अभियुक्त रानी तीन पंचायत के चामूबन निवासी गीता दास के पुत्र धीरज कुमार के घर छापेमारी की गयी । छापेमारी के दौरान उसके घर से पंजाब राज्य राज्य निर्मित रॉयल स्टेक विस्की 375 एमएल का छह कार्टन अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया । साथ ही मौके पर उक्त कारोबारी को गिरफ्तार किया गया । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ पुर्व से भी बछवाड़ा थाना में मामला दर्ज है । साथ ही विदेशी शराब बरामद मामले में आरोपी के विरुद्ध बिहार शराबबंदी व मध निषेध अधिनियम उल्लंघन मामले के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है ।

### बरौनी पत्रकार संघ की बैठक संयोजक महंत रामजीवन दास के नेतृत्व में हुई



निज संवाददाता। **बरौनी/ बेगूसराय**

मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती। ईमानदारी से मेहनत करने वालों में स्वाभिमान की बढ़ोतरी होती है। 7 अप्रैल रविवार को सुबह 9ः बजे बरौनी ब्लॉक स्थित पत्रकार कार्यालय में पत्रकारों की बैठक संपन्न हुई। जिसमें महंत जी के कार्यों की सराहना की गई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष विपिन कुमार ने की। जबकि संचालन संयोजक महंत रामजीवन दास ने की। संघ को नई दिशा देने के लिए संगठन को मजबूत करने पर उपस्थित पत्रकारों ने अपनी अपनी बातों को रखा। यहां तक की बैठक में यह भी निश्चित किया गया की अगली बैठक 1 मई को की जाएगी। जिसमें कोषाध्यक्ष अपने कार्यों की रूपरेखा देंगे। साथ ही साथ कार्यालय अब प्रतिदिन खुलेगी। जिसकी जवाब देही धर्मवीर कुमार, मुकेश राय एवं यदुनंदन पासवान को दी गई। साथ ही ऑफिस के लिए कुछ कुर्सी, टेबल आदि की व्यवस्था की जाएगी। जबकि सचिव सुरेंद्र मेहता ने ऑफिस में एक घड़ी की व्यवस्था कर दी। इस अवसर पर पत्रकार सरोज कुमार , कुंदन कुमार अशोक पासवान, डॉ मनोज कुमार, मुकेश मिश्रा, सहित दर्जनों पत्रकार उपस्थित थे। बैठक में सभी साथियों का धन्यवाद ज्ञापन महंत जी ने की।

# लोकसभा चुनाव में भाजपा के धनबल के मुक़ाबला जनबल से किया जाएगा - भाकपा-माले

निज संवाददाता। **बेगुसराय**



हर घर अभियान चला कर कार्यकर्ता जनता से महागठबंधन भाकपा के उम्मीदवार कामरेड अबधेश राय विजय बनाने की अपील करेंगे दिवाकर भाकपा माले जिला कार्यालय कमलेश्वरी भवन में जिला कमिटी की एक दिवसीय बैठक पार्टी नेता कामरेड नवल किशोर की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक को भाकपा-माले जिला सचिव सह राज्य स्थाई समिति सदस्य दिवाकर प्रसाद ने कहा भाजपा लोकसभा चुनाव में इलेक्ट्रोल बांड से कम्पनी से अबैध उगाही किया गया अकूत धन खर्च कर चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश करेंगे , इसका मुकाबला हमारी पार्टी भाकपा-माले हर घर अभियान चला कर 20 रूपए की चंदा की कूपन के जरिए जनता से सहयोग प्राप्त करेंगे और बेगूसराय लोकसभा से महागठबंधन भाकपा के उम्मीदवार कामरेड अबधेश राय को जीत सुनिश्चित किया जाएगा उन्होंने कहा भाजपा संविधान लोकतंत्र खत्म करने के चुनाव नहीं विपक्षी दलों और जनता के साथ जंग लड़ रही है यही कारण है कि दिल्ली और झारखंड के जनता के चुनें हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन को झूठे मुकदमे में फांसा कर जेल में बंद रखा है उन्होंने बताया बिहार के जन आंदोलन के चर्चित और लोकप्रिय भाकपा-माले विधायक मनोज मंजिल सहित 23 पार्टी कार्यकर्ताओं को हत्या के झूठे मुकदमे में फांसा कर भाजपा के सामंती नेताओं ने कोर्ट से आजीवन कारावास की साजा करवा की जेल में बंद रखा है और विधायकी को तत्काल प्रभाव से भाजपा जदयू सरकार खत्म कर दिया, उन्होंने कहा देश की संविधान लोकतंत्र को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन में शामिल वामपंथी, लोकतांत्रिक विचारधारा के लोग इस लोकसभा में जनबल के जरिए पूरी ताकत से चुनाव में भाजपा की फासीवादी तानाशाही शासन के खिलाफ जंग लड़ रही है और बिहार सहित पूरे देश में चुनाव जीतेंगे भाजपानीत गठबंधन हताश-निराश हो कर 400 पार कह रहे बिहार में 4 सीट जीतने में लाले पड़ जाएंगे और उन्होंने कहा शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार, महंगाई को नियंत्रित करने में भाजपा सरकार फेल हो गया है इसीलिए धर्म के नाम पर हिन्दू मुस्लिम कर रहे हैं किसान मजदूर छात्र युवा महिला मोदी सरकार के झूठे वादों से ठगा हुआ महसूस कर रही है सभी लोग मिलकर चुनाव में भाजपा से वोट नहीं दे कर बदला लेंगे बेगूसराय से भाजपा के वर्तमान सांसद 5 साल में विकास कार्य करने में विफल रही है उन्होंने ने बेगूसराय जिला की जनता को साम्प्रदायिक दंगों में बार-बार जान-माल को क्षति पहुंचाने के काम किया है और अपने ही राज्य सभा सांसद के मां- बहन लगा कर गाली-गलौज करने की घटना घोर निंदनीय है और जिला की जनता को अपमानित करने की काम किए हैं उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए महागठबंधन भाकपा के उम्मीदवार को वोट देकर बेगूसराय के बेटा को विजय बनावे बैठक में पार्टी नेता बैजू सिंह चंद्रदेव वर्मा राजेश श्रीवास्तव इंद्रदेव राम अमरजीत पासवान मो इशराफिल,मो कमाल माटो पासवान जसम राज्य दीपक सिन्हा उमेश बैठा अजय कुमार वतन कुमार महिला नेत्री किरण देवी मुसहरू पासवान कार्यालय सचिव दिवाकर प्रसाद उपस्थित थे

# भगवानपुर व तेघड़ा थाना क्षेत्र के सीमा स्थित औगान, चिल्हाय बहियार में अचानक आग लगने से लगभग 50 बीघा तैयार गेहूं की फसल जलकर हुआ राख





निज संवाददाता। **भगवानपुर बेगूसराय**

भगवानपुर व तेघड़ा थाना क्षेत्र के सीमा अवस्थित औगान,चिल्हाय बहियार में अचानक आग लगने से किसानों के अनुसार लगभग पचास बीघा गेहूं की तैयार फसल जलकर पूरी तरह से राख होने का मामला प्रकाश में आया है। जिससे दोनो थाना क्षेत्र के किसानों में हाहाकार मचा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर में औगान, चिल्हाय बहियार में अचानक तैयार गेहूं की फसल में आग लग गई। जिससे किसानों के बीच अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। जिसके बाद किसानों ने अग्नि शमन विभाग की टीम को सूचना दिया लेकिन रास्ते में ही भगवानपुर थाना की अग्निशमन विभाग की गाड़ी खराब हो गई। जिससे कुछ देर के लिए किसानों में आक्रोश देखा गया किसानों ने कहा कि यदि स-समय भगवानपुर अग्निशमन विभाग की गाड़ी आगलगी स्थल पर पहुंच जाती तो इतनी बड़ी क्षति किसानों को नहीं होती। बाद में तेघड़ा व बरौनी प्रखंड से पहुंची छोटी बड़ी कई अग्निशमन विभाग की गाड़ी व स्थानीय किसानों की मदद से घंटो मशक्कत बाद आग पर काबू पा लिया गया। तब तक किसानों के आंखों के सामने तैयार गेहू की फसल देखते ही देखते लगभग पचास बीघा जलकर राख हो गई। जिसमे किसान शिवशंकर कुमार,राहुल कुमार उर्फ टिंकू, सुधीर चौधरी, मृत्युंजय कुमार,पंकज चौधरी, कुमोद चौधरी , प्रहलाद चौधरी , अर्जुन चौधरी , चिंटू चौधरी ,देवेंद्र चौधरी ,शंभू चौधरी सहित भगवानपुर व तेघड़ा थाना क्षेत्र के दर्जनों किसानों के लगभग पचास बीघा तैयार गेहूं की फसल जलकर राख हो गया। जिसकी सूचना पर पहुंचे रसलपुर पंचायत के मुखिया मुन्ना सहनी, चिल्हाय पंचायत के मुखिया अरविंद कुमार महतो, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि मुकेश राय,भाजपा किसान मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष पंकज चौधरी, पंसस टुनटुन कुमार, कौग्रेस प्रखंड अध्यक्ष यशवंत चौधरी, वॉर्ड प्रतिनिधि प्रवीण शेखर ने प्रखंड प्रशासन से जाचोपरांत उचित मुआवजा देने की मांग किया है।

### आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर खोदावंदपुर क्षेत्र में बनाये गये कुल 57 मतदान केंद्र

निज संवाददाता। **खोदावंदपुर/ बेगुसराय**

आगामी 13 मई को चौथे चरण में होने वाले बेगूसराय लोकसभा चुनाव को लेकर खोदावंदपुर प्रखंड क्षेत्र में कुल 57 मतदान केंद्र बनाये गये हैं, जिनमें सागी पंचायत में 8, दौलतपुर पंचायत में 6, बाड़ा पंचायत में 6, फफौत पंचायत में 9, बरियारपुर पश्चिमी पंचायत में 6, बरियारपुर पूर्वी पंचायत में 8, खोदावंदपुर पंचायत में 7 तथा मेघौल पंचायत में 7 मतदान केंद्र शामिल है. वहीं प्रखंड निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार सागी पंचायत में पंचायत भवन सागी उत्तर भाग, पंचायत भवन सागी दक्षिण भाग, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सागी हिंदी पश्चिम भाग, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सागी पूरब भाग, उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय नुरुल्लाहपुर पश्चिम भाग, उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय नुरुल्लाहपुर पुरब भाग, उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय नुरुल्लाहपुर उत्तर भाग, उत्क्रमित मध्य विद्यालय नारायणपुर को बूथ बनाया गया है, जबकि दौलतपुर पंचायत में उत्क्रमित मध्य विद्यालय मोहनपुर, मध्य विद्यालय बेगमपुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय दौलतपुर उत्तर भाग, उत्क्रमित मध्य विद्यालय दौलतपुर दक्षिण भाग, उत्क्रमित मध्य विद्यालय भोजा उत्तर भाग, उत्क्रमित मध्य विद्यालय भोजा दक्षिण भाग को मतदान केंद्र बनाया गया है. फफौत पंचायत में उत्क्रमित मध्य विद्यालय फफौत हिंदी उत्तर भाग, उत्क्रमित मध्य विद्यालय फफौत हिंदी दक्षिण भाग, उत्क्रमित मध्य विद्यालय फफौत उर्दू, पंचायत भवन मालपुर उत्तर भाग, पंचायत भवन मालपुर दक्षिण भाग, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कन्या तारा उत्तर भाग, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कन्या तारा दक्षिण भाग, मनोरंजन केंद्र मटिहानी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय चकवा को मतदान केंद्र बनाया गया है. बरियारपुर पश्चिमी पंचायत में मध्य विद्यालय तारा बरियारपुर पूरब भाग, मध्य विद्यालय तारा बरियारपुर उत्तर भाग, मध्य विद्यालय तारा बरियारपुर दक्षिण भाग, किसान उच्च विद्यालय तारा बरियारपुर उत्तर भाग, किसान उच्च विद्यालय तारा बरियारपुर दक्षिण भाग, उत्क्रमित मध्य विद्यालय मेही सहनी टोला को मतदान केंद्र बनाया गया है.

# इंडिया गठबन्धन बेगुसराय अंचल कार्यकताओं की बैठक







निज संवाददाता। **बेगुसराय**

इंडिया गठबंधन बेगूसराय अंचल कार्यकर्ता की जीबी बैठक दास भवन बाघी में उत्साह जनक माहौल में किया गया । कांग्रेस आई के नेता श्री श्रीकांत राय, माकपा के पूर्व जिला सचिव कामरेड सुरेश यादव, राजद नेता डॉक्टर राम कैलाश महतो, भाकपा अंचल सचिव कामरेड चंद्र मोहन शाह अकेला की संयुक्त अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया । मंच संचालन भाकपा नेता कामरेड अनिल कुमार अंजान ने किया । बेगूसराय लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार कामरेड अवधेश कुमार राय ने अपने संबोधन में कहा कि हम बेगूसराय जिले के महान विरासत को कायम रखते हुए रुके हुए विकास की गाड़ी को आगे बढ़ाने का काम करेंगे । बदहाल स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सड़क को एक निश्चित समय सीमा के अंदर ठीक करेंगे । भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाते हुए स्थानीय बेरोजगार नौजवानों को रोजगार दिलाने की लड़ाई को आगे बढ़ाएंगे । 17 साल बनाम 17 महीना में हमने जो करके दिखाया इसी रास्ते पर हम आगे भी काम करते रहेंगे । साझी संस्कृति की हिफाजत करते हुए भाईचारे का वातावरण बनाया जाएगा ।सभा को राजद जिला अध्यक्ष मोहित यादव, माकपा के पूर्व जिला सचिव कामरेड सुरेश यादव, भाकपा नेता अनिल कुमार अंजान के साथ-साथ राजद नेता राम कैलाश महतो, भूटन शाह, सुमन पासवान, अनिल शाह, मोहम्मद इकबाल, भाकपा नेता कामरेड सुनील कुमार, इंद्रदेव कुमार, पवन सदा, माले नेता कामरेड चंद्रदेव वर्मा, ए आई एस एफ के जिला अध्यक्ष अमरेश कुमार, कांग्रेस आई के नेता कमल किशोर पोद्दार, विजय सिंह, राम पदारत यादव, माकपा नेता अजय कुमार यादव, रामजी पासवान, युवा नेता गुलशन ठाकुर ने भी संबोधित किया । अपने संबोधन में पूरी एकजुटता का इजहार करते हुए जीत सुनिश्चित करने का सबों ने संकल्प लिया । गठबंधन के तमाम नेताओं ने माला पहनाकर उम्मीदवार का पूरे जोश खरोश के साथ स्वागत किया । बेगूसराय अंचल के मटिहानी विधानसभा के 10 पंचायत एवं बेगूसराय विधानसभा के 15 पंचायत के लिए अलग-अलग 31 31 सदस्सीय चुनाव अभियान समिति का गठन किया गया । जिसका बैठक 9 अप्रैल 2024 को करके आगे की रणनीति तैयार की जाएगी ।श्री श्रीकांत राय के अध्यक्षीय भाषण के साथ सभा समाप्ति की घोषणा की गई ।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## केंद्रीय एजेंसियों का दायरा और सीजेआई की नसीहत

पिछले कुछ वर्षों से केंद्रीय जांच एजंसियों की कार्यप्रणाली लगातार प्रश्नांकित होती रही है। कई मौकों पर अदालतें भी उनकी जिम्मेदारी और जवाबदेही याद दिला चुकी हैं। उसी क्रम में सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश ने भी कहा कि जांच एजंसियों को उन अपराधों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जो देश की सुरक्षा, आर्थिक स्थिति और लोकव्यवस्था के लिए असल में खतरा पैदा करते हों। उन्होंने इस पक्ष को भी रेखांकित किया कि जांच अनिवार्यताओं और व्यक्तिगत गोपनीयता अधिकारों के बीच संतुलन बनाने की तत्काल आवश्यकता है। प्रधान न्यायाधीश के इस कथन को प्रवर्तन निदेशालय, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो और आयकर विभाग की पिछले कुछ सालों में की गई छापेमारी और गिरफ्तारियों, जब्ती वगैरह के मद्देनजर देखें, तो स्थितियां स्वत- स्पष्ट हो जाती हैं। हालांकि प्रधान न्यायाधीश की इस नसीहत को जांच एजंसियां कितनी गंभीरता से लेंगी और उस पर कितना अमल करेंगी, कहना मुश्किल है। बेशक प्रधान न्यायाधीश ने ये बातें सीबीआइ के ही एक आयोजन में कहीं। मगर जैसा कि अनेक मामलों में देखा जाता है, सार्वजनिक मंचों से कही बातों को अक्सर आदर्श वक्तव्य की तरह केवल सुन लिया जाता है, उन पर अमल करना जरूरी नहीं समझा जाता। सीबीआइ भी ऐसा ही करे, तो हैरानी की बात नहीं। केंद्रीय जांच एजंसियों पर लंबे समय से आरोप लगते रहे हैं कि वे सरकार के इशारे और उसकी इच्छा के अनुरूप काम करती हैं। पिछले कुछ वर्षों में भ्रष्टाचार पर नकेल कसने के इरादे से लगातार की जा रही कार्रवाइयों के मद्देनजर ये आरोप निरंतर गाढ़े होते गए हैं। इसकी बड़ी वजह यह भी है कि अधिकतर कार्रवाइयां विपक्षी दलों के नेताओं के खिलाफ ही की गई हैं। उसमें कई नेताओं को सलाखों के पीछे भी डाला गया। अनेक मामलों में आरोप लगते रहे कि गलत तरीके से जब्ती की गई, यह सवाल भी लगातार पूछा जाता है कि जांच एजंसियां जितने छापे मारती और कार्रवाइयां करती हैं, उनमें से पांच फीसद मामलों में भी दोष सिद्ध नहीं हो पाते। धनशोधन निवारण कानून की धाराएं इतनी सख्त हैं कि उनके तहत गिरफ्तार किए गए लोगों को तब तक जमानत नहीं दी जाती, जब तक कि वे निर्दोष साबित नहीं हो जाते।

## स्वायत्त संस्थाओं में सियासत अनुचित

साहित्य, कला, संस्कृति से जुड़ी संस्थाओं के कई प्रक्रियागत मामलों में पहले भी सवाल उठते रहे हैं। जबकि उम्मीद की जाती है कि ऐसी संस्थाओं को विवाद और राजनीतिक दखलअंदाजी से अलग रखना चाहिए। पिछले कुछ समय से यह चलन-सा बन गया है कि ज्यादातर सरकारी संस्थानों के समारोहों के आयोजन में उसके उद्घाटन, समापन या अन्य कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए सत्ता पक्ष से जुड़े राजनीतिकों या मंत्रियों को बुला लिया जाता है। इस बात का खयाल रखना जरूरी नहीं समझा जाता कि इस तरह किसी स्वायत्तशासी संस्था की छवि और गतिविधि प्रभावित होती है। यह बेवजह नहीं है कि सैद्धांतिक रुख रखने वाले कुछ लोग ऐसी संस्थाओं के राजनीतिकरण से सहमति नहीं रख पाते और आखिरी विकल्प के तौर पर इस्तीफा दे देते हैं। गौरतलब है कि मलयालम के जाने-माने लेखक सी राधाकृष्णन ने इस वर्ष के साहित्य अकादेमी के साहित्य महोत्सव का उद्घाटन एक केंद्रीय मंत्री से कराए जाने के विरोध में सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। वे केंद्रीय साहित्य अकादेमी के सदस्य थे। उनका कहना था कि साहित्य महोत्सव का उद्घाटन जिस केंद्रीय मंत्री से कराया गया, उनका साहित्य के क्षेत्र में कोई बड़ा योगदान नहीं है। अकादेमी के सचिव को लिखे अपने त्यागपत्र में उन्होंने यह शिकायत की थी कि साहित्य अकादेमी के लंबे और शानदार इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ, जबकि अकादेमी ने राजनीतिक दबाव के खिलाफ संस्थान की स्वायत्तता को लगातार बरकरार रखा है। साहित्य, कला, संस्कृति से जुड़ी संस्थाओं के कई प्रक्रियागत मामलों में पहले भी सवाल उठते रहे हैं। जबकि उम्मीद की जाती है कि ऐसी संस्थाओं को विवाद और राजनीतिक दखलअंदाजी से अलग रखना चाहिए। उनमें विशेषज्ञता को तरजीह दी जानी चाहिए। मगर अफसोस कि ऐसी संस्थाओं में पिछले कुछ समय से ऐसे विवाद उभरते रहे हैं, जो नाहक ही उनकी तटस्थ और स्वतंत्र छवि पर असर डालते हैं। खेल संघों में शीर्ष पदों पर राजनीतिक नियुक्तियों का हासिल क्या रहा है, यह छिपा नहीं है।

## वोट में तब्दील होने वाले मुद्दों की तलाश बड़ी चुनौती

(डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा)

*साफ है कि 18वीं लोकसभा के चुनाव प्रचार अभियान में संवैधानिक संस्थाओं के उपयोग, चुनाव बॉण्ड, बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार आदि मुद्दें अधिक चलने वाले नहीं हैं। राम मंदिर, धारा 370 या इसी तरह के अन्य मुद्दों को विपक्ष उठाता भी है तो इसका लाभ भारतीय जनता पार्टी को ही मिलेगा। ऐसे में विपक्ष को चुनावी वैतरणी पार करने के लिए कोई ठोस मुद्दें खोजने होंगे। हवा हवाई या चलताउ भाषणों, आरोप प्रत्यारोप से पार पाना मुश्किल रहेगा।*

एक बात और चुनाव घोषणा पत्रों में मुफ्त की सुविधाओं की भरमार भी अब लोगों को अधिक लुभाने वाली नहीं लगती। कारण साफ है इससे एक और प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष कर देने वाला अपने को ठगा समझने लगा है, वहीं लाभार्थी इसे राजनीतिक दलों की कमजोरी समझने लगा है। 18 वीं लोकसभा के चुनावों का बिगुल बज चुका हैं वहीं पहले चरण की 102 सीटों के लिए नामांकन का कार्य पूरा होने के साथ ही एनडीए ने 31 मार्च को मेरठ और इंडी गठबंधन ने नई दिल्ली से चुनावी केंपेन का आगाज कर दिया है। लोकसभा के सातों चरणों के मतदान तक राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव रैलियों, रोड़ शो सहित विभिन्न मंचों से एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी रहेगा। सौ टके का सवाल यह है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के चुनावों में चुनाव अभियान के दौरान आखिर मुख्य मुद्दे क्या बनेंगे ? हाल ही पांच विधान सभा चुनावों के दौरान गांरटियों की खूब चर्चाएं रही। एक तरफ गांरटियां थी तो दूसरी और बीजेपी ने मोदी को ही गारंटी बताकर प्रचारित किया। दरअसल देखा जाएं तो पिछले कुछ चुनावों से चाहे वे लोकसभा के हो या विधानसभाओं के चुनाव हो, सीधे जनता से जुड़े मुद्दें तो कहीं नेपथ्य में ही रह जाते हैं। तस्वीर का एक पक्ष यह भी है कि जनता से जुड़े मुद्दों को आमजनता भी अब मुद्दे या चुनावी एजेंडा नहीं मानने लगी है। इसका कारण भी कुछ और ही होता जा रहा है। किसी जमाने में गरीबी हटाओं या भ्रष्टाचार मिटाओं या महंगाई या बेरोजगारी तो सकारात्मक प्रचार अभियान में विकास की बात आदि मुद्दे महत्वपूर्ण होते थे पर अब देखा जाए तो यह मुद्दे वोट में तब्दील नहीं हो पा रहे हैं। पिछले चुनावों के अनुभव हमारे सामने हैं। दर असल अब नकारात्मक प्रचार राजनीतिक दलों पर उलटा पड़ने लगा है। पिछले दो लोकसभा के चुनावों में चौकीदार, सेना के साक्ष्य, चाय वाला आदि ऐसे वक्तव्य रहे जिसका जितना अधिक उपयोग हुआ वह भाजपा और नरेन्द्र मोदी के पक्ष में ही गया। दरअसल अब वोट विश्वसनीयता यानी की भरोसे और वोल्डनेस पर पड़ने लगे हैं। एक बात यह भी महत्वपूर्ण हो जाती है कि आजादी के 75 साल बाद भी किसी दल का वोट प्रतिषत 50 प्रतिशत का आंकड़ा छू नहीं पाया है। दूसरी और चुनाव आयोग द्वारा लाख प्रयासों के बाद भी 100 में से 33 प्रतिशत मतदाताओं को मतदान केन्द्र पर मतदान के लिए ले जाने में हम सफल नहीं हो पा रहे हैं। खैर यह अलग विचारणीय मुद्दे हैं। विपक्ष के प्रयास है कि सत्तारुढ़ द्वारा संबैधानिक संस्थाओं यथा ईडी, आईटी आदि जांच एजेंसियों का हथियार के रुप में उपयोग, चुनावी बॉण्ड, बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार आदि को प्रभावी तरीके से चुनावी मुद्दा बनाया जाये पर अभी तक जो दिखाई दे रहा है उसमें साफ है कि यह मतदाताओं को प्रभावित करने वाले मुद्दे बन नहीं पा रहे हैं। इसका एक प्रमुख कारण तो विपक्षी खासतौर से इंडी के दलों का जुड़ना बिखरना जारी है। एक तरफ ममता पं.बगांल में कांग्रेस द्वारा वामपंथी दलों के साथ तालमेल कर चुनाव लड़ने को खुले आम भाजपा को लाभ बताने वाला निर्णय बता रही हैं वहीं बिहार, महाराष्ट, दिल्ली में कांग्रेस का छोटे पार्टनर के रुप में सामने आने, पंजाब में आप से सीटों के बंटवारें को लेकर समझौता ही नहीं होने, बसपा का अलग रुख, अजित जनता दल का बीजेपी के साथ आना, ओडीसा में बीजद सहित विरोधाभास सामने आ रहे हैं। वहीं दिल्ली की रैली से साफ हो जाता है कि विपक्ष का जो पैनापन होना चाहिए था वह लगभग असरदार नहीं दिखा। चुनावी बॉण्ड का मुद्दा जिस तरह से उछला वह अपनी धार नहीं दिखा पाया क्योंकि चुनावी चंदा सभी ने लिया चाहे वो कम हो या ज्यादा। दूसरी बात आमजन का यह सोच माना जा सकता है कि सभी राजनीतिक दल चुनावी चंदा लेते हैं और साफ है कि इसका फायदा सत्तारुढ़ दल को अधिक ही मिलता है। चंदा देने वाला अपने निहितार्थ देखता है और यही कारण है कि वह सत्तारुढ़ दल को अधिक चंदा देता है। इसलिए जिस तरह से यह बड़ा मुद्दा बनने की संभावना देखी जा रही थी वह कहीं पीछे ही रह गई। इसी तरह से केजरीवाल सहित आप नेताओं पर ईडी छापों और जेल का मुद्दा भी अधिक असर दिखाता नहीं लग रहा। इसका कारण भी साफ है कि केजरीवाल जो भ्रष्टाचार के खिलाफ ही सत्ता में आये थे पहलीबात तो उनके नेताओं पर शराब ठेकों में भ्रष्टाचार के आरोप लगे, दूसरी और बार बार सम्मन आने पर भी रेस्पांस नहीं करने और गिरफ्तारी के बाद भी पद पर बने रहने का आमजन में अभी तो नकारात्मक असर ही दिखाई दे रहा है। इस मामलें में लोग लालू की बड़ाई करने लगे हैं कि लालू ने गिरफ्तार होते ही अपना पद त्याग दिया और भले ही राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बनाया पर पद की गरिमा को तो बनाये रखा। केजरीवाल द्वारा बार बार सम्मन की अवहेलना करने और त्यागपत्र नहीं देने से लोगों में केजरीवाल के पदलोलुपता का संदेश गया अन्यथा निश्चित रुप से केजरीवाल के प्रति सहानुभूति होती और इसका लाभ समस्त विपक्ष को मिलता पर लगता है एक अच्छा अवसर खो दिया गया है। अब सवाल महंगाई को लेकर आता है तो महंगाई किसी जमाने में अपना असर दिखाती थी और प्याज के भाव बढ़ने के कारण सरकार को जाते हुए हमनें देखा है पर लगता है अब यह मुद्दा भी कुंद पड़ता जा रहा है। इसका कारण है बेरोजगारी और मंहगाई को जिस तरह से विप्क्ष को चुनावी इशु बनाना चाहिए था उसमें वह सफल नहीं हो पा रही हैं।इस चुनाव में किसानों का मुद्दा तो अभी तक दिखाई ही नहीं दे रहा। एक बात और चुनाव घोषणा पत्रों में मुफ्त की सुविधाओं की भरमार भी अब लोगों को अधिक लुभाने वाली नहीं लगती। कारण साफ है इससे एक और प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष कर देने वाला अपने को ठगा समझने लगा है, वहीं लाभार्थी इसे राजनीतिक दलों की कमजोरी समझने लगा है। चुनावी बॉण्ड भी इसलिए अधिक बड़ा मुद्दा नहीं बन पा रहा कि कमोबेस सभी दलों को चंदा मिला है। किसी ने भी इस तरह से चंदा लेने से ना नहीं किया। दूसरी और जहां तक आमआदमी का प्रश्न है वह जानता है कि चुनावी चंदा देने वाले पैसे वाले प्रभावशील लोग हैं। आमआदमी तो इतना चंदा देने से रहा। यह भी जानते हैं कि चुनावों के लिए चंदा लिया ही जाता है। दूसरी और मजे की बात यह है कि चंदा पैसों वालों से लेने के बावजूद आममतदाताओं को साधनें में सत्तारुढ़ दल सफल रहा है।

## नकली दवाओं से जीवन-रक्षा पर बढ़ते खतरे

(ललित गर्ग)

कुछ दिन पहले ही कैंसर जैसी असाध्य बीमारी की नकली एलोपैथिक दवाओं की फैक्टरियां गाजियाबाद से हैदराबाद तक पकड़ी गईं? हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार ने 22 से अधिक नकली या मिलावटी आयुर्वेदिक दवाओं की बिक्री पर रोक लगाई है। दवाओं में मिलावट एवं नकली दवाओं का व्यापार ऐसा कुत्सित एवं अमानवीय कृत है जिससे मानव जीवन खतरे में हैं। विडम्बना है कि दवा बनाने वाली कंपनियों के लिए गुणवत्ता नियंत्रण का कोई नियम नहीं है और स्वयं कंपनियां ही अपनी दवाओं की गुणवत्ता का सत्यापन करती हैं। यह ठीक नहीं और ऐसे समय तो बिल्कुल भी नहीं, जब दवाओं की गुणवत्ता को लेकर दुनिया भर में जागरूकता बढ़ रही है। चूंकि भारत एक बड़ा दवा निर्यातक देश है और उसे विश्व का औषधि कारखाना कहा जाता है, दुनियाभर में भारत की दवाओं का निर्यात होता है, ऐसे समय में बार-बार नकली दवाओं का भंडाफोड़ होना या कैंसर जैसी असाध्य बीमारी की नकली दवाओं का व्यापार करने वालो का पर्दापाश होना, न केवल चिन्ता का विषय है, बल्कि एक जघन्य अपराध है। यह भारत की साख को भी आहत करता है। इसलिए सरकार के लिए यह आवश्यक है कि वह दवा कंपनियों के लिए क्वालिटी कंट्रोल का कोई भरोसेमंद नियम बनाए एवं नकली दवाओं का व्यापार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। कुछ दिन पहले ही कैंसर जैसी असाध्य बीमारी की नकली एलोपैथिक दवाओं की फैक्टरियां गाजियाबाद से हैदराबाद तक पकड़ी गईं? हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार ने 22 से अधिक नकली या मिलावटी आयुर्वेदिक दवाओं की बिक्री पर रोक लगाई है। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने कैंसर से जुड़े नकली दवाओं के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है। सुप्रीम कोर्ट में स्वामी रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण के खिलाफ दायर भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) की याचिका की सुनवाई करते हुए सख्त नाराजगी जाहिर की है। समय आ गया है, आयुर्वेदिक दवाओं के निर्माण से जुड़ी कंपनियों की दवा परीक्षण-प्रणाली की ठोस निगरानी सुनिश्चित की जाए। यह आवश्यक है कि दवा कंपनियों के लिए क्वालिटी कंट्रोल के भरोसेमंद एवं सख्त नियम बनाए जाये। इन नियमों के दायरे में निर्यात होने वाली दवाएं भी आनी चाहिए और देश में बिकने वाली दवाएं भी, क्योंकि जहां नकली और खराब गुणवत्ता वाली दवाएं निर्यात होने से भारत की प्रतिष्ठा धूमिल होती है, वहीं इनका उपयोग देश में होने से लोगों का जीवन खतरे में आ जाता है। यह तय है कि हमारे देश में आयुर्वेद की बेहद समृद्ध चिकित्सा पद्धति है और करोड़ों लोग इस प्रणाली से लाभान्वित भी हुए हैं। इस बात से आधुनिक चिकित्सा पद्धति (एलोपैथी) या आईएमए का कोई झगड़ा या विरोध भी नहीं है, परेशानी प्रामाणिकता की कसौटी पर खरी आधुनिक चिकित्सा पद्धति को निराधार चुनौती देने और लोगों को गुमराह करने को लेकर है। इन दोनों पद्धतियों के पेशेवरों और दवाओं का अंतिम उद्देश्य मरीजों को स्वस्थ करना है। मगर दुर्योग से दोनों पद्धतियों में कुछ लोभी कारोबारी नकली दवाओं के जरिये बेबस लोगों की सेहत से खिलवाड़ करते हैं। जीवन रक्षक दवाइयों के मामलों में दवा बदलने का मौका नहीं होता है, यहां मिलावट आपको सीधा मौत देती है। दवा व्यवसाय में चलने वाली यह अनैतिकता एवं अप्रामाणिकता बेचैन करने वाली है। मिलावट व्यवसाय की एक बड़ी विसंगति एवं त्रासदी है। दूध में जल, शुद्ध घी में वनस्पति घी अथवा चर्बी, महँगे और श्रेष्ठतर अन्नों में सस्ते और घटिया अन्नों आदि के मिश्रण को साधारणतः मिलावट या अपमिश्रण कहते हैं। किंतु मिश्रण के बिना भी शुद्ध खाद्य को विकृत अथवा हानिकर किया जा सकता है और उसके पौष्टिक मान-फूड वैल्यू को गिराया जा सकता है। दूध से मक्खन का कुछ अंश निकालकर उसे शुद्ध दूध के रूप में बेचना, अथवा एक बार प्रयुक्त चाय की साररहित पत्तियों को सुखाकर पुनः बेचना मिश्रणरहित अपद्रव्यीकरण के उदाहरण हैं।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5333

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 3 | | 1 | 6 | | | |
| | 9 | 1 | | | | | 6 | |
| 2 | 6 | 4 | | | | | | |
| | | | 4 | 6 | | | 7 | 2 |
| | 7 | | | 3 | | | 5 | |
| 4 | 3 | | | 5 | 2 | | | |
| | | | | | | 1 | 8 | 5 |
| | 8 | | | | | 7 | 4 | |
| | | | 1 | 7 | | 2 | | 3 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5332

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 2 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 3 | 8 | 4 | 9 | 6 | 5 |
| 5 | 9 | 4 | 1 | 2 | 6 | 8 | 7 | 3 |
| 3 | 2 | 7 | 4 | 6 | 1 | 5 | 9 | 8 |
| 9 | 1 | 8 | 5 | 7 | 3 | 6 | 4 | 2 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 9 | 2 | 8 | 7 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज कार्य सफलता का दिन है। इस समय आपको अपने कार्यक्षेत्र में हर मामले में सफलता प्राप्त होगी और आपका भाग्य साथ देगा। सभी कार्यों को समय पर निबटाने का दौर चल रहा है। इस बीच कुछ अपने ही लोग आपकी चिंता भी बढ़ा सकते हैं। यदि आप किसी की बातों में आकर अपना प्लान बदलेंगे तो आपको नुकसान होगा।

### वृष
आज का दिन परेशानियों वाला हो सकता है। आज आपको कुछ ऐसे काम न चाहते हुए भी करने पड़ सकते हैं जिनको करने का आपका मन नहीं होगा। जो औरों के लिए असुविधाजनक हो सकते हैं। घर के सदस्य या फिर सन्तान के व्यवहार से आप दुःखी रहेंगे। परिवार में पैसों को लेकर आपस में किसी वजह से मतभेद हो सकता है।

### मिथुन
आज दिन परेशानी और समस्या वाला हो सकता है। किसी छोटे मोटे काम के बिगड़ जाने से आश्चर्यचकित हैं। आपको आज पैसों के लेनदेन से जुड़ा कोई काम नहीं करना चाहिए। इसमें आपको नुकसान हो सकता है। किसी व्यर्थ के डर और आशंका से आपका मन परेशान हो सकता है।

### तुला
आज आपको आर्थिक मामलों में लाभ होगा। आज का दिन आपके लिए अच्छा व्यतीत होगा। लोगों के मन में अच्छी भावनाएं बढ़ेंगी और आपको लाभ होगा। दोपहर तक आर्थिक संकोच भी खत्म होंगे और कुछ मामलों में आपकी कमाई भी बढ़ सकती है। मानसिक तनाव पैदा हो सकता है। किसी की बातों पर ध्यान दिए बिना जरूरी है कि अपने काम पर फोकस करें।

### वृश्चिक
आज आर्थिक और करियर के मामले में शानदार होगा। आसपास के सभी लोगों के साथ आपका वक्त अच्छा बीतेगा। जो सही पात्र हो उसका ही कल्याण करें। मित्रों से चर्चा होगी। आज कारोबार में आपको सफलता मिलेगी और किस्मत आपका साथ देगी। आपके धन में वद्धि होगी और योजनाएं सफल होंगी।

### धनु
आज सुबह से ही कुछ प्रतिकूल समय आपके लिए चल रहा है। आपको कोई आज किसी भी मामले में जरूरी फैसला लेने से बचने की जरूरत है। नहीं तो आपको पछताना पड़ सकता है। दिन के पहले हिस्से में डॉक्टर के पास जाना पड़ सकता है और आपको काफी दौड़भाग करनी पड़ सकती है। उसके बाद आप अपने रूटीन काम कर पाएंगे।

### कर्क
आज आर्थिक मामलों में कुछ नुकसान हो सकता है और किसी बीमारी पर आपका फालतू धन खर्च हो सकता है। आज किसी भी मकान या फिर जायदाद का सौदा न करें तो आपके लिए अच्छा होगा। जल्दी में आपसे कोई गलत फैसला हो सकता है। आज आपको किसी मामले में दोस्तों पर भरोसा करने से बचने की जरूरत है।

### सिंह
आज का दिन समस्याओं से भरा होगा। आज आपका स्वास्थ्य ठीक नहीं चलेगा। दिन के पहले हिस्से में बहुत सारे काम एक साथ आपके सामने लटके रहेंगे। जहां तक हो सके इनमें महत्वपूर्ण कार्य को पूरा कर लें तो आप पर काम का बोझ कुछ हल्का हो जाएगा। बनते काम में रुकावटें पैदा होंगी और उसका मानसिक अवसाद शाम तक बना रहेगा।

### कन्या
आज दिन के आरंभ में ही आपको कुछ काम की जानकारी मिलेगी। अच्छे गणमान्यजनों से मेल मुलाकात होगी और किसी बड़े लाभ की आशा में दिन अच्छा बीतेगा। प्रियजनों की तरफ से भी अच्छी खबरें मिलेंगी और किसी धार्मिक कार्य के लिए योजना बनाते वक्त आपकी सलाह ली जाएगी।

### मकर
आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा और किसी परीक्षा प्रतियोगिता के लिए आज का दिन शुभ है और इसमें आपकी जीत हो सकती है। आप अपने व्यवसाय या कारोबार से संबंधित कोई अनुबंध करना चाहते हैं तो कर सकते हैं। आज आपको लाभ होगा। बाकी और कामों के लिए भी दोपहर तक अच्छा समय है।

### कुंभ
भाग्य आज साथ नहीं दे रहा है और आज कोई काम आपके मन के विपरीत होने से आपके मन में निराशा का भाव होगा। कोई काम आपकी सोच के विपरीत हो सकता है। जिस व्यक्ति को आप सज्जन समझते हैं वह ही आपको धोखा दे सकता है। थोड़ा सावधान रहें और धन का खर्च काफी सोचकर करें। दोपहर बाद में एकाध काम अच्छा हो जाने से मन में संताप कम होंगे।

### मीन
आज का दिन ठीकठाक रहेगा। इन दिनों आपका सबकुछ ठीक चल रहा है। कारोबार की स्थिति में भी सुधार होगा और आपको किसी बड़े अधिकारी से हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा। कोई आपके प्रमोशन की बात को बागे बढ़ा सकता है। नौकरी में भी आपकी स्थिति मजबूत है। विरोधियों और आलोचना करने वालों को इग्नोर करें।

## वर्ग पहेली 5333

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | ■ | 4 | 5 | 6 |
| 7 | | | 8 | 9 | ■ | 10 | |
| | ■ | 11 | | | | ■ | |
| 12 | 13 | | ■ | | ■ | 14 | |
| ■ | | ■ | 15 | ■ | 16 | | ■ |
| 17 | | | | ■ | 18 | | |
| 19 | | ■ | 20 | 21 | ■ | | ■ |
| | ■ | 23 | | | ■ | 24 | |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. 17 मई 1975 को इस देश की महिला श्रीमती जुनको तैबई माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली प्रथम महिला बनीं (3)
4. मध्यप्रदेश राज्य में बहने वाली एक नदी जो यमुना की सहायत नदी है यह उत्तर-पूर्वी दिशा में बहती है (3)
7. फल देने वाला, फलदाता (5)
10. दो की संख्या, निग्रह (2)
11. रहमदिल, दयालु (4)
12. पति की बहन (3)
14. एक नक्षत्र जिसमें पांच तारे है (2)
16. यह द्वीप इंडोनेशिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाली द्वीप है (2)
17. सज्जनता, सभ्यीकरण, धमेंद्र के साथ हेमामालिनी की पहली फिल्म (4)
18. क्रोध या गुस्से में आने का भाव (3)
19. पथ, मार्ग, राह (2)
20. कोमल कांड, सुंदर स्त्री (2)
22. 14 वीं-15 वीं शताब्दी के प्रसिद्ध सूफी संत जिन्होंने धार्मिक एकता का उपदेश दिया (3)
23. निशाना, गंतव्य स्थान (2)

**ऊपर से नीचे**
1. केसर, सौरभ, कुमकुम, अग्निशेखर (4)
2. फल पकाने की विधि, पालने वाला (2)
3. अनुपस्थित, गायब, गैर मौजूदगी (4)
5. निश्चित किया हुआ, ठहराया हुआ (2)
6. बायां हाथ (4)
8. एक सर्वनाम जिसका प्रयोग वक्ता और श्रोता को छोड़कर निकटवर्ती सभी वस्तुओं के लिए होता है (2)
9. उपार्जित किया गया धन (3)
13. नई राह, नवपथ (4)
14. विविध भारती से नाटकों पर आधारित एक दैनिक कार्यक्रम (5)
15. स्वार्थी, खुदगर्ज (4)
16. उत्पन्न, कोटि, व्यक्तिव (2)
17. मद्यपान करने वाला, महापायी (2)
21. धातु आदि को पीट और खींचकर बनाया गया तंतुनुमा धागा (2)

### वर्ग पहेली 5332 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इं | ग्लैं | ड | ■ | ■ | ■ | रू | स |
| दि | ■ | ल | ■ | स | खा | ■ | दी |
| रा | म | ना | थ | को | विं | द | ■ |
| गां | ज | ■ | ■ | प | द | ■ | भ |
| धी | मा | ■ | घा | ना | ■ | भो | ग |
| ■ | ■ | सु | त | ■ | भा | र | त |
| ल | ह | जा | ■ | दा | ना | ■ | सिं |
| व | ■ | ता | ली | म | ■ | ■ | ह |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी कार्यालय, जय हिन्द कॉलोनी नाला पर, आरा, जिला भोजपुर (बिहार) से प्रकाशित संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, स्थानीय संपादक- साकेत अम्बष्ट, मो.-9934957121, 7766886433, E-mail : svvaara@gmail.com, RNI-BIHHIN/2017/72765

## संक्षिप्त समाचार

### जेबीकेएसएस ने जयराम महतो को गिरिडीह से उम्मीदवार बनाया

**धनबाद, एजेंसी।** झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति ने गिरिडीह लोकसभा सीट से जयराम महतो को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। जेबीकेएसएस के केंद्रीय महासचिव फरजान खान ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। जयराम महतो ने गिरिडीह लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की घोषणा बहुत पहले कर दी थी। शुक्रवार को पार्टी ने आधिकारिक रूप से इसकी घोषणा की। जयराम के गिरिडीह लोकसभा सीट से उतरने पर मुकाबला रोमांचक हो गया है। इस सीट से एनडीए के प्रत्याशी सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी हैं। वहीं झामुमो ने टुंडी विधायक मथुरा महतो को अपना उम्मीदवार बनाया है। जयराम के मैदान में उतरने से अब गिरिडीह का मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। टिकट मिलने के बाद जयराम महतो ने कहा कि वह चुनाव में झारखंडी अधिकार के मुद्दे को लेकर जाएंगे। झारखंड की आवाज दिल्ली तक नहीं पहुंच पाती है। चुनाव जीतकर वह झारखंड के मुद्दे को दिल्ली तक ले जाएंगे। जयराम ने कहा कि कोयला यहां का और उसपर अधिकार दिल्ली का यह नहीं चलेगा। झारखंड के स्थानीय लोगों को अधिकार दिलाने के लिए वह यह लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्हें हर वर्ग का पूरा समर्थन गिरिडीह लोकसभा में मिल रहा है। बरवाअड्डा में रविवार को जेबीकेएसएस की बैठक होगी। बैठक में धनबाद लोकसभा सीट पर प्रत्याशी के लिए कार्यकर्ताओं की रायशुमारी की जाएगी। धनबाद सीट पर रिजवान अंसारी और करण महतो का नाम चल रहा है। इनमें से किसी एक के नाम पर मुहर लग सकती है।

### कॉल गर्ल्स के नाम पर ठगी करने वाला आरोपी धराया, कई आपत्तिजनक सामान भी बरामद

**रांची, एजेंसी।** कॉल गर्ल्स स्कॉट सर्विस के नाम पर ठगी करने वाले एक गिरोह का पुलिस ने शनिवार को उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में एक युवक को गिरफ्तार भी किया है। साथ ही कई आपत्तिजनक सामान भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार युवक की पहचान हजारीबाग के चौपारण प्रखंड के कांटी गांव निवासी संजीव कुमार गुप्ता के रूप में की गई है।जानकारी के अनुसार, एसपी अनुदीप सिंह को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि साइबर अपराधियों का एक गिरोह तिलैया थाना क्षेत्र के पानी टंकी रोड स्थित शीतला मंदिर के पास सक्रिय होकर कॉल गर्ल्स स्कॉट सर्विस के नाम पर ठगी कर रहा है। साथ ही भोली भाली जनता से ठगी किया जा रहा था। इस मामले के उद्भेदन के लिए तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा छापेमारी करते हुए तिलैया से इस गिरोह के एक सदस्य संजीव को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से पांच मोबाइल, छह सिम कार्ड, सात चेक बुक, 14 एटीएम कार्ड, 09 बैंक पासबुक,3 आधार कार्ड बरामद किया गया है। इस संदर्भ में तिलैया थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। छापेमारी में शामिल दल में उनके आलावे एसआई बबलू कुमार, अब्दुल्ला खान, पैंथर सशस्त्रत् बल के जवान शामिल थे। लोकसभा आम चुनाव को स्वतंत्र और निष्पक्ष कराने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी मेघा भारद्वाज के निर्देश पर शुक्रवार को अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापेमारी की गई। अधीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में अवर निरीक्षक उत्पाद, चलिष्णु दल, अवर निरीक्षक उत्पाद,अवर निरीक्षक उत्पाद, चलिष्णु दल टू ने तिलैया थानान्तर्गत जरगा, हथुआधारन, मरियामा कुरहा में स्थित अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी की। छापेमारी में 600 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की गई। जबकि सात हजार किलो अवैध जावा महुआ बरामद कर नष्ट किया गया।

### अस्मिता बचाने के लिए संथाल के हर गांव से कार्यकर्ता 21 को रांची पहुंचेंगे : नलिन

**दुमका , एजेंसी।** रांची में 21 अप्रैल को आयोजित इंडी गठबंधन की रैली में दुमका समेत संथाल के सभी गांवों से झामुमो कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे। पार्टी विधायक और दुमका लोकसभा सीट से प्रत्याशी नलिन सोरेन ने शनिवार को कहा कि ढोल और टमाक बजाकर आदिवासी गांवों में समाज को एकजुट कर उन तक पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन का संदेश पहुंचाया जा रहा है। शिबू सोरेन ने झामुमो और अपनी अस्मिता बचाने के लिए हर कार्यकर्ता से आगे आने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इसी संदेश पर गांव-गांव में हमारी तैयारी चल रही है।

## अवैध खनन मामले में बढ़ सकती है हेमंत की मुश्किलें

# ईडी ने एनजीटी को बताया- पंकज मिश्रा है इसका मास्टरमाइंड

**रांची , एजेंसी।** अवैध खनन मामले में झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। इस मामले में ईडी ने चार्जशीट दाखिल कर कोर्ट को उनकी संलिप्तता की जानकारी तो दी ही है, लेकिन अब उनकी मुसीबत अवैध खनन मामले की वजह से बढ़ सकती है।

ऐसा इसलिए कि ईडी ने एक शपथपत्र के माध्यम से नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल पूर्वी जोन कोलकाता को विस्तृत जानकारी दी है। जिसमें ईडी ने बताया है कि साहेबगंज जिले में हुए एक हजार करोड़ रुपए से अधिक के अवैध खनन का मास्टर माइंड पंकज मिश्रा है। वह पूर्व सीएम का विधायक प्रतिनिधि भी रह चुका है।

पंकज मिश्रा ने राजनीतिक संरक्षण और सरकारी मैकेनिज्म का इस्तेमाल करते हुए अवैध खनन किया है। एनजीटी में अब इस मामले की सुनवाई 13 मई को होगी। पंकज मिश्रा हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि रह चुके हैं।

एनजीटी को दायर शपथ के मजमून के अनुसार साहेबगंज में अवैध खनन करने और उसके ट्रांसपोर्टेशन में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से पंकज मिश्रा ही शामिल है। इस काम करने के लिए उसे राजनीतिक संरक्षण मिले हुए थे।

ईडी ने एनजीटी को बताया कि साहेबगंज जिले के बरहरवा थाना में विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा और मंत्री आलमगीर आलम के खिलाफ मामला (कांड संख्या-85/2020 ) दर्ज था, जिसे इसीआइआर में परिवर्तित करते हुए जांच की।

जांच के दौरान बड़े पैमाने पर अवैध खनन और उसके ट्रांसपोर्टेशन की जानकारी मिली। इसी पड़ताल के दौरान एक हजार करोड़ के पत्थर की अवैध माइनिंग की जानकारी का पता चला।

दरअसल साहेबगंज जिले के ऐतिहासिक राजमहल



पहाड़ के संरक्षण, संवर्धन और वहां संचालित सभी अवैध खनन और स्टोन क्रशर को बंद करने को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता सैयद अरशद नसर ने एक याचिका दायर की थी।

यह याचिका नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल पूर्वी जोन कोलकाता में याचिका संख्या-23/2017 के तहत दायर की गई थी। इसी याचिका पर ईडी झारखंड की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर विस्तार से मामले की जानकारी दी गई है।

एनजीटी को दी गई तमाम जानकारी में एक अहम जानकारी यह भी दी गई है कि अवैध खनन और उसके ट्रांसपोर्टेशन को बिना किसी परेशानी के चलाने के लिए लोकल क्रिमिनल की पंकज मिश्रा ने ग्रुप बना रखी थी।

यह ग्रुप धमकाने-डराने का काम करता था। स्थिति ऐसी थी कि दूसरे किसी व्यक्ति को जो खदान अलॉट किए गए थे, उसका खनन भी पंकज मिश्रा ही कराता था। राजेश यादव उर्फ दाहु यादव, सुनील यादव, बच्चु यादव पंकज मिश्रा के सहयोगी रहे हैं।

### कल्पना के सीएम बनते बसंत झामुमो छोड़ देंगे : निशिकांत

**दुमका, एजेंसी।** गोड्डा से भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दूबे ने झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के परिवार पर बड़ा हमला किया है। एक केस के सिलसिले में दुमका आए दुबे ने कोर्ट से बाहर मीडिया के समक्ष दावा किया कि जून-जुलाई तक बसंत सोरेन झामुमो छोड़ देंगे।

निशिकांत ने भविष्यवाणी कि कल्पना सोरेन के सीएम बनने के बाद सोरेन परिवार से जो पहला आदमी निकलने वाला है, वह बसंत सोरेन हैं। वह कभी भी आंदोलनकारी को छोड़कर अपने पिता की विरासत भाभी को नहीं सौंप सकते हैं। ऐसी स्थिति में बसंत के पास पार्टी छोड़ने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचेगा। उन्होंने यहां तक कहा कि वर्ष 2025 आते-आते झामुमो कई टुकड़ों में बंट जाएगा। कोई झामुमो सोरेन बनाएगा, तो कोई झामुमो चंपाई, तो कोई झामुमो मथुरा गुट बनाएगा। झामुमो का सिंबल भी जप्त हो जाएगा। सांसद ने कहा कि जिस दिन कल्पना सोरेन चुनाव जीत कर आएंगी धक्का मार कर चंपाई सोरेन को बाहर कर देंगी। वह इस प्रदेश की सीएम बनेंगी, क्योंकि हेमंत सोरेन को बेल नहीं मिलने जा रही है। निशिकांत ने कहा कि यह चंपाई सोरेन को तय करना है कि आंदोलनकारी नेता होगा या किसी की बहू, बेटा, बेटी होने से नेता बन जाएगा।

दुबे ने कहा कि अस्वाभाविक मौत होने पर पोस्टमार्टम कराए बगैर शव कैसे जला दिया गया। 16 तारीख 2009 तक दुर्गा सोरेन स्वस्थ थे। चुनाव परिणाम आने पर दुर्गा सोरेन ने उन्हें बधाई दी। एक स्वस्थ व्यक्ति कि अचानक मौत कैसे हो सकती है। शव का पोस्टमार्टम होना चाहिए था, जो नहीं हुआ। भाजपा की सरकार बनने पर दुर्गा सोरेन की मौत की सीबीआई जांच होगी।

### देवघर में आधी रात घर में लगी आग, बच्चे की खुली नींद तो चिल्लाया, घर का सामान जला, मदद की लगाई गुहार



**देवघर , एजेंसी।** देवघर जिले से घर में आग लगने का मामला प्रकाश में आया है। आगजनी में घर में रखे चावल, मुर्गी सहित कई सामान जल कर राख हो गया। अच्छी बात यह रही की किसी व्यक्ति के जान की नुकसान नहीं हुई है। आगजनी की घटना देर रात की बताई जा रही है। वहीं किन वजहों से आग लगी, इसका पता नहीं चल सका है। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंच पूछताछ की।

आग लगने की यह घटना देवघर जिले के खागा थाना क्षेत्र के घोड़ादहा गांव की है। यहां रहनेवाले छोटेलाल मुर्मू के घर में शनिवार की देर रात्रि में आग लग गई। आग लगने से अफरा तफरी मच गई। आगलगी की इस घटना में गृहस्वामी ने काफी नुकसान होने का अनुमान लगाया गया है। बताया जाता है कि छोटेलाल मुर्मू अपने परिवार और तीन बच्चे के साथ जिस घर में आग लगी उसी घर के एक कमरे में सो रहा था ।आधी रात को जब छोटा बच्चा का नींद से जगा तो सारा घर धुआं से भरा पाया। जिसके बाद हल्ला कर उसने सभी को जगाया।

बच्चे के हल्ला करने पर सारे घर के परिवार जाग गए और घर से बाहर आकर हल्ला करने लगे। आवाज सुनकर ग्रामीण पहुंचे और आग बुझाने की कोशिश करते रहे। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक घर में रखा सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने पुलिस की जानकारी दी।

### बीएसएस हाईस्कूल में छात्राओं के बीच मेहंदी प्रतियोगिता

**धनबाद, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी के लिए शनिवार को बीएसएस बालिका उच्च विद्यालय में छात्राओं के बीच मेहंदी प्रतियोगिता कराई गई। छात्राओं ने अपनी-अपनी हथेलियों पर काफी सुंदर रचना और कलाकृति को उकेरने का सार्थक और सफल प्रयास किया। कार्यक्रम में निधि कुमारी, प्रथा कुमारी, पूजा कुमारी, मौली कुमारी, शगुन कुमारी, मोमेनी कुमारी, आकांक्षा कुमारी, वीणा कुमारी, नेहा कुमारी, राधिका कुमारी, वर्षा कुमारी, कोमल कुमारी, ईशा कुमारी, यारा कुमारी, देवोश्री कुमारी, राधिका कुमारी, सपना कुमारी, मिलन कुमारी, रूपोश्री कुमारी, खुशी कुमारी, पल्लवी कुमारी समेत अन्य ने हिस्सा लिया।

## हरिजन बस्ती के एक घर में- बन रही थी नकली विदेशी शराब, बोतल-स्टीकर हुए बरामद, पांच लोग गिरफ्तार



**चाईबासा , एजेंसी।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर शहर में बड़े पैमाने पर नकली विदेशी शराब का निर्माण हो रहा है। खास बात यह है कि इन नकली शराब बनाने में विदेशी शराब दुकान के लाइसेंसी दुकानदार और विक्रेता ही शामिल है। रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर ऐसे ही अवैध शराब बनाने की मिनी फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया। इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

एएसपी पारस राणा के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई करते हुए नकली शराब मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड किया। जहां से विभिन्न शराब कंपनी की बोतल, शराब और स्टीकर आदि बरामद किए। चक्रधरपुर नगर परिषद कार्यालय के बगल स्थित हरिजन बस्ती के पास एक घर में पुलिस ने छापेमारी की। यह घर स्व. रघुनाथ साव नामक व्यक्ति की है। इस घर में सोनुवा बस स्टैंड के समीप शराब दुकान में काम करने वाले कर्मचारी रहते थे।

पुलिस को सूचना मिली थी कि घर में ही बड़े पैमाने पर नकली विदेशी शराब का निर्माण किया जा रहा है। इसके बाद रविवार सुबह पुलिस ने छापेमारी की।वहीं नकली शराब निर्माण करने वाले पांच लोगों को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है।वहीं पुलिस ने भारी पैमाने पर विदेशी शराब, व नकली शराब बनाने में इस्तेमाल की जाने वाले सामानों को जब्त कर थाने ले गई।फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

### दामोदर किनारे 10 हजार किलो जावा महुआ जब्त

**बोकारो, एजेंसी।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर शनिवार को सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन व निरीक्षक के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने हरला थाना अंतर्गत दामोदर नदी किनारे वास्तेजी गांव में अवैध रुप से संचालित महुआ शराब भट्ठी में छापेमारी किया गया। इस दौरान टीम ने 10,400 किलो जावा महुआ वहीं पर नष्ट किया गया और 315 लीटर चुलाई किया गया महुआ शराब जब्त किया गया।इस दौरान शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले वस्तुओं को नष्ट किया गया। आरोपी छोटू बरनवाल पर उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद संजीत देव, अवर निरीक्षक सदर कृष्णा प्रजापति शामिल थे। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर बोकारो जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है।उपायुक्त बोकारो ने सहायक आयुक्त उत्पाद को लगातार अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण-बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

## इलाज कराने गई नाबालिग लड़की से छेड़छाड़

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के सरिया के सरकारी अस्पताल में शनिवार दोपहर पेट दर्द की शिकायत लेकर पहुंची नाबालिग लड़की ने जांच के दौरान सरकारी डॉ. रमापति पर छेड़छाड़ एवं लज्जा हनन करने का आरोप लगाया है। मामले की जानकारी मिलने पर सरिया पुलिस अस्पताल पहुंची व नाबालिग लड़की से पूछताछ के बाद डॉ. रमापति को अपने साथ सरिया थाना ले गयी। जैसे जैसे लोगों के बीच मामला पहुंचा अस्पताल परिसर में भीड़ इकट्ठा होने लगी।

नाबालिग लड़की ने आरोप लगाया है कि उसके पेट में दर्द था जिसकी जांच के लिए वह अस्पताल पहुंची थी। वहां मौजूद आयुष डॉ. रमापति ने उसका इलाज शुरू किया। इस क्रम में उसने आला लगाकर पेट व आसपास जांच की। फिर उसने खून जांच के लिए विवेकानंद चौक स्थित एक जांच घर भेजा जहां से जांच कराकर व रिपोर्ट लेकर वापस अस्पताल पहुंची। इस समय मेरे साथ मेरे चाचा भी थे। चाचा ने ये कहा कि जांच रिपोर्ट आ गयी है अब डॉक्टर को केवल दवा लिखनी है। यह बोलकर वो अपने काम करने चले



गए।डॉक्टर रमापति ने जांच रिपोर्ट देखने के बाद कहा कि तुम्हारे शरीर की फिर से जांच करेंगे और इस बहाने मुझे कुर्सी पर बैठाकर छेड़खानी करने लगे और लज्जा हनन का भी प्रयास किया जिसका हमने विरोध किया। आगे बताया कि मैं घर जाकर अपनी मां व परिजनों को मामले से अवगत कराया। इसके बाद मेरी मां व चाची अस्पताल पहुंचकर डॉक्टर के गलत कार्य पर विरोध जताया। नाबालिग ने सरिया थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी। इधर, डॉ. रमापति ने कहा कि मैंने इस तरह का कोई गलत कार्य नहीं किया हूं। आरोप बेबुनियाद है।

**भीड़ ने कहा- नाबालिग को मिले न्याय :** घटना की सूचना मिलने पर प्रमुख प्रतिनिधि रंजीत मंडल, झामुमो जिला उपाध्यक्ष त्रिभुवन मंडल, माले नेता भोला मंडल, भाजपा नेत्री रजनी कौर एवं जिप सदस्य अनूप पांडेय अस्पताल पहुंचे। इन लोगों ने मामले की जांच कर आरोपी डॉक्टर के खिलाफ कानून सम्मत कार्रवाई करने की मांग की।

**सरिया एसडीएम ने लिया नाबालिग का बयान :** घटना की सूचना पाकर सरिया एसडीएम विपिन दुबे, चिकित्सा पदाधिकारी बिनय कुमार, पुलिस अधिकारी भरत सिंग्रीवाल सरिया अस्पताल पहुंचे और एक बंद कमरे में नाबालिग लड़की का बयान लिया। जिस समय बयान लिया जा रहा था उस वक्त भाजपा नेत्री रजनी कौर, जिप सदस्य अनूप पाण्डेय, माले नेता भोला मंडल भी मौजूद थे। बयान के पश्चात एसडीएम ने पीड़ित पक्ष को न्याय का भरोसा दिलाया और पूरे मामले से उपायुक्त गिरिडीह को अवगत कराते हुए बताया कि डॉक्टर की जांच करने का तरीका कहीं से उचित नहीं दिख रहा है। उपायुक्त से मामले की जांच के लिए कमेटी बनाने की मांग की।

### निमियाघाट व आदित्यपुर के दो गांजा तस्करों को 15 साल कैद

**धनबाद, एजेंसी।** ओडिशा से सड़क मार्ग से गांजा लेकर हजारीबाग जा रहे दो गांजा तस्करों को कोर्ट ने शनिवार को 15 वर्ष कठोर कारावास और डेढ़ लाख रुपए आर्थिक जुर्माने की सजा सुनाई। दोनों को 30 मार्च को ही दोषी करार दिया गया था।

कोर्ट में शनिवार को सजा की बिंदु पर सुनवाई की गई। गिरिडीह जिले के निमियाघाट निवासी गांजा तस्कर उमाशंकर कुमार दास एवं सरायकेला रायडीह बस्ती आदित्यपुर निवासी चालक सोनू कुमार सिंह के पास से पुलिस 84.422 किलो गांजा बरामद किया था। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के कोर्ट ने दोनों को न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया था। सजा की बिंदु पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य हैं। इनके प्रति नरमी नहीं बरती जा सकती। प्राथमिकी तत्कालीन सरायढेला थाना प्रभारी निरंजन तिवारी के लिखित आवेदन के आधार पर छह जून 2019 को दर्ज की गई थी। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गोविंदपुर की ओर से चार चक्का वाहन से गांजा लाया जा रहा था। सूचना के आधार पर पुलिस वाहन चेकिंग शुरू किया तभी एक सेंट्रो कार को जांच के लिए रोका तथा उससे कागजात मांगे गए। कार सोनू कुमार सिंह चला रहा था जबकि ड्राइवर के बगल वाले सीट पर उमाशंकर कुमार दास बैठा हुआ था। कार की डिक्की से पैकेट में बंधा हुआ 84.422 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया था।

## धनबाद में 12 साल के बच्चे की हत्या, हाथ-पैर बांधकर बोरी में भरकर फेंका शव

**पुटकी, एजेंसी।** धनबाद के अलकुसा गोरखपुरिया कैंप कॉलोनी के 12 साल के प्रिंस की गला दबाकर हत्या कर दी गई। हत्या से पहले हत्यारों ने उसके हाथ पीछे बांध दिए थे। हत्यारों ने शव को एक बोरे में डालकर झाड़ियों में फेंक दिया था।गुरुवार को शव की बरामदगी हुई। वारदात के चंद घंटे बाद ही पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा कर दिया। प्रिंस की हत्या उसके पड़ोसी मुंहबोले भाई रोहित गुप्ता ने अपने एक किशोर साथी के साथ मिलकर की थी। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ में दोनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

हत्या की वजह 70 हजार रुपए थी। आरोपी रोहित ने मृतक के परिजनों से 70 हजार रुपए कर्ज लिया था, जिसे वापस करने का वे दबाव बना रहे थे। इसको लेकर रोहित ने प्रिंस की हत्या की साजिश रच डाली।प्रिंस बुधवार की दोपहर तीन बजे से लापता था। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन वह नहीं मिला। गुरुवार को परिजन बच्चे की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने केंदुआडीह थाने पहुंचे तो प्रिंस का शव बोरे में मिलने की जानकारी हुई।

डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर दीपक कुमार और केंदुआडीह थाना प्रभारी आरएन ठाकुर ने बताया कि रोहित ने प्रिंस को अपने घर बुलाया। इसके बाद बाथ रूम में गला दबाकर हत्या कर दी।


प्रिंस के परिजन खोजबीन में लगे थे। इस कारण रोहित को शव को ठिकाने लगाने का मौका नहीं मिला तो बोरे में भर कर उसे अपने घर के पीछे झाड़ियों में फेंक दिया। वहां से पुलिस ने शव को बरामद कर लिया।

प्रिंस हत्याकांड में पकड़ाए आरोपी रोहित से विधवा ज्ञानती हत्याकांड का भी खुलासा हो गया। पुलिस ने प्रिंस हत्याकांड में शामिल दो आरोपियों के अलावा ज्ञानती हत्याकांड के एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। ज्ञानती की हत्या उसकी सोने की लॉकेट की वजह से हुई थी। 23 जनवरी को हिंदी भवन के निकट गोरखपुरिया धौड़ा में रहने वाली 55 वर्षीया विधवा ज्ञानती देवी की हत्या कर दी गई थी।

प्रिंस के पिता रामाज्ञा हरिजन अलकुसा में बीसीसीएलकर्मी थे। 3 साल पूर्व उनकी मृत्यु हो गई थी। पति के स्थान पर मृतक की मां गुड्डी देवी को गोपालीचक में जेनरल मजदूर की नौकरी मिली थी। एक साल पहले गुड्डी की विवाहित बेटी संध्या से रोहित ने कर्ज के रूप में 70 हजार रुपए लिया था। परिवार के लोग पैसा वापस करने के लिए रोहित पर दबाव बना रहे थे।

# झामुमो के पूर्व विधायक पौलुस सुरीन हत्या के दोषी, 11 साल बाद आया कोर्ट का फैसला





**खूंटी, एजेंसी।** झारखंड के खूंटी के कर्रा में 11 साल पहले हुए दोहरे हत्याकांड में एमपी/एमएलए कोर्ट ने शनिवार को फैसला सुनाया। इसमें तोरपा से झामुमो के पूर्व विधायक पौलुस सुरीन और नक्सली जेठा कच्छप को दोषी करार दिया है। मामले की सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश दिनेश कुमार की अदालत ने सजा के बिंदुओं पर सुनवाई के लिए 10 अप्रैल की तारीख तय की।

मामले में ट्रायल फेस कर रही तीन महिलाओं समेत चार को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया है। पौलुस और जेठा अंधाधुंध फायरिंग कर ठेकेदार भूषण सिंह और राम गोविंद सिंह की हत्या करने के दोषी हैं। इस दोहरे हत्याकांड को 27 मई 2013 को अंजाम दिया गया था। मृतक के भाई ने कर्रा थाने में केस दर्ज कराया था।

### एके-47 राइफल से मारी गई थी गोली

मालूम हो कि वर्ष 2013 में ठेकेदार भूषण सिंह पर एक महिला से रेप करने का आरोप लगाया गया था, पर पुलिसिया जांच में केस फर्जी निकला और पुलिस ने जांच बंद कर दी थी। इसके बाद भूषण सिंह की गिरफ्तारी के लिए विधायक ने कर्रा में धरना दिया था। इसी बीच नक्सलियों ने 27 मई 2013 को कर्रा के त्रिला गांव में ताश खेल रहे ठेकेदार भूषण सिंह व रामगोविंद सिंह की एके-47 राइफल से गोली मारकर हत्या कर दी थी।

### हत्या के चार साल बाद जेठा ने लिया था पौलुस का नाम

दोहरे हत्याकांड की जांच जब पुलिस ने शुरू की तो शुरुआत में चार साल तक तत्कालीन झामुमो विधायक पौलुस सुरीन का नाम सामने नहीं आया। इस मामले में गिरफ्तार नक्सली जेठा कच्छप से पुलिस ने जब पूछताछ शुरू की तो 20 जून 2017 को उसने अपने बयान में ठेकेदार भूषण सिंह हत्याकांड में विधायक पौलुस सुरीन के शामिल होने की बात कही। इसके बाद ही पौलुस के खिलाफ निचली अदालत ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।

### कोर्ट के फैसले से खुश हैं भूषण के परिजन

कर्रा प्रखंड में बहुचर्चित भूषण सिंह समेत दो लोगों की हत्या के मामले में 11 साल बाद कोर्ट का फैसला आया। कोर्ट के फैसले से जहां मृतक भूषण सिंह और रामगोविंद के परिवार में खुशी का माहौल था। वहीं पौलुस सुरीन के समर्थक मायूस हो गए। कर्रा थाना क्षेत्र के तिरला गांव में 27 मई 2013 को हुए दोहरे हत्याकांड से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी।कर्रा के तिरला गांव निवासी भूषण सिंह उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के निशाने पर थे। पीएलएफआई के अनुसार भूषण सिंह पुलिस के एसपीओ थे। सुरक्षा के लिए पुलिस ने भूषण सिंह को बॉडीगार्ड दिया था।

परिजनों के अनुसार विधायक पौलुस सुरीन की अनुशंसा पर उनके बॉडीगार्ड को हटा लिया गया था। 27 मई 2013 को भूषण सिंह अपने कुछ लोगों के साथ घर के बरामदे में बैठे थे तभी भूषण सिंह और राम गोविंद की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई थी।

### हमेशा चर्चा में रहे हैं पौलुस सुरीन

पौलुस सुरीन 2009 में जेल में रहते विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की थी। झामुमो ने उन्हें अपना प्रत्याशी बनाया था। वहीं किसी मामले में सिमडेगा जेल में थे। चर्चा थी कि पीएलएफआई के समर्थन से वे पहला चुनाव जीते थे। बाद में जेल से रिहा हो गए। 2014 में झामुमो से दोबारा जीत हासिल की। इस चुनाव में पीएलएफआई ने पौलुस का समर्थन नहीं किया था। विधायकी के दौरान वे हमेशा चर्चा में रहते थे। 2019 में झामुमो ने उन्हें टिकट नहीं दिया और वह निर्दलीय चुनाव लड़े तथा हार गए।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
ई-पेपर
www.sonvarshavani.com
sonvarshavani.com/epaper





# भिण्डी में समेकित नाषीजीन प्रबन्धन





## प्रमुख नाषीजीन

पूर्ण फुदका- इसके अर्भक हल्के हरे रंग के पंख रहित एवं अनोखे ढ़ंग से तिरछा चलते है। इनके प्रकोप से प्रभावित पत्तियां पीली होकर अन्दर की ओर मुड़ जाती है। अत्याधिक प्रकोप की अवस्था में पत्तियां ईट के रंग की तरह लाल होकर सिकुड़ जाती है।

## प्ररोह एवं फल बेधक

इस कीट की सुंडीयां कलियों, फुलों एवं पौधों की कोमल टहनियों को हानि पहुँचाती है। फसल की प्रारंभिक अवस्था के दौरान ये पौधों के प्ररोह में छेद कर के उनमें प्रवेष कर जाती है। परिणाम स्वरूप पौधों के प्ररोह मुरझा कर लटक जाते है। पौधों से फल आने पर ये फलों के अंदर प्रवेष कर आन्तरिक ऊतकों को खा जाते है। जिसके कारण फल दूषित एवं खाने अयोग्य हो जाते है एवं उनका बाजार मूल्य काफी कम हो जाता है।

## लाल मकड़ी घुन

इसके अर्भरक काफी छोटे एंव गुलाबी रंग के होते है। जबकि वयस्क अण्डाकार एवं लाल भूरे रंग के होते है। ये पत्तियों की निचली सतह पर लाला बनाकर कोषिकाओं का रस चूसते है जिससे पत्तियां धीरे - धीरे पीली पड़ जाती है तथा अंततः सूख जाती है।

## पीला षिरा रोग



पौधों की नई पत्तियों की षिराएं इस रोग के प्राकेप से पीली पड़ जाती है। आरंभ में यह पत्तियों की मुख्य षिराओं को प्रभावित करता है तथा धीरे - धीरे यह संपूर्ण पत्ती में फैल जाता है। फलस्वरूप फल, छोंटे, कम, व पीले बनते है। यह रोग भिण्डी में सफेद मक्खी के द्वारा फैलता है।


## मूल ग्रंन्थि सूत्रकृमि

इनका प्रकोप पौधों की जड़ों पर होता है। जिसके कारण जड़े फुल कर गांठ जैसी बन जाती है। प्रभावित पौधे कमजोर हो जाते है तथा पत्तियां पीली पड़ने लगती है।

## समेकित नाषीजीन प्रबन्धन (आई. पी. एम) प्रणाली

- खरीफ में पीला षिरा प्रतिरोधी संकर प्रजातियों का बीज ही बोना चाहिए। जैसे - मखमली, तुलसी, अनुपमा-1 तथा सन-40 प्ररोह एवं फल बेधक कीट के वयस्कों को रोकने हेतु खेत के चारो ओर मक्का एवं ज्वार की फसल लगाएं।
- सफेद मक्खी के नियंत्रण हेतु डेल्टा/पीला चिपकने वाले प्रपन्च लगाएं।
- पक्षियों के बैठने हेतु खेत में 10 स्टेण्ड/एकड़ के अनुसार लगाएं।
- पर्ण फुदका, सफेद मक्खी, घुन एवं चेपा के नियंत्रण हेतु इमिडाक्लोरपिड 17.8 एस.एल कीटनाषी क प्रयोग /150 मि.ली प्रति हेक्टेयर करें। जो कि अन्य रस सूचने वाले किटों के नियंत्रण में भी प्रभावकारी रहता है।
- कीट की निगरानी हेतु फसल में गन्धकपाष 2/एकड़ के अनुसार लगाएं तथा उसमें लगने वाले ल्योर को 15 - 20 दिन के अन्तराल पर बदलते रहे।
- प्ररोह एवं फल बेधक के नियंत्रण हेतु फसल की बुआई के 30 - 35 दिन के पष्चात अण्डा परजीवी ट्राइकोग्रामा चिलोनिस / 1 - 1.5 लाख/है. को खेत में छोड़ें।
- प्ररोह एवं फल बेधक कीट का प्रकोप यदि ई.टी.एल. (5.3? प्रकोप) से अधिक हो जाता है तो सायपरमेथ्रिन 25 ई.सी. का छिड़काव 200 ग्राम ए.आई/है. के अनुसार करें।
- समय -समय पर खेत से पीला षिरा रोग प्रभावित पौधों को उखाड़ कर नष्ट करते रहना चाहिए।
- फल बेधक कीट से प्रभावित फलों को समयानुसार तुड़ाई कर नष्ट करते रहना चाहिए।
- आवश्यक होने पर ही कीटनाषी रसायनों जैसे इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एल.एस. / 150 मि.ली./है. सायपरमेथ्रिन 25 ईसी. / 0.05 प्रतिषत अथवा प्रोपेरगाइट 57 ई.सी. / 0.1प्रतिषत इत्यादि का प्रयोग पर्ण फुदका चेपा सफेद मक्खी तथा फल बेधक आदि कीटों के नियंत्रण हेतु करना चाहिए।

# प्याज का उत्तम भडारण



प्याज रबी व खरीफ की महत्वपूर्ण फसल है, प्याज महाराष्ट ,कर्नाटक, राजस्थान, गुजरात म.प्र., एवं उ.प्र राज्यों मे मुख्य रूप से उगाई जाती है प्याज मुख्य रूप से म.प्र. मे खंडवा, खरगोन, बुरहानपुर, इंदोर, मंदसोर, नीमच, सिहोर बैतुल आदि जिलो में उगाया जाता है। प्याज मौसम के आधार पर ही पैदा की जाती है किन्तु उपयोग किसी न किसी रूप में पूरे वर्ष तक किया जाता है, अतः इनका भंडारण अति आवष्यक होता है। खुदाई के उपरांत प्याज की गुणवत्ता में वृद्धि नही की जा सकती है। केवल उचित सस्योत्तर प्रबंधन तकनीकी को अपनाकर उसको सुरक्षित रखा जा सकता है।

खुदाई के पष्चात होने वाली हानियों को उचित खुदाई पूर्व प्रक्रियाओं और खुदाई उपरांन्त प्रक्रियाओं के द्वारा काफी सीमा तक कम किया जा सकता है।


प्याज के भंडारण बीजोत्पादन के लिए भी आवष्यक है। जिस पर की भावी फसल निर्भर होती है।

भंडारण- प्याज का भंडारण विषेष रूप से निर्मित किए गये भंडारगृह में किया जाता है जिसमें चारों ओर हवा के आवागमन की उचित और पर्याप्त व्यवस्था होती है। भंडारण करने से पूर्व भंडारगृह का निर्जतुकरण करना आवष्यक होता है जिससे कि रोग और कीटो से सुरक्षा की जा सके।

प्याज का भंडारण विभिन्न प्रकार के भंडारगृहों में किया जाता है। भारत के विभिन्न भागों में उपलब्ध प्याज भंडारगृह लगभग एक समान ही होते है। अंतर केवल फर्ष और छत का होता है जो कि स्थानीय स्त्रोतों और परिस्थितियों पर आधारित होता है।

## अच्छे भंडारगृह की मुख्य विषेषतायें/सावधानियां

1. भण्डारगृह को ऊंची उठी हुई जगह पर बनाये जिससे भंडारगृह का परिसर शुष्क रहे।
2. भंडारगृह के बीच की ऊंचाई और छत के अधिक ढलान से हवा का आवागमन र्प्याप्त होता है, जिससे भंडारण मे वातावरण शुष्क रहता है।
3. सूर्य के प्रकाष का पर्याप्त मात्रा मे मिलना, जिससे गांठो का रंग कम न होना और सड़न भी कम हो।
4. जहां ठंडी और नम हवा रहती है वहां एक कूपे की चौडाई 75-90 सेमी और शुष्क वातावरण के लिये 90-120 सेमी चौडाई रखते है।
5. छोटे छोटे कूपो मे प्याज का भंडारण लंबी कतारो मे भंडारण करने की अपेक्षा अच्छा रहता है।
6. एक वर्ग मीटर मे लगभग 750 किग्रा. प्याज भंडारित करना चाहिये।
7. यदि स्थान पर्याप्त न हो तो द्विस्तरीय भंडारगृहो का निर्माण करना लाभदायक है।



## भंडारण हानि कम करने के लिये- क्या करें, क्या न करे?

1. भंडारण योग्य प्याज की प्रजाति का चयन करें।
2. खाद और उर्वरक संतुलित मात्रा मे प्रयोग करें, अधिक नाइट्रोजन न दें।
3. सिंचन व्यवस्था उचित करे, सूक्ष्म सिंचन प्रणाली को प्राथमिकता दे, खुदाई के 10-15 दिन सिंचाई बंद कर दें।
4. संस्तुति किये गये कीटनाषको का प्रयोग खडी फसल खुदाई से पूर्व ही करें।
5. फसल की खुदाई पूर्ण परिपक्वता पर करें।
6. सुखाना और पकाना प्रक्रियाएं उचित रूप से करें।
7. गर्दन को गांठ के ऊपर 2.5 सेमी छोडकर काटे।
8. उपलब्धता होने पर गामा किरणों द्वारा उपचार करें।
9. छटाई और श्रेणीकरण सावधानीपूर्वक करे।
10. पुलिंदा बनाने, चढाने उतारने और यातायात मे चोट से बचाये।
11. गाठो को उचाई से कठोर धरातल पर न फेके/गिराये।
12. भंडारित प्याज को सूर्य के सीधे प्रकाष तथा बरसात से सुरक्षा दें।
13. वर्षाऋतु मे भंडारित प्याज मे नम वायु न जाने दे, जुट के बोरो का पर्दा लगाकर शुष्क वायु को भंडारगृह मे प्रवेष दे।
14. भंडारगृह का समय-समय पर निरिक्षण करते रहे, यदि कोई हानि दिखाई दे, अविलम्ब छटाई की व्यवस्था करे।
15. प्याज की बोरियो को मानव ऊंचाई तक न उठाये अन्यथा गिर जाने पर प्याज को चोट द्वारा हानि हो सकती है।

इस प्रकार से प्याज फसलों मे उचित सस्योत्तर तकनीक द्वारा भंडारण करके भरपूर लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

# जैविक खेती : आज की जरूरत



**छत्तीसगढ़ की मृदाओं के गिरते हुए उर्वरता स्तर एवं रसायनिक खादों की बढ़ती हुई कीमतों को ध्यान में रखते हुए अब आवश्यक हो गया है कि प्रकृति प्रदत्त लाभदायी सूक्ष्मजीवों को जो जैविक उर्वरकों अर्थात कल्चर या बायोफर्टिलाइजर्स के नाम से जाने जाते है उपयोग करने की किसानों को सलाह दी जाए। साथ ही साथ किसानों को खेतों में इन सूक्ष्मजीवों की क्रियाशीलता एवं जमीन की चिरस्थाई उपजाउपन को बनायें रखने के लिये गोबर खाद/कम्पोस्ट आदि सेन्द्रिय पदार्थ एवं हरी खादों के उपयोग के लिए हर स्तर पर प्रोत्साहन दिया जाये। अतः विश्व का ध्यान प्राकृतिक सन्तुलन को बनाये रखने के लिए, जैविक खेती पद्धति को अपनाना अत्यंत आवश्यक है।**

## जैविक खेती का मूल मंत्र

खेती में रसायनों के प्रभाव को रोकनाः हरित क्रांति के बाद खेती में विभिन्न रसायनों का भरपूर प्रयोग, रसायनिक युक्त कम्पोस्ट, सीवेज के पानी व अवशिष्ट पदार्थो में भारी तत्व कीटनाशी, कृषि रसायनों आदि का उपयोग ज्यादा से ज्यादा होने लगा। इससे उपज में स्थिरता या बहुत कम बढोतरी, कीट-व्याधि का बढता प्रकोप, फसलों के उत्पाद में कीटनाशक के अवशेष, मृदा का स्वास्थ्य का खराब (असंतुलन की स्थिति) होना जैसी समस्या सामने आने लगी। इन समस्याओं को रोकना ही जैविक खेती का मूल-मंत्र है।

जैविक खेती यानि आत्मनिर्भर खेतीः जैविक खेती की परिकल्पना में मुख्यतः उन बातों का समावेश है, जिसमें खेती के सभी आदान जैसे- खाद, पानी, कीटनाशक आदि खेत में ही होता है, जिसे हम वद.थ्ंतउ पदचनजे प्रबंधन भी कहते है। बाहरी आदानों पर कम से कम खर्च किया जाता है और खेती के सभी साधनों को एवं चक्र के रूप में उपयोग किया जाता है। किसान खेती के लिए बाहरी साधनों की अपेक्षा अपने साधनों पर अधिक निर्भर होता है।

## जैव उर्वरक

जैविक खेती में साधारणतः सभी पोषक तत्वों का प्रबंधन प्रक्षेत्र की फसल, जानवरों के मल-मूत्र, घास-फूस से किया जाता है, लेकिन जैव उर्वरक को बाजार से खरीदने की जरूरत होती है। कुछ जैव-उर्वरक जैसे- नील हरित काई प्रक्षेत्र में बनाई जा सकती हैं। कुछ जैव-उर्वरकों के बारे में जानकारी नीचे दी गई हैः-

(अ) राइजोबियम कल्चरः राइजोबियम कल्चर का उपयोग मुख्यतः दलहनी

फसलों में किया जाता है। राइजोबियम कल्चर फसलों के अनुसार अलग-अलग होता है। बाजार में खरीदते समय राइजोबियम कल्चर के पैकेट पर फसल का नाम, बनाने व एक्सपायरी तारीख जरूर पढ लें। साधारणतः एक किलोग्राम बीज के लिये 5 ग्राम कल्चर की जरूरत पड़ती हैं।

## (ब) पी.सी.बी. (स्फूर घोलक जीवाणु) कल्चर

मृदाओं में रसायनिक उर्वरकों की मात्रा की दी गई प्रायः 5 से 25 प्रतिशत भाग ही पौधे उपयोग कर पाते हैं। स्फूर उर्वरकों की शेष मात्रा मृदा में अधुलनशील अवस्था में बदलकर पौधों के लिये अनुपयोगी हो जाती है। ऐसी अवस्था में असहजीवी स्फूर घोलक जीवाणु जो पी.एस.बी. (फास्फेट सोल्यूनिलाइजिंग बैक्टेरिया) जैविक उर्वरक के नाम से बाजार में उपलब्ध हैं। यह जीवाणु अघुलनशील स्फूर को घोलकर पौधे को उपलब्ध कराने की क्षमता रखता है। शोध परिणामों से यह देखा गया है कि स्फूर के विभिन्न स्तरों की मृदाओं में पी.एस.बी. के प्रयोग से 3 से 10 प्रतिशत तक फसल की उपज में वृद्धि प्राप्त की जा सकती है।



## (स) एजोस्पाइरिलम

धान, कोदो, कुटकी एवं छोटे बीज वाली फसलों के लिये उपयुक्त है। यह असहजीवी जीवाणु मृदा में स्वतंत्र रूप से निवास करते है हुए वायुमंण्डलीय नत्रजन को इकठ्ठा कर पौधे को देता है। यह कल्चर उन फसलों के लिये विशेष रूप से उपयुक्त है जिन्हे जल भराव वाली या अधिक नमी युक्त भूमि में उगाया जाता है। धान रोपाई पहले एजोस्पाइरिलम और पी.एस.बी. के घोल से रोपा धान की जड़ को निवेशित करना मृदा निवेशन की अपेक्षा बहुत अधिक लाभप्रद है।

## अलग-अलग जैव उर्वरकों का उपयोग और उनके द्वारा उपलब्ध पोषक तत्वों की मात्रा निम्नानुसार है

जैव उर्वरक तथा उनके द्वारा उपलब्ध पोषक तत्वों की मात्रा

| जैव उर्वरक | फसल | पोषक तत्व (कि.ग्रा./हेक्टेयर) |
|---|---|---|
| राइजोबियम | दलहनी फसलें | 30-180 नत्रजन |
| एजेटोबैक्टर | अदलहनी फसलें | 20-35 नत्रजन |
| एजोस्परिलियम | अदलहनी फसलें | 30-35 नत्रजन |
| एसेटोबैक्टर | गन्ना | 70-150 नत्रजन |
| नील हरित काई | धान | 25-30 नत्रजन |
| पी.एस.बी. कल्चर | सभी फसलें | 20-30 नत्रजन |
| वैम ;टाडद्ध | सभी फसलें | 30-50 नत्रजन |

## (द) नील हरित काई

नील हरित काई एक जैविक उर्वरक है। इस काई के तंतुओं में पाई जाने वाली विशेष आकृति कोशाएं वायुमण्ड़लीय नत्रजन को अपचयित करके लगभग 20-25 किलोग्राम नत्रजन प्रति हेक्टेयर के हिसाब से धान की फसल के लिये प्रकृति द्वारा दिया गया महत्वपूर्ण उपहार हैं। यह काई कल्चर लगभग 50 किलोग्राम यूरिया खाद की बचत करता है। धान की रोपाई अथवा ब्यासी और चलाई के 5-6 दिन बाद 5-8 से.मी. खंडे एवं स्थिर पानी में 10 किग्रा. प्रति हेक्टेयर के हिसाब से नील हरित काई कल्चर का छिड़काव करें। खेत का पानी बहकर बाहर न जाये इसका प्रबंधन कल्चर छिड़काव के पहले कर लें। स्फूर तथा सूर्य के प्रकाश की पर्याप्त उपलब्धता नील हरित काई की वृद्धि में बहुत अधिक सहायक होती है।



## संक्षिप्त समाचार

### एल्कोहल, तंबाकू, मोटापा, फास्टफूड व स्मोकिंग से बढ़ रही लिवर व पेट कैंसर की समस्या

**भोपाल, एजेंसी।** दुनियाभर में कैंसर की बीमारी तेजी से अपना पैर पसार रही है। कैंसर कई प्रकार के होते हैं और उन्हीं में से एक है पेट का कैंसर। दरअसल, पेट का कैंसर काफी गंभीर और जानलेवा होता है। लेकिन, शुरुआत में इसकी पहचान कर ली जाए तो इसका इलाज किया जा सकता है। किसी भी बीमारी को शुरुआत में ही पहचानने के लिए जरूरी है कि आप इसके लक्षणों और संकेतों के बारे में जानें ताकि, किसी भी लक्षण को नदरअंदाज न किया जाए और इस बीमारी से बचा जा सके। वहीं लिवर कैंसर की शुरुआत लिवर की कोशिकाओं से होती है। किसी भी अन्य बीमारी की तरह जितनी जल्दी आप इसे पहचान लेंगे कि आपको लिवर कैंसर का खतरा उतना ही कम होगा। हालांकि लिवर में कैंसर के लक्षण भी दूसरे या तीसरे चरण में ही नजर आते हैं। यह बात राजधानी में गैस्टोकेयर फाउंडेशन द्वारा इंडियन सोसाइटी ऑफ गैस्टोएंटरोलॉजी के सहयोग से आयोजित सम्मेलन में निकलकार सामने आई। इस बारे में फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ संजय कुमार ने बताया कि देश में कैंसर 8 फीसदी की दर से बढ रहा है। जिसमें सरकार की मदद के साथ लोगों में जागरूकता भी जरूरी है। उन्होंने बताया कि एल्कोहल के अत्यधिक सेवन, तंबाकू, मोटापा की समस्या, फास्टफूड खाने की आदत व स्मोकिंग आदि से देश में लिवर व पेट कैंसर की समस्या बढ़ रही है। इस पर लगाम लगाने के लिए जागरूकता बहुत जरूरी है।

### पिता ने गोली मारकर की बेटी की हत्या, पुलिस ने जलती चिता से निकवाई लाश

**एटा, एजेंसी।** यूपी के एटा में शनिवार की शाम एक पिता ने अपनी ही बेटी की गोली मारकर हत्या कर दी। इसमें लड़की के भाई ने भी पिता का साथ दिया। गोली लगने के बाद परिवारीजन रक्त रंजित लड़की को अस्पताल ले गए थे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवारीजन, पुलिस को सूचना दिए बगैर ही शव का अंतिम संस्कार कर रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने जलती चिता से शव निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने पिता और भाई के खिलाफ केस दर्ज जांच शुरू कर दी है। चिता से पुलिस को लड़के शव में सिर्फ धड़ और सिर का हिस्सा ही मिल पाया। मामला एटा के थाना नयागांव क्षेत्र के गाही गांव का है। आरोपी महेन्द्र की 20 वर्षीय बेटी सपना शनिवार की शाम अपने घर पर ही थी। आरोप है कि पिता और भाई ने उसके पेट में गोली मार दी। इसके बाद खून से लथपथ सपना को लेकर परिवारीजन स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंच गए।

### जोधपुर के चामू पुलिस थाना एसएचओ बंधक बनाया, पुलिसकर्मियों से मारपीट

**जोधपुर , एजेंसी।** राजस्थान के जोधपुर के चामू पुलिस थाना टीम पर हमला हुआ है। एसएचओ ओमप्रकाश और पुलिसकर्मियों को बंधक बना लिया। दो पक्षों में जमीनी विवाद को लेकर गोदेलाई गांव गई थी पुलिस। एसएचओ और पुलिसकर्मियों को घर के सदस्यों ने बंधक बना लिया। बाद में छुड़वाने गए हैड कांस्टेबल के साथ भी मारपीट की। इस मारपीट में हैड कांस्टेबल का हाथ भी टूट गया है। इसके बाद आसपास के थानों और पुलिस लाइन से आए जाब्ते ने पुलिसकर्मियों को छुड़वाया। मौके पर फायरिंग होने की भी सूचना है। फिलहाल चामू पुलिस थाना छावनी बना हुआ है। मौके पर भारी पुलिस जाब्ता तैनात है।

### अपने लोग ही मेरे मुंह पर कालिख पोतने में लगे हैं: शेखावत

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान से आने वाले केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का दर्द छलक उठा है। पोकरण के क्षेत्र के अजासर गांव में शेखावत ने कहा कि कांग्रेस के उम्मीदवार तो मेरे पर इस तरह के आरोप लगा रहे हैं की गजेंद्र सिंह पानी का मंत्री होते हुए भी पानी नहीं ला पाया। मुझे दुख इस बात का होता है कि हमारे लोग भी खड़े होकर उनके साथ मिलकर उनकी भाषा बोल रहे हैं। मेरे मुंह पर कालिख पोत रहे हैं। शेखावत ने लोगों के सामने अपनी व्यथा व्यक्त करते हुए कहा कि मैं क्या करता अशोक गहलोत सरकार मेरे पीछे पड़ी थी। मुझे लटकाना चाहती थी।

# मुकदमे में देरी कर रहे सिसोदिया, अजीबो-गरीब याचिका डाल रहे आरोपी; कोर्ट में ईडी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
ईडी ने आरोप लगाया है कि दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया एवं अन्य आरोपी अब खत्म हो चुकी दिल्ली शराब घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले की सुनवाई में देरी कर रहे हैं। ईडी ने सिसोदिया की जमानत याचिका का विरोध करते हुए दावा किया कि वह शराब घोटाले का मसौदा तैयार करने के लिए जिम्मेदार थे। उनको और पार्टी के अन्य सदस्यों को 100 करोड़ रुपये की अग्रिम रिश्वत मिली थी। राउज ऐवन्यू अदालत ने मामले में शनिवार को पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 18 अप्रैल तक बढ़ा दी।

इस दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने खुलासा किया कि सिसोदिया सहित कई आरोपी मुकदमे में देरी करने के लिए जानबूझकर अजीबो गरीब याचिकाएं दायर



कर रहे हैं। ईडी के विशेष वकील जोहेब हुसैन ने दलील दी कि पिछले कुछ हफ्तों में इस मामले के 31 आरोपियों द्वारा कुल 95 याचिकाएं दायर की हैं। ऐसे में केस में यदि किसी भी प्रकार की देरी होती है, तो यह आरोपी के कहने पर होगी ना कि अभियोजन के कारण। ईडी ने कहा कि सुनवाई में देरी के लिए सिसोदिया समेत अन्य आरोपियों की ओर से कोशिशें की गई थीं। याचिकाओं में अजीब तर्क दिए जा रहे हैं। कोई दस्तावेज मांगता है, कोई फाइल देखना चाहता तो कोई तारीख पर ही नहीं पहुंचता है। इससे अदालत के साथ जांच एजेंसियों का समय भी बर्बाद हो रहा है। आलम यह है कि आरोपियों की ओर से तुच्छ आवेदन दाखिल किए जाने को लेकर पूर्ववर्ती न्यायाधीश की ओर से जुर्माना भी लगाया जा चुका है।

शनिवार को राऊज एवेन्यू अदालत में पेश किया गया। इस मामले में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी अदालत कक्ष में मौजूद थे। सिंह ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ने एवं जमानत पर सुनवाई स्थगित होने के बाद अदालत परिसर के बाहर मीडिया से वकील के माध्मय से बात की।

## ट्रैफिक सिग्नल पर निकाला वर्क प्रेशर, गुंडे बुलाकार सहकर्मी को पीटा

**बेंगलुरु , एजेंसी।** बेंगलुरु में आए दिन कुछ न कुछ ऐसा सुनने या देखने को मिल रहा है, जिससे आम जनता की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे है। पहले एक महिला की कार का पीछा कर रहे तीन लड़कों ने राज्य में सनसनी पैदा कर दी। वहीं, अब बीच ट्रेफिक सिग्नल में कुछ लोगों ने एक शख्स को रॉड से पीट-पीट कर घायल कर दिया। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। हालांकि, पुलिस ने पूर्वी बेंगलुरु से पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सभी पर हत्या की कोशिश का आरोप लगाया गया है। इस पूरे घटनाक्रम को इंस्टाग्राम यूजर हरिकृष्णन पी ने अपनी कार के डैशबोर्ड कैमरे में कैद किया है। उन्होंने क्लिप शेयर करते हुए लिखा, आज, बेंगलुरु के कल्याण नगर के पास अपनी ड्राइविंग के दौरान, मैंने एक भयावह घटना देखी जिसने मुझे अंदर तक हिलाकर रख दिया। मुख्य सड़क पर, मैंने देखा कि एक व्यक्ति पर स्टील की रॉड से बेरहमी से हमला किया। मामले से जुड़े एक जांच अधिकारी ने एक मीडिया चैनल को बताया कि हमने पीड़िता का पता लगाया, शिकायत ली और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## 8वीं के छात्र से ऐसी हैवानियत की कांप जाए रूह, आंतें तक फट गई

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
न्यू अशोक नगर स्थित स्कूल में मंगलवार को 14 वर्षीय लड़के की पिटाई के बाद उसके साथ हैवानियत का मामला सामने आया है। आरोपी व पीड़ित छात्र आठवीं कक्षा के छात्र हैं। आरोपी ने पीड़ित की पिटाई के बाद उसके निजी अंग (गुदा मार्ग) में डंडा डाल दिया और किसी को कुछ भी न बताने की धमकी दी। उस समय पीड़ित ने किसी को कुछ नहीं बताया लेकिन तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे नोएडा के एक निजी अस्पताल ले गए जहां पीड़ित की आंतों के फटने की बात सामने आई। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। अस्पताल में छात्र की हालत नाजुक बनी हुई है।

पुलिस ने पीड़ित के परिजनों की शिकायत पर मामले में कुकर्म, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कर आरोपी सहपाठी को पकड़ लिया है। आरोपी छात्र को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया है। छात्र के परिजनों का कहना है कि वारदात में कई लड़के शामिल हैं लेकिन पुलिस ने केवल एक ही आरोपी को पकड़ा है। स्कूल प्रशासन की ओर से भी कोई मदद नहीं मिल रही है। घटना वाले दिन की सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराने में स्कूल आनाकानी कर रहा है। पीड़ित छात्र अपने परिवार के साथ मयूर विहार फेज-3 में रहता है। परिवार में मां के अलावा दो बड़ी बहनें हैं। चार साल पहले पिता की बीमारी के बाद मौत हो गई थी। घर में बड़ी बहन की कमाई से घर का खर्चा चलता है। पीड़ित छात्र न्यू अशोक नगर के एक नामी पब्लिक स्कूल में आठवीं कक्षा का छात्र है। इसी स्कूल में पीड़ित की बड़ी बहन 10वीं कक्षा में पढ़ती है। पुलिस को दिए बयान में पीड़ित ने बताया कि 13 मार्च को पीड़ित का हिन्दी की परीक्षा थी। लंच ब्रेक में पीड़ित छात्र अपनी क्लास का डेस्क बजाने को लेकर मॉनिटर से विवाद हुआ था। इस दौरान मॉनिटर ने अपने दोस्त को बुलाकर पीड़ित की पिटाई कर दी। बात क्लास टीचर तक पहुंची तो उन्होंने समझौता करवा दिया गया। लेकिन बाद में आरोपी 18 मार्च को आखिरी परीक्षा के दिन पीड़ित छात्र को किसी बहाने से स्कूल के पीछे सीनियर विंग की ओर ले गया। आरोप है कि वहां मॉनिटर के दोस्त व तीन-चार अन्य लड़कों ने पहले पीड़ित को डंडे से पीटा। बाद में उसकी पैंट उतारकर जबरन उसके निजी अंग में डंडा डालकर घुमा दिया। आरोपी छात्रों ने ये सारी बात किसी से बताने पर पीड़ित को जान से मारने और उसी स्कूल में 10वीं में पढ़ने वाली पीड़ित की बहन के साथ भी ऐसा ही करने की धमकी दी। उस समय उसने किसी को कुछ नहीं बताया। इस बीच 20 मार्च को उसके पेट में तेज दर्द हुआ तो पीड़ित के परिजन उसे स्थानीय चिकित्सक को दिखा लाए लेकिन आराम नहीं हुआ और तबियत बिगड़ती गई। 28 मार्च को परिजन उसे नोएडा के मानस अस्पताल ले गए। वहां उसकी तबीयत और बिगड़ गई।

## सीएम पिनराई विजयन ने कांग्रेस के मेनिफेस्टो पर उठाया सवाल, बोले- पार्टी अपने घोषणापत्र में सीएए पर क्यों साधी चुप्पी

**अलपुझा , एजेंसी।**
केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कहा कि माकपा ने अपने घोषणापत्र में नागरिकता (संशोधन) अधिनियम को निरस्त करने का वादा किया है, लेकिन कांग्रेस अपने घोषणापत्र में इस मुद्दे पर चुप्पी साध गई है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जब केंद्र ने अनुच्छेद 370 को निरस्त किया तो कांग्रेस विरोध करने में विफल रही।

उन्होंने आरोप लगाया कि वोटों की खातिर कांग्रेस अपने मूल्यों से समझौता कर लेती है। अलपुझा में एक संवाददाता सम्मेलन में पिनराई ने कहा कि जम्मू एवं कश्मीर को विशेष दर्जा



देने वाले अनुच्छेद 370 को भाजपा सरकार ने एक दिन में ही निरस्त कर दिया। कांग्रेस संसद के भीतर और बाहर विरोध करने में विफल रही।

माकपा नेता ने कहा कि उनकी पार्टी के घोषणापत्र में गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) और मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) जैसे कठोर कानूनों को निरस्त करने का वादा किया गया है। कांग्रेस के घोषणापत्र में यह प्रतिबद्धता नहीं है। पिनराई ने कहा कि वामपंथी पार्टियां राज्य में भाजपा की सांप्रदायिक राजनीति को जड़ जमाने की अनुमति नहीं देंगी। लोकसभा चुनाव में भाजपा को राज्य की 20 में से एक भी सीट मिलना तो दूर वह कहीं भी दूसरे स्थान पर नहीं आ सकेगी।

## मंडी से कंगना के खिलाफ विक्रमादित्य को उतारेगी कांग्रेस! प्रतिभा सिंह के इनकार के बाद अटकलें तेज

**मंडी , एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट इन दिनों काफी चर्चा में है। भाजपा ने बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत को मंडी से लोकसभा चुनाव का टिकट दिया है। बीते दिनों कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के इनकार के बाद अब कांग्रेस उनके बेटे विक्रमादित्य सिंह को यहां से चुनाव लड़ाने की तैयारी में है।

हिमाचल प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की समन्वय समिति की शनिवार को दिल्ली में महत्वपूर्ण बैठक हुई। मुख्यमंत्री सुक्खू और कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह समेत समिति के सदस्य इसमें मौजूद रहे। बाद में इन नेताओं की कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ हुई बैठक में विक्रमादित्य सिंह का नाम उभर कर सामने आया है। अहम बात यह है कि कांग्रेस आलाकमान ने विक्रमादित्य सिंह को भी दिल्ली तलब किया है और मंडी लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाने को लेकर उनसे चर्चा हुई है। माना जा रहा है कि अगले हफ्ते नवरात्रि के दौरान कांग्रेस हिमाचल में अपने उम्मीदवारों की घोषणा करेगी

पार्टी सूत्रों के मुताबिक हाईकमान की नजर में कंगना रनौत के मुकाबले विक्रमादित्य सिंह मंडी संसदीय क्षेत्र में सबसे मजबूत उम्मीदवार हैं। मिली जानकारी अनुसार, कांग्रेस की ओर से करवाए गए एक सर्वे में भी विक्रमादित्य सिंह सशक्त उम्मीदवार पाए गए हैं। 35 साल के विक्रमादित्य सिंह को उतारकर कांग्रेस की नजर युवा वोटरों पर भी है। दरअसल, कंगना रनौत 37 साल की हैं और सेलिब्रिटी होने के चलते वह युवाओं में काफी लोकप्रिय हैं। विक्रमादित्य सिंह पहले ही कह चुके हैं कि अगर उन्हें मंडी लोकसभा सीट से उतरने को हाईकमान कहेगा, तो वह चुनाव लड़ेंगे। दूसरी तरफ उनकी मां व मौजूदा सांसद प्रतिभा सिंह लोकसभा चुनाव लड़ने से इनकार कर चुकी हैं।

# भाजपा ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को बताया झूठ का पुलिंदा, कहा- जनता को कैसे न्याय देगी जब...

**नागपुर , एजेंसी।**
उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा ने शनिवार को कांग्रेस के घोषणापत्र पर निशाना साधते हुए पूछा कि जब कांग्रेस अपने ही सदस्यों के साथ न्याय नहीं कर सकती, तो वह जनता को न्याय कैसे देगी। डा. दिनेश शर्मा ने कांग्रेस के न्याय पत्र को झूठ का पुलिंदा करार दिया। भाजपा के महाराष्ट्र चुनाव प्रभारी दिनेश शर्मा ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि विदर्भ में मोदी लहर है।

भाजपा के नेतृत्व में सत्तारूढ़ महायुति को इस क्षेत्र की सभी सीटों पर जीत मिलेगी। शर्मा ने कांग्रेस को आंबेडकर विरोधी पार्टी कहा। महायुति में भाजपा के साथ ही एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और एनसीपी का अजीत पवार गुट शामिल है। राज्य की 48 लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल से



20 मई के बीच पांच चरणों में मतदान होगा। मतगणना चार जून को होगी।

### तेलंगाना में कांग्रेस सरकार ने नहीं निभाया वादा

केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने शनिवार को कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार ने वादे के मुताबिक अपनी छह चुनावी गारंटियों को लागू नहीं किया है। तेलंगाना प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किशन रेड्डी राज्य मुख्यालय में आयोजित भाजपा स्थापना दिवस कार्यक्रम में कहा, कांग्रेस ने विधानसभा चुनावों के दौरान तेलंगाना के लोगों से वादे किए थे कि छह गारंटियों को 100 दिनों में लागू किया जाएगा, लेकिन इन गारंटियों को लागू नहीं किया गया है। रेड्डी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी का ध्यान वादों के कार्यान्वयन पर नहीं, बल्कि अन्य दलों से कांग्रेस में दलबदल कराने पर है। उन्होंने कहा कि फिर एक बार मोदी सरकार अब भाजपा का नारा नहीं है, बल्कि पूरे देश में हर घर का नारा है।

## सोशल मीडिया पर फर्जी विज्ञापन से लोगों को फांसने वाला युवक गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली पुलिस ने एक युवक को सोशल मीडिया पर फर्जी विज्ञापन देकर लोगों ठगने के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपी खुद को थोक व्यापारी बताते हुए मशीन टूल्स और स्पेयर पार्ट्स सस्ते में उपलब्ध कराने का लालच देकर लोगों को फांसता था। दिल्ली का एक युवक उसके जाल में फंस गया और अपने 5.7 लाख रुपए गंवा बैठा। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को शुक्रवार को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के मुताबिक आरोपी का नाम रोशन कुमार (25 साल) है और वो बिहार का रहने वाला है। पुलिस के मुताबिक उसने 20 से ज्यादा लोगों के साथ लाखों रुपए की ठगी की है। जिसके बाद उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

इस बारे में जानकारी देते हुए डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (नॉर्थ-ईस्ट) जॉय टिर्की ने कहा, आरोपी खुद को थोक व्यापारी के रूप में पेश करता था, और बेहद कम दाम में मशीन टूल्स और स्पेयर पार्ट्स बेचने के लिए सोशल मीडिया पर विज्ञापन देता था। वह पीड़ितों को रायपुर की जानी-मानी फर्मों के नकली बिल भी उपलब्ध करवाता था। आरोपी के बारे में पुलिस को पहली बार तब भनक लगी जब दिल्ली में रहने वाले अमजद अली नाम के शख्स ने पिछले साल अगस्त में आरोपी कुमार के खिलाफ एक शिकायत दर्ज करवाई। अमजद ने मशीन के पार्ट्स बेचने के बहाने से अपने साथ हुई 5.7 लाख रुपए की ठगी की शिकायत पुलिस से की।

# अमानतुल्ला खान को तलब किया जाए या नहीं, ईडी की याचिका पर अदालत ने सुरक्षित रखा फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने वक्फ बोर्ड की नियुक्तियों में कथित अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आम आदमी पार्टी (आप) विधायक अमानतुल्ला खान के खिलाफ ईडी की एक याचिका पर अदालत ने शनिवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा की अदालत 9 अप्रैल को फैसला सुनाएगी कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर जवाब के लिए खान को तलब किया जाए या नहीं। ईडी ने आरोप लगाया है कि अमानतुल्ला खान ने अग्रिम जमानत याचिका दायर करके और जांच से भागकर



अपनी भूमिका संदिग्ध कर ली है। ईडी की तरफ से पेश विशेष लोक अभियोजक साइमन बेंजामिन ने यह भी दलील दी कि एजेंसी खान के खिलाफ जांच पूरी नहीं कर पा रही क्योंकि वह पेश नहीं हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अन्य सभी व्यक्ति खान के कथित सहयोगी हैं। उनकी भूमिका अन्य आरोपी व्यक्तियों की तुलना में बहुत बड़ी है, जिन्हें पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपपत्र दाखिल किया जा चुका है।

ओखला से आम आदमी पार्टी के विधायक खान को ईडी द्वारा हाल में दाखिल आरोपपत्र में आरोपी के रूप में नामजद नहीं किया गया था। एजेंसी ने अपनी अभियोजन शिकायत में खान के तीन संदिग्ध सहयोगियों-जीशान हैदर, दाउद नासिर और जावेद इमाम सिद्दीकी का भी नाम शामिल किया है। एजेंसी ने पिछले साल अक्टूबर में खान और कुछ अन्य लोगों से जुड़े परिसरों पर छापे मारने के बाद दावा किया था कि आप विधायक ने दिल्ली वक्फ बोर्ड में कर्मचारियों की अवैध भर्ती के माध्यम से अपराध की बड़ी रकम नकद में अर्जित की थी। उसे अपने सहयोगियों के नाम पर अचल संपत्ति खरीदने में निवेश किया था। ईडी ने कहा है कि कर्मचारियों की कथित अवैध भर्ती और वक्फ की संपत्तियों को पट्टे पर देकर आरोपियों द्वारा अनुचित लाभ अर्जित करने का मामला 2018 से 2022 के बीच का है, जब खान वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष थे। धन शोधन का मामला सीबीआई द्वारा दर्ज की गई एक प्राथमिकी और दिल्ली पुलिस की तीन शिकायतों पर आधारित है।

## हिंदू विवाह के लिए कानूनन कन्यादान की रस्म जरूरी नहीं: इलाहाबाद हाईकोर्ट

**इलाहाबाद, एजेंसी।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक फैसले में कहा कि हिंदू विवाह अधिनियम के अनुसार, हिंदू विवाह को संपन्न करने के लिए कन्यादान की रस्म आवश्यक नहीं है। न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की पीठ ने कहा कि हिंदू विवाह के आवश्यक समारोह के रूप में केवल सप्तपदी प्रदान करती है। अदालत ने कहा कि गवाहों को वापस बुलाने का कोई आधार नहीं है। इस टिप्पणी के साथ कोर्ट ने गवाहों को फिर तलब करने की पुनरीक्षण याचिका खारिज कर दी। आशुतोष यादव नामक एक व्यक्ति की पुनरीक्षण याचिका डाली थी। इस याचिका में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश लखनऊ के एक आदेश को चुनौती दी गई थी। दो गवाहों को बुलाने के लिए दायर पुनरीक्षण याचिका को खारिज कर दिया गया था। ट्रायल कोर्ट ने पुनरीक्षणकर्ता के तर्क को दर्ज किया कि अभियोजन पक्ष द्वारा दायर विवाह प्रमाण पत्र में उल्लेख किया गया है कि विवाह फरवरी 2015 में हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न हुआ था, जिसके अनुसार, कन्यादान एक आवश्यक अनुष्ठान है। आक्षेपित आदेश में, ट्रायल कोर्ट ने पुनरीक्षणकर्ता के तर्क को दर्ज किया था कि अभियोजन पक्ष द्वारा दायर विवाह प्रमाण पत्र में उल्लेख किया गया था कि विवाह हिंदू रीति-रिवाजों और रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न हुआ था, हालांकि, कन्यादान समारोह के तथ्य को सुनिश्चित करने की आवश्यकता है इसलिए दोबारा जांच की जरूरत पड़ी। उच्च न्यायालय ने कहा कि धारा 311, सीआरपीसी अदालत को मामले के न्यायसंगत निर्णय के लिए आवश्यक होने पर किसी भी गवाह को बुलाने का अधिकार देती है।

## आईपीएल : 2024 जॉस बटलर ने 100 वें आईपीएल मैच में बनाए 5 बड़े रिकॉर्ड

# आरसीबी के खिलाफ मारो तो शतक नहीं तो कोई रन नहीं



**जयपुर, एजेंसी।** 6 अप्रैल की शाम मैदान जयपुर का था और शोर दो टीमों की टक्कर में दो विरोधी खिलाड़ियों का. अब ऐसे में किसी एक के नाम का शोर तो ज्यादा होना ही था. और, जिसका हुआ उसकी टीम मैदान फतेह कर गई. .

आईपीएल 2024 में शतक के जिस खेल को विराट कोहली ने अपने बल्ले के जोर से शुरू किया था, उसे खत्म जॉस बटलर ने किया. उन्होंने मैच की आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर ना सिर्फ अपना शतक पूरा किया बल्कि जीत का चौका लगाते हुए राजस्थान रॉयल्स के अजेय अभियान को भी बरकरार रखा.

लेकिन जब खामोशी टूटी तो ना सिर्फ क्रिकेट फैंस को ये देखने को मिला कि वो क्या कर सकते हैं बल्कि आरसीबी के खिलाफ उनके खेलने का अंदाज भी समझ आया. जॉस बटलर का रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ खेलने का तरीका एकदम क्लियर है- मारो तो शतक नहीं तो कोई रन नहीं. कम से कम आरसीबी के खिलाफ खेली उनकी पिछली 4 आईपीएल पारियों में तो यही नजर आया है. जॉस बटलर ने आईपीएल 2022 से अब तक खेली 4 पारियों में 2 शतक लगाए हैं जबकि बाकी 2 में खाता भी नहीं खोल सके हैं.

उन्होंने आईपीएल 2022 में 60 गेंदों का सामना करते हुए आरसीबी के खिलाफ नाबाद 106 रन बनाए. वहीं आईपीएल 2023 में खेली दोनों पारियों में 2-2 गेंदें खेलकर खाता भी नहीं खोल सके. और, अब आईपीएल 2024 में सामना होते ही फिर से शतक जड़ दिया. उन्होंने 58 गेंदों पर नाबाद 100 रन बनाए.

### 100वें मैच में शतक लगाकर 5 बड़े रिकॉर्डों से जोड़ा नाता

जॉस बटलर का जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम पर आरसीबी के खिलाफ लगाया शतक खास है क्योंकि ये उनके 100वें आईपीएल मैच में आया है. ये शतक खास है क्योंकि इसके जरिए उनका नाम 5 रिकॉर्ड की लिस्ट में दर्ज हो गया है.

# विराट ने आईपीएल में रचा इतिहास

## सभी खिलाड़ियों को छोड़ा पीछे, हासिल किया नंबर-1 का ताज



**जयपुर, एजेंसी।** विराट कोहली ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शानदार शतक जड़ दिया। उन्होंने 113 रन बनाए। लेकिन उनके शतक के बाद भी आरसीबी को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा।

इस मैच में आरसीबी के गेंदबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। मैच में कोहली ने बल्ले के अलावा फील्डिंग में कमाल दिखाया। अच्छी फील्डिंग की बदौलत ही उन्होंने एक खास रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है।

### आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले फील्डर्स

- विराट कोहली- 110
- सुरेश रैना- 109
- कीरोन पोलार्ड- 103
- रोहित शर्मा- 99
- शिखर धवन- 98
- रवींद्र जडेजा- 98

### आरसीबी को मिली हार

आरसीबी के खिलाफ मैच में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

मैच में आरसीबी ने राजस्थान को जीतने के लिए 184 रनों का टारगेट दिया, जिसके जवाब में राजस्थान ने जोस बटलर के शतक की मदद से टारगेट चेज कर लिया। आरसीबी के लिए कोहली ने 113 रन बनाए। वहीं फाफ डु प्लेसिस ने 44 रन बनाए। लेकिन इन दोनों प्लेयर्स के अलावा कोई बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया।

दूसरी तरफ राजस्थान रॉयल्स के लिए कप्तान संजू सैमसन ने 69 रन और जोस बटलर ने 100 रन बनाए। बटलर ने छक्का जड़कर राजस्थान को जीत दिलाई है।

### पहले नंबर पर पहुंचे कोहली

विराट कोहली ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में यश दयाल की गेंद पर रियान पराग का अच्छा कैच पकड़ा। इसी के साथ वह आईपीएल के इतिहास में फील्डर के तौर पर सबसे ज्यादा कैच लेने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने सुरेश रैना को पीछे कर दिया है।

कोहली के आईपीएल में 110 कैच हो गए हैं। वहीं दूसरे नंबर पर रैना हैं। उनके नाम 109 कैच दर्ज हैं। आईपीएल में केवल तीन ही ऐसे प्लेयर्स हैं, जिन्होंने आईपीएल में 100 से ज्यादा कैच लिए हैं। इनमें विराट कोहली, सुरेश रैना और कीरोन पोलार्ड शामिल हैं।



## स्पॉट फिक्सिंग के पुख्ता सबूत होने के बावजूद बच गए श्रीसंत : दिल्ली के पूर्व पुलिस उपायुक्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के पूर्व पुलिस आयुक्त नीरज कुमार ने कहा है कि हितधारकों ने भारतीय खेलों में भ्रष्टाचार के खिलाफ कानून लाने में गंभीरता की स्पष्ट कमी दिखाई है और यही कारण है कि दागी पूर्व तेज गेंदबाज एस श्रीसंत जैसा व्यक्ति आईपीएल 2013 में उनके खिलाफ स्पॉट फिक्सिंग के पुख्ता सबूत होने के बावजूद बच गया।

37 वर्षों तक देश की सेवा करने वाले आईपीएस अधिकारी नीरज दिल्ली पुलिस के प्रभारी थे जब उनके मार्गदर्शन में स्पेशल सेल ने श्रीसंत और राजस्थान रॉयल्स के उनके साथी क्रिकेटरों अजीत चंदीला और अंकित चव्हाण को स्पॉट फिक्सिंग के आरोप में गिरफ्तार किया था। उच्चतम न्यायालय ने हालांकि 2019 में यह फैसला देने के बावजूद कि भारत के पूर्व खिलाड़ी के खिलाफ सबूत थे भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को उन पर आजीवन प्रतिबंध पर पुनर्विचार करने के लिए कहा।

अंततः सजा को घटाकर सात साल का निलंबन कर दिया गया जो सितंबर 2020 में समाप्त हो गया। नीरज ने कहा, 'ऐसा प्रतीत होता है कि मामला कहीं नहीं बढ़ा...दुर्भाग्य से, क्रिकेट में भ्रष्टाचार या सामान्य रूप से खेलों में भ्रष्टाचार से निपटने के लिए (भारत में) कोई कानून नहीं है। उन्होंने कहा, 'यहां तक कि जिंबाब्वे जैसे देश में भी विशिष्ट कानून है। ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड में यह कानून है...यूरोप में, कानून है क्योंकि भ्रष्टाचार सिर्फ क्रिकेट में नहीं बल्कि फुटबॉल, टेनिस, गोल्फ में भी है। नीरज 2000 में सीबीआई की जांच टीम के हिस्से के रूप में हैंसी क्रोन्ये मैच फिक्सिंग प्रकरण से भी जुड़े थे।

## मैक्सवेल की खराब फॉर्म जारी

# ऑस्ट्रेलिया के लिए हीरो, आरसीबी में ज़ीरो!



**नईदिल्ली, एजेंसी।** ग्लेन मैक्सवेल अब तक आईपीएल 2024 में पूरी तरह फ्लॉप दिखे हैं. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बैटिंग ऑलराउंडर टीम के लिए बल्ले से फिलहाल कोई कमाल नहीं कर सके हैं. राजस्थान के खिलाफ खेले गए पांचवें मैच में मैक्सवेल सिर्फ 01 रन बनाकर पवेलियन लौट गए थे.

अपनी पाचों में पारियों में मैक्सवेल ने एक बार भी 30 रनों का आंकड़ा पार नहीं किया है. लेकिन 2023 में खेले गए वनडे वर्ल्ड कप में मैक्सवेल ने बेहद ही शानदार प्रदर्शन किया था. ऑस्ट्रेलियाई बैटर ने भारत की सरज़मीं पर खेले गए वनडे वर्ल्ड कप 2023 में ताबड़तोड़ बैटिंग का मुज़ाहिरा पेश किया था. लेकिन उन्हीं भारतीय पिचों पर मैक्सवेल आईपीएल में लगातार फ्लॉप हो रहे हैं.

विश्व कप में अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबले में मैक्सेवल ने लक्ष्य का पीछा करते हुए दोहरा शतक जड़ ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाई थी और उस मैच में उन्हें पैर में बहुत ज़ोर का क्रैम्प भी हुआ था, जिससे वह ठीक से दोनों पैरों पर खड़े भी नहीं हो पा रहे थे. लेकिन आईपीएल में बिल्कुल फिट होने के बावजूद भी मैक्सवेल कुछ नहीं कर पा रहे हैं. पांच पारियों में बैटिंग करते हुए मैक्सवेल चार बार सिंगल डिजिट के स्कोर पर पवेलियन लौटे हैं, जिसमें दो ज़ीरो भी शामिल हैं. उनका हाई स्कोर 28 रनों का रहा है. पांचों पारियों में मैक्सवेल ने क्रमशः 00, 03, 28, 00 और 01 रन बनाया. अपनी खराब फॉर्म के साथ ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी आरसीबी के लिए बोझ बनता हुआ दिख रहा है.

### गेंदबाज़ी में दिखा रहे सही लय

मैक्सवेल अक्सर पार्ट टाइमर के रूप में बॉलिंग करते हैं. लेकिन इस सीज़न वह आरसीबी के लिए मेन गेंदबाज़ से भी अच्छे दिख रहे हैं. जहां एक तरफ आरसीबी के शुरुआती तीन मैच खेल चुके अल्जारी जोसेफ ने एक भी विकेट नहीं चटकाया है, मैक्सवेल 5 मैचों में 4 बल्लेबाज़ों को अपना शिकार बना चुके हैं. अब देखना दिलचस्प होगा कि आने वाले मैचों में मैक्सवेल का प्रदर्शन कैसा रहता है.

## पूर्व पीसीबी प्रमुख जका अशरफ ने बाबर आजम को कप्तानी से हटाने का किया बचाव




**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष जका अशरफ ने भारत में एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद कप्तान के रूप में बाबर आजम को हटाने के फैसले का बचाव किया है। जका ने पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी के दावों का भी खंडन किया कि उन्होंने उन्हें मोहम्मद रिजवान को सफेद गेंद का कप्तान नियुक्त करने की सलाह दी थी, ना कि शाहीन शाह अफरीदी को जो उनके दामाद हैं। बाबर को हाल ही में सफेद गेंद के प्रारूप का फिर से कप्तान नियुक्त किया गया। उन्होंने शाहीन की जगह ली जिन्हें सिर्फ एक श्रृंखला के बाद हटा दिया गया।

जका ने लाहौर में मीडिया से कहा, 'मुझे जो याद है उसके अनुसार शाहिद (अफरीदी) ने मुझे कभी भी सफेद गेंद के प्रारूप में रिजवान को कप्तान नियुक्त करने का कोई सुझाव नहीं दिया था। शाहिद ने टेलीविजन पर और साक्षात्कारों में कई बार दावा किया है कि वह कभी नहीं चाहते थे कि शाहीन कप्तानी करें और उन्होंने जका को रिजवान को सफेद गेंद का कप्तान बनाने का सुझाव दिया था।

जका ने कहा कि उन्होंने विश्व कप के बाद बाबर को कभी भी सभी प्रारूपों की कप्तानी छोड़ने के लिए नहीं कहा था। उन्होंने कहा, 'यह उनका अपना निर्णय था।

## संक्षिप्त समाचार




## आखिरी पांच ओवर में मुंबई ने एक विकेट गंवाकर 96 रन बनाए

### पांच विकेट गंवाकर 234 रन बनाए, शेफर्ड ने नॉर्त्जे के 20वें ओवर में 32 रन बनाए

**मुंबई।** दिल्ली के सामने 235 रन का लक्ष्य दिया है। एमआई की टीम ने 20 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 234 रन बनाए हैं। रोमारियो शेफर्ड ने 20वें ओवर में 32 रन बटोरे। उन्होंने एनरिक नॉर्त्जे के इस ओवर में चार छक्के और दो चौके लगाए। एक छक्के में तो गेंद स्टेडियम के छत पर जा गिरी। शेफर्ड 10 गेंद में 39 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं, टिम डेविड ने 21 गेंद में दो चौके और चार छक्के की मदद से 45 रन की पारी खेली। वहीं, शेफर्ड ने अपनी पारी में तीन चौके और चार छक्के लगाए। दोनों ने 13 गेंद में 53 रन की साझेदारी निभाई। आखिरी पांच ओवर में मुंबई ने एक विकेट गंवाकर 96 रन बनाए। यह वानखेड़े में मुंबई का हाईएस्ट टोटल भी है।

मुंबई इंडियंस को 18वें ओवर में 181 के स्कोर पर पांचवां झटका लगा। कप्तान हार्दिक पांड्या को एनरिक नॉर्त्जे ने फ्रेजर मैकगर्क के हाथों कैच कराया। वह 33 गेंद में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 39 रन बना सके।

## जायसवाल नहीं खेल पा रहे आईपीएल में यशस्वी पारी, अब तक रहे फुस्स... कहीं वर्ल्ड कप खेलने का सपना टूट ना जाए!



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 19वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को छह विकेट से हरा दिया. राजस्थान की मौजूदा सीजन में यह लगातार चौथी जीत रही और वह अंकतालिका में पहले पोजीशन पर आ चुकी है. दूसरी ओर आरसीबी की पांच मैचों में यह चौथी हार रही.

### यशस्वी की फॉर्म को क्या हुआ?

राजस्थान रॉयल्स की टीम आईपीएल 2024 में शानदार खेल दिखा रही है. मगर इसके बावजूद उसके लिए चिंता का सबब यशस्वी जायसवाल हैं, जिनकी फॉर्म कुछ बढ़िया नहीं दिख रही है. 22 साल के यशस्वी ने मौजूदा आईपीएल सीजन में कुल चार पारियों में 9.75 की औसत से महज 39 रन बनाए हैं. आरसीबी के खिलाफ मैच में तो यशस्वी अपना खाता भी नहीं खोल पाए. उन्हें तेज गेंदबाज रीस टॉप्ली ने पारी की दूसरी गेंद पर ही चलता कर दिया. आगामी टी20 वर्ल्ड कप को देखते हुए इस आईपीएल सीजन में भारतीय खिलाड़ियों का परफॉर्मेंस काफी मायने रखने वाला है.

आईपीएल में प्रदर्शन के आधार पर ही टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए भारतीय टीम का चयन होगा. टीम इंडिया के हेड कोच द्रविड़ पहले ही इस बात का संकेत दे चुके हैं. ऐसे में यशस्वी के पास भी आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करके टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने का मौका है. हालांकि यशस्वी जायसवाल ने जिस तरह का प्रदर्शन किया है, उससे वो खुद भी निराश होंगे. आने वाले मैचों में यशस्वी अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे, नहीं तो उनका टी20 वर्ल्ड कप खेलने का सपना टूट सकता है. टी20 वर्ल्ड कप 2 जून से लेकर 29 जून तक वेस्टइंडीज और यूएसए में खेला जाना है.

# फीफा और सदस्य संघों को मिलकर मैच फिक्सिंग से लड़ना चाहिए: जियानी इन्फेंटिनो

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने पहले फीफा इंटेग्रिटी समिट में कहा है कि मैच में हेरफेर का खतरा दूर नहीं हुआ है और इससे केवल तभी निपटा जा सकता है जब विश्व शासी निकाय और उसके सदस्य संघ (एमए) एकजुट होकर इससे लड़ेंगे।

दो दिवसीय कार्यक्रम, जो एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) और फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ सिंगापुर (एफएएस) के सहयोग से सिंगापुर में हो रहा है, का उद्देश्य 211 एमए और छह संघों के अखंडता अधिकारियों के लिए है। इसका मुख्य



फोकस उन्हें वैश्विक अखंडता रुझानों पर अद्यतन करना, सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना, नई फीफा इंटेग्रिटी हैंडबुक और शिक्षा रोडमैप प्रस्तुत करना और मैच हेरफेर के संबंध में फीफा और कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट (सीएएस) से प्रासंगिक निर्णयों का पता लगाना है। शिखर सम्मेलन के उद्घाटन के दौरान चलाए गए एक वीडियो संबोधन में, इन्फेंटिनो ने कहा कि, बहु-अरब डॉलर के उद्योग के रूप में, फुटबॉल हमेशा आपराधिक गतिविधि के लिए एक आकर्षक लक्ष्य रहेगा। उन्होंने कहा, हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि खेल का मैदान समतल बना रहे और खेल बाहरी प्रभावों से मुक्त रहे, क्योंकि अगर ऐसा नहीं हुआ, तो हमारे प्रिय खेल का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। हमें सतर्क रहना होगा। इन्फेंटिनो ने आगे कहा कि फीफा ने 2020 में ऑस्ट्रिया के वियना में ड्रग्स और अपराध पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे और इसे पिछले सितंबर में न्यूयॉर्क में नवीनीकृत किया गया था।

इस सहयोग से ग्लोबल इंटेग्रिटी प्रोग्राम शुरू हुआ, जिसका उद्देश्य एमए को मैच फिक्सिंग को रोकने और उससे निपटने के लिए ज्ञान और उपकरण प्रदान करना है।

इस प्रतिबद्धता के एक प्रमुख हिस्से में खिलाड़ियों, रेफरी और अखंडता अधिकारियों को शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करना शामिल है। इन्फेंटिनो ने जोर देकर कहा, फीफा सभी प्रकार के मैच में हेरफेर, भ्रष्टाचार और अन्य अनैतिक या अवैध गतिविधियों को रोकने और सजा देने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन हम यह केवल आपकी मदद से ही कर सकते हैं। फीफा के सदस्य संघ अपने क्षेत्रों में मैच में हेरफेर से निपटने के लिए जिम्मेदार हैं और कोई भी इस खतरे से अछूता नहीं है।

